वर्ष-31, अंक- 213, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
21 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## एक नजर

### रांची ने राज्य में हासिल किया द्वितीय स्थान

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए राज्य में आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला एक मात्र जिला बनने के बाद रांची ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष 8वीं बोर्ड की परीक्षा में लंबी छलांग लगाते हुए रांची जिला ने राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष राज्य के सभी जिलों के बीच रांची जिला का 21वां स्थान था। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मजूनाथ भजन्त्री ने बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने कहा कि बच्चे इसी तरह परिश्रम करते हुए आगे बढ़ें और देश का नाम रौशन करें।

इस वर्ष आठवीं बोर्ड में रांची जिला के 35,828 छात्रों ने भाग लिया, इनमें 97.71 प्रतिशत बच्चे प्रमोट हुए। प्रोन्नत होने वाले छात्रों की संख्या 34,442 है।97.76 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहने वाले कोडरमा जिला से रांची सिर्फ 0.05 प्रतिशत पीछे है। कोडरमा के 09 और रांची के 45 छात्रों का रिजल्ट इंकम्प्लीट है, जिस कारण आंकड़ों में बदलाव संभव है।

रांची में आठवीं प्री-बोर्ड के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना रहा।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, अवैध संबंधों का विरोध बना कारण!

### पति पर गोली मारने का आरोप, ससुराल पक्ष शव छोड़कर फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



मृतका की फाइल फोटो



आरोपी पति



**पाटन।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा गांव में सोमवार देर रात एक नवविवाहिता की गोली लगने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान सिमरन कुमारी उर्फ सुखू (पति विनीत सिंह) के रूप में की गई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सिमरन की हत्या उसके पति द्वारा की गई, क्योंकि उसने पति के अवैध संबंधों का विरोध किया था। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग सिमरन को इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए उसे एमएमसीएच रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ससुराल वाले शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मेदिनीनगर के कुंड मुहल्ला निवासी मृतका के पिता बृजेन्द्र सिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मीडिया को बताया कि 7 फरवरी 2025 को बड़ी धूमधाम से बेटी की शादी विनीत सिंह से की थी। शादी में उन्होंने जमीन बेचकर 30 से 40 लाख रुपये खर्च किए थे। बृजेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि शादी के ठीक अगले दिन ही दामाद ने अपनी गैर महिला से संबंध की जानकारी बेटी को दे दी थी। जब सिमरन ने इसका विरोध किया तो उसे विदा नहीं किया गया। बाद में काफी समझाने-बुझाने और रिश्ते को निभाने की कोशिश की गई, लेकिन दामाद ने गैर महिला से संबंध खत्म करने के बदले 10 लाख रुपये की मांग की। परिजनों का कहना है कि रुपये देने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन जमीन बेचने के लिए कुछ समय मांगा गया। इसी बीच, सोमवार को मृतका की मां, भाई और अन्य परिजनों ने ससुराल पहुंचकर दामाद को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसके आधे घंटे बाद ही सिमरन को गोली लगने की सूचना दी गई। परिजनों का दावा है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि पूर्व नियोजित हत्या है। फिलहाल शव को एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है और पाटन पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# हुसैनाबाद में दो बाइक में टक्कर, एक युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



● हेलमेट नहीं पहनने से गई जान, दूसरा बाइक सवार घायल अवस्था में फरार

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क स्थित चौहान मोड़ के समीप मंगलवार शाम लगभग 5 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहेरा हरिजनवां टोला निवासी रघुवर राम के 19 वर्षीय पुत्र गोल्डन राम के रूप में की गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोल्डन राम छतरपुर की ओर से जपला की ओर जा रहा था, तभी सामने से तेज गति में आ रही एक अन्य बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का सवार युवक घायल अवस्था में ही अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और फरार बाइक चालक की तलाश में जुट गई है।

शषे पेज 11 पर

### बीबीएमकेयू धनबाद में राज्यपाल व सीएम ने किया बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण

# शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि का प्रयास निरंतर जारी : मुख्यमंत्री


**सीएम सोरेन ने कहा**

- यह राज्य आंदोलन की उपज, शहीदों के नाम से जाना जाता है झारखंड
- आदिवासियों-मूलवासियों को उनका अधिकार देना हमारी प्रतिबद्धता
- राज्य की उन्नति के लिए व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिश जारी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के परिसर में झारखंड राज्य के अगुवा, पुरोधा और मार्गदर्शक बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिनोद बिहारी महतो के नाम से स्थापित यह विश्वविद्यालय बहुत कम समय में ही कई नए आयाम गढ़ रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में यह विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक संरचना के मद्देनजर यहां के लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया करने के लिए हमारी सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थापना धनबाद जिले में की गई, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सके।

शषे पेज 11 पर



### झारखंड की सामाजिक चेतना के अग्रदूत थे बिनोद बिहारी महतो : राज्यपाल

**रांची/धनबाद।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद परिसर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते उनके योगदान का उल्लेख किया और उन्हें 'झारखंड की सामाजिक चेतना का अग्रदूत' बताया। राज्यपाल ने कहा कि यह प्रतिमा मात्र एक शिल्प नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मबल, और शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने वाले एक युगपुरुष के विचारों का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे इस प्रेरणास्रोत प्रतिमा से सतत सीख लेते रहें। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्था विद्यार्थी-केंद्रित संवाद एवं पारदर्शी प्रशासन के आदर्श को साकार करे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सरल, समयबद्ध और पारदर्शी व्यवस्था के लिए आह्वान किया।राज्यपाल ने राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा, वर्तमान स्थिति से वे संतुष्ट नहीं है, लेकिन मैं इसमें सुधार के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि रिक्त कुलपति पदों पर ससमय नियुक्तियां प्राथमिकता के साथ की जा रही हैं और जहां कार्यकाल समाप्ति निकट है, वहां नियुक्ति प्रक्रियाएं समय से पहले आरंभ कर दी गई हैं। राज्यपाल गंगवार ने समारोह में उपस्थित मुख्यमंत्री तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि झारखंड लोक सेवा आयोग को शीघ्र नियुक्तियों के निर्देश दिए जाएं, ताकि शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मियों की आवश्यकतानुसार नियुक्ति की जा सके और विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सृजित हो। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे छात्र, शिक्षक और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद और समन्वय स्थापित करें। यदि सभी अपना दायित्व निष्ठापूर्वक निभाएं और टीम भावना से कार्य करें, तो सुधार की राह आसान हो सकती है। उन्होंने उल्लेख किया कि वे निरंतर शिष्टमंडलों, शिक्षाविदों और छात्र प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त करते रहते हैं ताकि झारखंड को ज्ञान और कौशल का गढ़ बनाया जा सके।

शषे पेज 11 पर

### शिक्षा क्षेत्र में किए गए बदलाव का दिख रहा परिणाम : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चाहे प्राथमिक शिक्षा हो या माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षा, हमारी सरकार ने काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बीच इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही कई और बदलाव करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि और उसकी कमियों को दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है।

### शराब घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने की बड़ी कार्रवाई

# विनय चौबे और गजेंद्र सिंह गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**



- न्यायिक हिरासत में भेजे गए दोनों अधिकारी
- चौबे उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव हैं
- उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त हैं गजेंद्र सिंह
- मामला झारखंड में 31 मार्च 2022 से लागू नई उत्पाद नीति से संबंधित है

**रांची।** शराब घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। घोटाले में आरोपित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को मंगलवार को जेल भेज दिया। इससे पहले, उन दोनों से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने लंबी पूछताछ की और मंगलवार की शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अगली सुनवाई अब 3 जून 2025 को होगी। इससे पहले, एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एसीबी की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों की मेडिकल जांच भी करवाई गई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद झारखंड एसीबी ने राज्य में कथित शराब घोटाले के सिलसिले में सरकार की अनुमति के बाद प्रीलिमिनरी एनक्वायरी (पीई) दर्ज की थी। प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी ने सरकार से अनुमति लेकर शराब घोटाले के सिलसिले में नियमित प्राथमिकी दर्ज की है।विनय चौबे उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव हैं। उनके ही कार्यकाल में कथित तौर पर शराब घोटाला हुआ था। पूरा मामला झारखंड में 31 मार्च 2022 से लागू नई उत्पाद नीति से संबंधित है। आरोप है कि इसके लिए जनवरी 2022 में झारखंड में उत्पाद नीति को बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ तत्कालीन उत्पाद सचिव और अन्य अधिकारियों ने योजना बनाई और रायपुर में बैठक की थी।

यह भी आरोप है कि उत्पाद नीति लागू होने के बाद दो वर्षों तक झारखंड उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई गई।छत्तीसगढ़ के रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज किया था।

शषे पेज 11 पर

### युद्ध में सिद्धहस्तता है शौर्य

# जिनकी गर्जना से कांपता है रिपुदल




मिथिलेश कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव (सेवानिवृत्त), झारखंड विधानसभा।

युद्ध ठान लेना ही शौर्य एवं पराक्रम नहीं, शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक तो है, युद्ध में सिद्धहस्तता। जल, थल, नभ (त्रिलोक) में प्रतिद्वंदी की विनाश बेला में, शौर्य, पराक्रम के साथ अभयदान देना ही पहचान है, तिरंगे की आन, बान और शान रखने वाली भारतीय सेना की।

**राष्ट्रकवि 'दिनकर' की यह कविता आज भी प्रासंगिक हैं।**

**क्षमा शोभती उस भुजंग को,**
**जिसके पास गरल हो।**
**उसको क्या, जो दंतहीन,**
**विषरहित, विनीत सरल हो।**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल





## इंडिया

# टीवी और फिल्मों से संस्कृति नष्ट करने की साजिश या बाजारवाद



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रांची में पहली बार जब दूरदर्शन की शुरुआत हुई और टीवी पर चित्रहार दिखाया जाने लगा तब रामगढ़ के गोला के एक मुस्लिम परिवार ने सामने पर्दा लगा दिया कि इतनी बेशर्मी परिवार के बीच उचित नहीं यह समाचार एक दैनिक में प्रमुखता से छपा था । ये वो दौर था जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में भारतीय संस्कृति की मर्यादा विज्ञापनों तक में झलकती थी पर गैट समझौते के बाद के उदारीकरण और निजी चैनलों की आंधी ने हमें इतना बेशर्म बना दिया है कि दिन में समाचारों या किसी अन्य कार्यक्रमों के बीच अंतरराष्ट्रीय तौर पर कुख्यात अश्लील फिल्मों की हिरोइन सन्नी लियोनी अभिनीत कंडोम का अश्लील विज्ञापन पूरा परिवार देख रहा है पर कोई कुछ बोल नहीं रहा कि कहीं उसे पिछड़ा या देहाती न समझ लिया जाए । इस आधुनिकता और बेशर्मी के साथ अश्लीलता की स्वीकार्यता एक दिन में नहीं बढ़ी बल्कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बहुत ही चालाकी से हमारे अंदर उसकी स्वीकार्यता को धीमे जहर की तरह बढ़ाया । आकाशवाणी दूरदर्शन के शालीन और भारतीय मूल्यों पर आधारित मध्यमवर्गीय समाज की कहानियों पर आधारित कार्यक्रमों की तुलना में नवअभिजात्य वर्ग को पश्चिमी सभ्यता में रंगे सास बहू के षड्यंत्र और अनैतिक संबंधों को जायज ठहराते प्रसंग वर्जित फल की तरह आकर्षित करने लगे । इनकी काल्पनिक कहानियां पश्चिमी देशों के लोकप्रिय पर कुत्सित सॉप ओपेरा से प्रेरित थीं जिन्हें भारतीय वस्त्रों और चरित्रों से बहुत ही चालाकी से सजाया गया था । इन्हें डिजाइन और प्रायोजित करने के पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियां थीं जिन्हें भारत में अपने उत्पादों के लिए बाजार और कृत्रिम मांग पैदा करनी थी । ऐसे धारावाहिकों की सबसे बड़ी निर्माता एक भारतीय महिला ही थी जिन्होंने सन्नी लियोनी को मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा कराकर लॉन्च किया था ताकि परंपरागत भारतीय परिवारों में उसकी ग्राह्यता हो । यह अलग बात है कि कई अंग प्रदर्शन वाली फिल्मों में लीड रोल के बाद भी सन्नी को भारतीय दर्शकों ने लगभग अस्वीकार कर दिया । यहां ध्यान देने की बात है कि पोर्नोग्राफी की मोटी कमाई की तुलना में सभी फ्लॉप फिल्मों के बाद भी सन्नी ने भारत छोड़ा नहीं । हिंदी फिल्मों से धीरे-धीरे गांव,भारतीय संस्कृति और आदर्श चरित्र गायब होते गए और अश्लीलता को




संस्कृति,माफिया,अपराधी को नायक या ख़ास विचारधारा को श्रेष्ठ और भारत को गंवारू या नेगेटिव दिखाने के आरोप लगते तब तक भारत किसिंग से लेकर लीप लॉक तक स्वीकार करते-करते बेशर्मी को स्वीकार करने लगा । बीच में फिल्मों को व्यवसाय बताने वाले अनेक फिल्मकारों सहित अमिताभ बच्चन तक ने जोरदार मांग उठाई कि फिल्म सेंसर बोर्ड को भंग कर दिया जाए और ये खुलेपन की उस पश्चिमी परकाष्ठा के अनुरूप थी जहां ब्लू फ़िल्में सिनेमा के थियेटर में नियमित रूप से दिखाई जाती हैं । इससे ऐसा लगता है कि जैसे भारत की संस्कृति को नष्ट कर भारत को ही बर्बाद करने की साजिश थी। पर भारत कितना भी इंडिया कहलाए पर इसके कण-कण में बसी भारतीयता और इसकी महान संस्कृति ने इसे सदियों से बचा कर रखा हुआ है इसीलिए अल्लामा इकबाल ने कहा था सदियों रहा दुश्मन दौरे जहां हमारा पर कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी । इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मीडिया पर बढ़ते प्रभाव से दूरदर्शन की चमक फीकी पड़ गई जिसने रामायण और महाभारत धारावाहिकों की रिकॉर्डतोड़ सफलता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से पूर्व हम लोग,बुनियाद,मालगुडी डेज जैसे विशुद्ध भारतीय धारावाहिकों से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी थी ।भारत में फिल्मों और टीवी के प्रति दीवानगी का अध्ययन करा चुकी इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अच्छी तरह मालूम था कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी सादा जीवन उच्च विचार थी जिसे नष्ट करने के लिए कभी किसी भारतीय लड़की को मिस वर्ल्ड तो मिस यूनिवर्स बनाया जा रहा था तो आधुनिकता गढ़ी जा रही थी ताकि महिलाओं के बीच सौंदर्यबोध बढे और इसी तरह धारावाहिकों या फिल्मों में मामूली नौकरीं करने वाले को महंगी गाड़ियों,क्लब,शराब,पार्टी और गहनों से सजी महिलाओं के के बीच आधुनिक नाच गाना करते या विदेशों में घूमते दिखाया जाने लगा जिससे लग्जरी लाइफ की चाहत से भ्रष्टाचार शिष्टाचार बनता चला गया और भारत में एक नवधनाढ्य वर्ग पैदा हुआ जिसे किसी भी कीमत पर पैसा चाहिए और नैतिकता शब्द चलन में ही नहीं रहा । वैसे हाल के वर्षों में भारत के आमजन ने इस बात को समझा और छोटे पर्दे के घटिया धारावाहिकों की मांग घटी क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अनाप-शनाप पैसों से बने एकाधिकार या वर्चस्व को ओटीटी और यूट्यूब ने ध्वस्त कर दिया । कथित आधुनिकता और कुछ ख़ास कलाकरों के वर्चस्व वाली हिंदी फ़िल्में बुरी तरह फ्लॉप होने लगीं और और उनके स्थान पर भारतीयता,धर्म संस्कृति और मूल्यों को छूती हिंदी में डब की गईं दक्षिण भारतीय फिल्मों ने धूम मचा दी । आज टीवी के पारंपरिक धारावाहिकों के बजाय ओटीटी के सुपरहिट धारवाहिक पंचायत,ग्रामीण चिकित्सालय ये साबित कर रहे हैं कि भारत अभी भी इंडिया नहीं बना और दूरदर्शन का स्टैंड अपनी जगह सही था कि सबकुछ व्यवसाय नहीं विशेषकर जब भारतीय मूल्यों की को बचा कर रखने की बात हो ।

# खान व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर पॉल्यूशन बोर्ड पहुंचा चैंबर



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश पर पत्थर खदानों और क्रशर के लिए 10 हजार सीएफटी क्षमता 400 टीडीपी उत्पादन से अधिक क्रशर और खदानों खानों पीएम-10 विश्लेषक स्थापित करने को लेकर मंगलवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने पॉल्यूशन बोर्ड के सदस्य सचिव से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि परिवेशी वायु के लिए प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट भी मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से हर छह महीने की अवधि में अनिवार्य है।मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पीएम-10 विश्लेषक चौबीसों घंटे परिवेशी वायु का विश्लेषणात्मक डाटा जेएसपीसीबी को भेज रहा है। इसलिए छह मासिक विश्लेषण प्रस्तुत करने की आवश्यकता अनुचित और अनावश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि इसमें क्रशर और खान मालिकों को अतिरिक्त लागत आती है। इसलिए प्रतिनिधिमंडल ने उन क्रशर इकाइयों के लिए छह मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से छूट देने का अनुरोध किया, जिन्होंने पहले से ही पीएम -10 विश्लेषक स्थापित कर लिया है। मौके पर प्रदुषण उपसमिति चेयरमैन मुकेश कुमार ने कहा कि सीटीओ और सीटीई दोनों में ऑनलाइन प्रक्रिया होने के बावजूद भी इसमें काफी जटिलताएं और ऑनलाइन होने के बाद भी लोगों को बोर्ड जाना पड़ता है। इससे बहुत परेशानी होती है।

## राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगाड़ा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगड़ा (हैदरनगर) के वर्ग 6, 7, 8 के बच्चों ने सोमवार को झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के बैग लेस डे प्रोग्राम के तहत भीमचूल्हा का भ्रमण किया। इस संबंध में जानकारी देते सहायक अध्यापक राजेश नंदन सिंह ने बताया कि इसमें 65 छात्र-छात्राओं के साथ हेडमास्टर संजय कुमार तिवारी सहित शिक्षक उपेंद्र साहू, योगेंद्र साहू, सरस्वती देवी और श्रुति कुमारी शामिल थे। इस दौरान बच्चों ने इनके मार्गदर्शन में भीमबराज, रेलवे सुरंग,पार्क और सिंचाई परियोजना का शैक्षणिक भ्रमण करने के अलावा भीमचूल्हा के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। पुजारी गंगा तिवारी और मंदिर के सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने उन्हें भीमचूल्हा के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों में उत्सुकता और उत्साह नजर आया। माता कुंती और पांडव पुत्रों की आदमकद प्रतिमा के समक्ष ग्रुप फोटोग्राफी भी कराया गया।

# प्रखंड में पहली बार इंटर प्रथम वर्ष के 936 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में इस वर्ष पहली बार इंटर वर्ग की परीक्षा आयोजित की गई है। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि इंटर प्रथम वर्ष के कला, वाणिज्य व विज्ञान विषय के कुल 978 परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पहली बार इस विद्यालय में स्थापित किये गये हैं। पहले दिन 936 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रौल कोड 31093 उत्क्रमित हाईस्कूल पांती, रौल कोड 31098 पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय व रौल कोड 31095 प्लस टू हाईस्कूल संडा (हुसैनाबाद) के परीक्षार्थी को शामिल किया गया है। इस परीक्षा के पहले दिन अंग्रेजी और दूसरी पाली में कला संकाय के हिन्दी (कोर) विषय में परीक्षार्थियों ने भाग लिया है। परीक्षार्थियों की कुल संख्या में मात्र 7 वाणिज्य जबकि सर्वाधिक विज्ञान संकाय में 522 जबकि इसी संकाय में पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 333 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षार्थियों की उपस्थिति डाटा में जुटे सहायक शिक्षक सुमन कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने बताया कि विज्ञान संकाय में अधिकांश परीक्षार्थी की संख्या के अपेक्षित अन्य संकाय में इनकी संख्या कम देखी गई है। इससे छात्रों को विज्ञान विषय के प्रति अधिक रुझान के संकेत मिलते हैं।

### 9 वीं व 11 वीं की परीक्षा को लेकर बढ़ी परेशानी

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पीएमश्री राजकीयकृत +2 हाई स्कूल के विद्यार्थियों को इस बार 9 वीं और 11 वीं की परीक्षा को लेकर खासा परेशानी और जोखिम बढ़ गई है। बताया जाता है। इसकी वजह इस बार उनका सेंटर बगल के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भजनियां में नहीं बनाकर 12 किमी दूर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में बना दिया जाना बताया जाता है। अभिभावकों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस प्रकार से खतरनाक मौसम में इतनी दूर परीक्षा लेने को शिक्षा विभाग की अमानवीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें बच्चों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। जिसके लिए आवागमन करना खासकर, बच्चियों के लिए जोखिम भरा बन गया है। चिलचिलाती धूप और हीट वेव में बच्चे किस प्रकार परीक्षा दे रहे हैं,इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। अभिभावकों ने इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत बताई है।

### मंत्री के आदेश के बाद भी नहीं हटाया बीपीओ को

**नौडीहा।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शनिवार को समीक्षा बैठक में मनरेगा बीपीओ मोती लाल शर्मा को हटाने का उप विकास आयुक्त को आदेश दिया था। मंत्री ने कहा था कि मोती लाल शर्मा नौडीहा प्रखंड व छतरपुर प्रखंड में रह चुके हैं। मंत्री के आदेश के 36 घटें बीत जाने के बाद भी बीपीओ को अभी तक नहीं हटाया गया है।

### ब्लॉक में आधार सृजन और सुधार का काम शुरू

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय में आधार सृजन और सुधार का काम शुरू हो गया है। इस काम को आवास योजना के कंप्यूटर आपरेटर करेंगे। इस काम के एक अरसे से बंद रहने के कारण लोगों को इसे लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ रही थी। मगर अब इससे राहत मिल रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओर रणवीर कुमार ने जरूरतमंद लोगों को इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## कृषकों से क्रय किया गया धान की एक मुश्त राशि भुगतान करने की मुख्यमंत्री से मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के डूमरहत्था समेत अन्य कई गांव के किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी समेत संबंधित मंत्री व सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि किसान काफी मेहनत से अनाज पैदा करते हैं। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष धान की खरीद के बाद पैसा का भुगतान काफी विलंब से होता है। किसानों ने कहा कि उनकी बेटा-बेटी की शादी, बीमारी, पढ़ाई-लिखाई उसी पैसे के भरोसे होती है। सरकार धान तो खरीद लेती है, मगर भुगतान इतना विलंब होता है कि वह टूट जाते हैं। डूमरहत्था के किसान प्रियरंजन सिंह का कहना है कि सभी कृषक सरकारी दर पर धान का बिक्री किये थे। सरकार द्वारा यह कह कर धान क्रय किया था कि 24 घंटे के अन्दर कृषकों के बैंक खाते में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। परन्तु छह माह बीत गए अब तक कृषकों को पूरी राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। जिससे किसान सरकार से धान बेंच कर कर्ज में डूब गये है। कृषकों की आर्थिक स्थिति-बदहाल हो चुकी है। कृषक अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए साहुकारों से कर्ज लेने को विवश हैं। एक तरफ सरकार कृषकों की आय दोगुनी करने की बात करती है, दूसरी तरफ किसानों को साहुकारों के जाल में फंसने को मजबूर करती है। किसानों ने कहा कि कृषकों को झांसा में रखकर, सरकार उन्हें दलदल में फंसा रही है। सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत कोई भी सरकारी कार्य 15 दिन के अन्दर निष्पादित करने का प्रावधान है। फिर भी कृषकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार कृषकों के साथ धोखा धड़ी कर रही है। कृषकों द्वारा विभागीय पदाधिकारी या मंत्री को लिखित देने के तिथि से 15 दिन के अन्दर कृषकों के किसी भी कार्य का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो संवंधित मंत्री व विभागीय पदाधिकारी के विरुद्ध सेवा समाप्त की मांग करेंगे। किसानों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कृषकों के हित में इस पत्र की तिथि से 15 दिन के अन्दर किसानों के धान की राशि का भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विवश होकर कृषक राजभवन के समक्ष आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी सरकार की होगी। पत्र की प्रतिलिपि मंत्री, खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक मामले, झारखंड सरकार, मंत्री, वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, नेता प्रतिपक्ष, झारखष्ट विधानसभा, सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखण्ड सरकार, उपायुक्त पलामू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू को भी दिया है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रियरंजन सिंह,अरविंद कुमार सिंह, झरी मेहता, रविन्द्र प्रसाद, राजेश कुमार समेत कई कृषक शामिल है।

## तेतराई पंचायत के मुखिया के पहल पर लगा तिरंगा स्ट्रीट लाइट



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष सह तेतराई पंचायत के मुखिया राजेंद्र पांडेय उर्फ जितेंद्र पांडेय द्वारा सोमवार की रात 8 बजे तिरंगा स्ट्रीट लाइट का विधिवत उद्घाटन पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया गया। इसके बाद मुखिया के हाथों स्ट्रीट लाइट का मुख्य स्विच ऑन कर इसकी शुरूआत की गई। स्विच ऑन होते ही पूरा तेतराई मुख्य बाजार की सड़क तिरंगे की रोशनी से जगमग हो गया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मौके पर मौजूद लोगों के मुखिया राजेंद्र पांडेय, उप मुखिया मोहम्मद इकबाल अंसारी ने बताया कि पंचायत के विकास के साथ सुंदरीकरण की दिशा में यह कदम बढ़ाया गया है। आगे भी पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से इस तरह के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह योजना बेहद आवश्यक था व लोग लंबे समय से इस योजना की मांग कर रहे थे, जिसे आज पूरा किया गया। मौके पर उप मुखिया के अलावा वार्ड सदस्य रेखा देवी, प्रतिमा देवी ,अंशी देवी, आरती देवी ,उमेश प्रसाद गुप्ता ,राजा सिंह ,बाबूलाल राम कंचन देवी, अशोक शर्मा, शंभू गुप्ता, रमेश कुमार, विकेश गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### साधन सेवी का अतिरिक्त प्रभार मिला

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर दक्षिण के मध्य विद्यालय पतरिया के साधन सेवी उमेश राम 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए। उनके सेवानिवृति के बाद मध्य विद्यालय पतरिया संकुल का अनुश्रवण नहीं हो पा रहा था। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा ने मध्य विद्यालय चौकड़ी के साधन सेवी विनोद कुमार सिंह को पतरिया संकुल साधनसेवी का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

### हाई स्कूल के चहारदीवारी का गेट उखाड़ने वालों पर कारवाई की मांग की

**हरिहरगंज।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर की दक्षिण दिशा में चहारदीवारी में लगाए गए लोहा गेट को असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य अजय प्रसाद राय ने हरिहरगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि रविवार को परिसर की दक्षिण दिशा में चहारदीवारी में एक लोहा गेट लगाया गया था। जिसे अज्ञात लोगों द्वारा रात में उखाड़ दिया गया। इसकी जानकारी होने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सोमवार को पुनः गेट को लगवा दिया गया। सोमवार की रात भी असामाजिक तत्वों द्वारा गेट उखाड़ दिया गया। गेट को लगाने और उखाड़ने के सिलसिला पर कई लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि विद्यालय एक मंदिर होता है। इसकी सुरक्षा हर हाल में जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से असामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। कहा है कि इस तरह का हरकत से पता चलता है कि कुछ लोग स्कूल की व्यवस्था भंग करना चाह रहे हैं, लेकिन वे इस मुकाम में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पैक्स अध्यक्ष की बैठक में सदस्यताअभियान पर चर्चा,100 सदस्य बनाने का लक्ष्य



**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल कार्यालय में हुसैनाबाद प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों की बैठक मंगलवार को हुई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कृष्ण बैठा ने की। बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सखीचंद दास भी उपस्थित थे। बैठक में पैक्स में सदस्यता वृद्धि अभियान पर चर्चा की गई। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में 23 पैक्स है। सभी पैक्स में 100-100 सदस्य बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। यह अभियान 25 अप्रैल से 24 मई 2025 तक चलना है। समीक्षा के बाद पता चला कि अभी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है, इसलिए सभी अध्यक्षों को आग्रह किया गया कि ससमय रहते हर हाल में लक्ष्य को पूरा करना है। पैक्स अध्यक्ष अपने पैक्स में शिविर लगाकर अहर्ता रखने वाले सभी किसानों को सदस्य बनाए। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने सभी पैक्स अध्यक्ष को कहा कि सदस्यता वृद्धि अभियान का प्रगति रिपोर्ट संतोष जनक नहीं है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कमला देवी ,सुरेश प्रसाद यादव, सुदय सिंह ,अभय कुमार, बिमलेश पासवान, सुजीत कुमार मेहता, करण सिंह, अयोध्या सिंह, विश्वनाथ सिंह,बलराम मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व सैनिकों ने सैनिक संगठन को प्रशासनिक संरक्षण के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों ने मंगलवार को एसडीओ को सैनिक संगठन को प्रशासनिक संरक्षण लिए ज्ञापन दिया। साथ ही संगठन को और विस्तार से संचालित कर जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को आयोजित कराने का आग्रह किया गया। मौके पर उपस्थित संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि यह संगठन आठ वर्षों से अभी तक कई जन कल्याणकारी व देश हित में कार्यक्रम किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से पेंशनरों की पेंशन समस्याओं की निदान, देश हित संबंधित कई कार्यक्रम का आयोजन करना, एनसीसी कैडेटों व अन्य स्कूली छात्र-छात्राओं को सैन्य संबंधित जानकारी देते रहना आदि शामिल है। संगठन अभी कर्नल संजय कुमार सिंह के संरक्षण में कार्यरत है। इस अनुमंडल क्षेत्र के अधिकतर जनसंख्या गांव देहात में निवास करते हैं। इसलिए जनता को देश के हालातों से अवगत कराने व नवजवान बच्चों को जागरूक करने में सैनिक संगठन अहम भागीदारी निभा सकती है,क्योंकि संगठन के सैनिक किसी भी प्रकार के आपदा जैसे युद्ध के समय, भुकंप, बाढ़, अगलगी या महामारी की स्थिति से निपटने में सक्षम है। साथ ही क्षेत्र के लिए यह संगठन जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए कारगर साबित होगी। इसलिए संगठन को प्रशासनिक संरक्षण होना जरूरी है। एसडीओ ने सभी बिंदुओं पर गौर करते हुए उन्होंने भी अपनी सहमति जताई व माना कि संगठन को प्रशासनिक संरक्षण होना चाहिए। जिससे सैनिकों कि अनुभव व तजुबाओं से अनुमंडल क्षेत्र के सभी लोगों को लाभ दिलाई जा सकती है। उन्होंने अनुमंडल स्तर पर एक बैठक बुलाने कि बात कही। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रमंडलों से अधिकारी व सैनिक संगठन के पूर्व सैनिक शामिल होंगे। सभी के राय विचार से इस पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाएगा, ताकि सैनिक संगठन को सभी क्षेत्रों के प्रशासनिक सहयोग मिल सकें। ज्ञापन के दौरान सैनिकों ने हुसैनाबाद नगर पंचायत की जल जमाव ,नाली, रोड लाइट, कूड़ेदान, सफाई के अलावा जमीन म्यूटेशन, दाखिल खारिज के समस्याओं को भी बताया,जो पांच पांच माह से आवेदन लंबित है। शिष्टाचार मुलाकात में संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सुबेदार राम टहल मेहता, दिलिप मेहता, उदित सिंह, प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### गव्य विकाय पदाधिकारी ने पलायन रोकने को बनाई कार्य योजना

**हैदरनगर।** जिला गव्य विकास पदाधिकारी पलामू ने ग्रामीण और पंचायत के गांवों से मजदूरों सहित अन्य लोगों को राज्य से बाहर पलायन रोकने को लेकर कार्य योजना तैयार करने में जुटी है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि जिला गव्य पदाधिकारी ने पलायन रोकने के लिए संबंधित सर्वाधिक प्रभावित पंचायत से पांच ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने को कहा दया है। उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है पलायन को रोकने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रभावी कार्य योजना तैयार कर रही है। उन्होंने सर्वे रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पलामू जिला के 30 ग्राम पलायन की समस्या से अत्यधिक ग्रस्त है। जिसकी सूची एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। इस रिपोर्ट में ग्राम का नाम, पंचायत एवं प्रखंड, अनुमानित प्रभावित परिवारों की संख्या, पलायन के प्रमुख कारण (जैसे- कृषि संकट, रोजगार की कमी, जल संकट) आदि का उल्लेख करना है। साथ ही कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से संभावित समाधान व सुझाय भी मांगा गया है। उक्त आदेश के आलोक में 20 मई तक सूची अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त स्तर से कुल 30 ग्रामों का अंतिम चयन कर संबंधित विभाग को फाइनल रिपोर्ट भेजी जायेगी।

## घर में आग लगने से समान सहित 40 हजार का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवरा निवासी रमजान अंसारी पिता स्वर्गीय उद्दीन मियां के घर मंगलवार दोपहर 1 बजे अचानक आग लग जाने से घर में रख खाने पीने के समान सहित 40 हजार के संपत्ति का नुकसान का अनुमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नेउरा बस्ती स्थित बड़ी मस्जिद के समीप रमजान मियां के घर में अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते भीषण गर्मी के कारण धुआं आग में तब्दील हो गया और जब तक स्थानीय लोग कुछ कर पाते तब तक आज पूरे घर को अपने लपेटे में ले चुका था। 2 से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दमकल की गाड़ी के लिए भी फोन लगाया गया। लेकिन दमकल गाड़ी नहीं पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया। किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ। आग की खबर सुनकर नेउरा पंचायत के मुखिया पति अली हसन अंसारी मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सरकारी आवास व सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला तिरंगा यात्रा

**हुसैनाबाद।** भारतीय सेना के सम्मान में मंगलवार को हुसैनाबाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी, इसकी शुरुआत शहर के जपला महावीर जी भवन से निकाली गयी। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर की गयी हत्या के विरोध में भारतीय सेना की पहलगाम हमले के जिम्मेवार पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर द्वारा मुंहतोड़ जवाब देने के बाद पूरे देश में उत्सव का माहौल है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के जयकारे लगाए गए। यात्रा शहर के गांधी चौक, मुख्य बाजार, अंबेडकर, जयप्रकाश चौक होते हुए पुन: महावीर जी भवन पहुंचा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के शौर्य, प्राक्रमा और देश के प्रति सेना के समर्पण को सैल्यूट करने के उद्वेश्य से निकाली गयी है। भाजपा नेता प्रेमतोश सिंह ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के तहत भारत की सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों शिविरों का नेस्तनाबूद कर दिया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, सुमेश सिंह, रामराज मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, श्रीराम सिंह, मुकेश सिंह, राजू ठाकुर, मधु लता रानी, उदय सिंह, विमलेश सिंह, विनय पासवान समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## मौसम बना अनुकूल: लहलहा रही मूंग की फसल किसानों ने अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गर्मा फसलों में महत्वपूर्ण मूंग फसल के अनुकूल मौसम की वजह से किसानों ने इसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई है। किसान रामजन्म राम और कृष्णा यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में गर्मी के मौसम में लंबे अरसे से मूंग की खेती करना किसानों की शौक में शुमार हो गया है। इसकी बड़ी वजह उन्होंने अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर बिजली आपूर्ति को बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क को लेकर लगातार दो-तीन वर्षों से भीमबराज में भारी जलसंग्रहण से सिंचाई कूप और बोरिंग का जलस्तर कम नहीं हो पाती है। इससे मूंग के फसल की नियमित रूप से सिंचाई संभव हो जाती है। नियमित सिंचाई के साथ ही कभी-कभी बारिश और हिट वेव व अप्रत्याशित रूप से तापमान में वृद्धि की वजह से मूंग फसल लहलहाती रही है। इसे देखते हुए इसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सिंचाई के संसाधन से संपन्न कई गांवों के किसानों ने घरों के आसपास जबकि अन्य वर्षों की तरह इस बार भी रामनगर के साथ ही शिलापर और बिचलाडीह के किसानों ने कोयल तटवर्ती खेतों में मूंग की बुवाई की है। इससे एक बड़े क्षेत्र में फैली हरियाली से हिट वेव के बीच आते-जाते लोगों के आंखों को सुकून भी मिलता है। बयार भी ठंडी लगती है। किसानों का कहना है कि रबी फसल के बाद खाली पड़ी खेत में गर्मी के सीजन में मूंग की खेती आमदनी के श्रोत के साथ ही किफायत में दाल की जरूरत भी पूरी कर रही है। बोवाई के 45 दिनों बाद फलियों में दाने लगने लगते हैं। जबतक झमाझम बारिश नहीं हो जाता है, तबतक 3-4 बार फलियों से दाने मिलते हैं। इसके डंठलों को भी खेतों से हटाने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि बरसात के साथ खरीफ फसलों खासकर, धान उत्पादन को लेकर खेतों की जुताई के साथ सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाते हैं, जो उर्वरक के रूप में खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद साबित होती हैं। इस तरह से इसमें पूंजी निवेश घाटे का सौदा नहीं होती है। कुल मिलाकर एक दशक से अधिक समय से मूंग की खेती नगदी फसल के तौर पर किसानों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है।

### डीआई ने दवा दुकानों की जांच की



**नौडीहा।** उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा दुकानों की जांच की। ड्रग इंस्पेक्टर ने विकास यादव के दुकान की जांच कर दवा का सैंपल लिया। प्रखंड क्षेत्र में जैसे ही यह पता चला कि ड्रग इंस्पेक्टर दवा दुकानों की जांच कर रहे हैं वैसे ही दुकानदार अपने-अपने दुकान को बंद कर गायब हो गए। जांच टीम में धर्मेंद्र कुमार, राकेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**लहलहे में आयोजित सात दिवसीय भगवत कथा का प्रथम दिन**

## मानव जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित करना ही जीवन का मूल सार: केएन त्रिपाठी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मानव जीवन प्राप्त करने के लिए भगवान भी मानव रूप में अवतार लेकर अपनी लीला बिखेरे हैं। हमें मानव जीवन मिला है तो हम सभी को उसका सदुपयोग करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी लहलहे में आयोजित सात दिवसीय भगवत कथा के प्रथम दिन उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर उद्घाटन करने के श्री त्रिपाठी ने कहा कि मानव जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित करना ही जीवन का मूल सार है। उन्होंने कहा कि आपा धापी के जीवन में गृहस्थ आश्रम की सभी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए समाज के कार्य करना भी मानवीय सरोकार है। उद्घाटन समारोह के बाद स्वामी मारुति किंकर महाराज ने कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा श्रवण की महिमा स्वर्ग अमृत से भी ज्यादा है। स्वामी महाराज ने कहा कि जब राजा परीक्षित को यह पता चला कि सातवें दिन तक्षक नाग द्वारा मेरी मृत्यु हो जाएगी, तब उन्होंने सुखदेव ऋषि से पूछा की प्रभु बताइए मुझे यह सात दिनों में क्या करना चाहिए। सुखदेव ऋषि द्वारा यह कहा गया की इन सात दिनों में राजन आपको भागवत महापुराण परम परम परमेश्वर की महिमा सुननी चाहिए। इस कथा की शक्ति स्वर्ग के उसे अमृत से भी ज्यादा ताकतवर है, क्योंकि स्वर्ग का अमृत भय देता है और भागवत महापुराण की कथा अभय देती है। किंकर महाराज के संगीतमय कथा से पूरा इलाका में भक्ति की बयार बह रही है। उदघाटन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, दीपक दूबे संजय त्रिपाठी, महिमा नंद तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, सुआ मुखिया उपाध्याय सिंह, कौरिया मुखिया रविंद्र सिंह, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी, अनूप तिवारी, विनोद तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, अमित तिवारी, मृत्युंजय तिवारी छोटू, ब्रजेश तिवारी, आशीष तिवारी, कामाख्या सिंह,सुधीर सिंह, जे पी सिंह, राणा सिंह व बीरेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी अतिथि व स्वामी किंकर महाराज का स्वागत आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी द्वारा अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विवेकानंद त्रिपाठी ने कहा कि भगवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### स्थापना के 15 साल बाद भी प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना नहीं

**मोहम्मदगंज।** स्थापना के 15 साल बाद भी इस प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में इस प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का 20 किमी दूर हुसैनाबाद स्थित बाल विकास परियोजना से संचालन और नियंत्रण कैसे संभव होता है। अहम सवाल बना है। हुसैनाबाद से अलग मात्र किमी पर ही स्थित हैदरनगर प्रखंड में इसकी स्थापना के 6 साल बाद ही 2013 से ही बाल विकास परियोजना अस्तित्व में आ गई है। मगर, पंसस ममता देवी और बीडीसी के साथ ही 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के इस बाबत प्रस्ताव देने के बाद भी अब तक भी हुसैनाबाद से अलग इस प्रखंड मुख्यालय में बाल विकास परियोजना की जरूरत पूरी नहीं की गई है। इसका लोगों को मलाल है।

# जल्द पूरा होगा समदा आहर का सौंदर्यीकरण

## लोगों को मिलेगा टहलने और विश्राम का बेहतर स्थल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहरवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। रेड़मा स्थित समदा आहर का सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से चल रहा है और नगर निगम द्वारा बताया गया है कि कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत लगभग 1.52 करोड़ रुपये की लागत से इस तालाब को एक बहुउपयोगी स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूर्व में यह आहर जलभराव, नाली जल के प्रवाह और वर्षों से उपेक्षा के चलते मृतप्राय स्थिति में पहुंच गया था। बारिश के पानी की कमी और अतिक्रमण के कारण इसका क्षेत्रफल भी घट गया था। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा इसकी नापी कराकर जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। सौंदर्यीकरण के तहत तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का जलस्तर बढ़ेगा। चारों ओर पाथवे का निर्माण हो रहा है, ताकि लोग सुबह-शाम टहल सकें। हरा घास, लाइटिंग, ब्लॉक निर्माण और कियोस्क की स्थापना की जा रही है। किनारों पर पेड़-पौधा लगाया जा रहा है जिससे हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण सुधरेगा। इस क्षेत्र के लोगों के लिए अब तक मॉर्निंग वॉक या टहलने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं था। उन्हें रांची रोड या पांकी रोड जैसे व्यस्त और असुरक्षित मार्गों का सहारा लेना पड़ता था। समदा आहर के सौंदर्यीकरण से न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र का एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल बनकर उभरेगा। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने जानकारी दी कि तालाब के चारों ओर हरित क्षेत्र विकसित किया जा रहा है और जल्द ही यह स्थल वातावरणीय, सामाजिक और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उपयोगी बन जाएगा। साथ ही निगम की योजना है कि इस तालाब से आसपास के इलाके का ग्राउंड वाटर रिचार्ज भी हो सके। स्थानीय लोगों में इस कार्य को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो गया, तो समदा आहर शहरवासियों के लिए एक आदर्श स्थल बन जाएगा, जहां वे अपने परिजनों के साथ समय बिता सकेंगे और स्वास्थ्यवर्धक दिनचर्या अपना सकेंगे। नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सफलता शहर के अन्य जर्जर जलाशयों और सार्वजनिक स्थलों के विकास की भी राह खोल सकती है।

तालाब के गहरीकरण से जलस्तर बढ़ेगा सौंदर्यीकरण से बढ़ेगी शहर की शोभा





### ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम को दुनिया ने सराहा: अमित गुप्ता

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चंदवा मंडल ने तिरंगा यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा के मंडल प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक तिरंगा यात्रा में मौजूद थे। तिरंगा यात्रा चंदवा के इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार से प्रारम्भ होकर मेन रोड होते सुभाष चौक, कंचन नगरी होकर पुनः इंदिरा गांधी चौक पहुंची। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा आज हम सभी भारतवासियों को अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है, जिन्होंने आतंकवादियों को धूल चटाने का काम किया। भारतीय सेना ने आतंकवादियों को मुहतोड़ जवाब दिया। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम को दुनिया से सराहना मिली है।चंदवा मंडल प्रभारी राज कुमार पाठक ने कहा कि मुझे गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, संजय साव, विजय दुबे, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू, कुलामान साहू, शंकर शाहू, विनय रिकी वर्मा, आदर्श रवि राज, मनीष गुप्ता, रोहित अग्रवाल, चंद्रभूषण केसरी, सूर्य नारायण साहू, यमुना चौधरी, रामकिशुन गंझु, मुरारी लाल साहू, मनोज पाठक, रविंद्र साहू, रवि पांडुरंगा, बलकू मुंडा, सुनील मुंडा, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री, लाल आशीष नाथ शाहदेव, बबलू कुमार सोनी, बिनोद कुमार गुड्डू समेत अन्य मौजूद थे।

### जरूरतमंद बुजुर्ग महिला के लिए युवक ने किया रक्तदान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के देवगाना गांव की 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को ऑपरेशन के लिए बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। शहर के एक निजी अस्पताल में कूल्हे के ऑपरेशन के लिए भर्ती इस महिला को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण परिजनों ने सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क किया।

धीरज मिश्रा ने बिना देर किए तलैया निवासी मिंटू दुबे से संपर्क कर रक्तदान कराने की पहल की। मिंटू दुबे ने तत्काल रक्तदान कर न केवल बुजुर्ग महिला की जान बचाने में मदद की, बल्कि एक प्रेरणादायक मिसाल भी पेश की। धीरज मिश्रा ने मिंटू दुबे का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब कार्य सामूहिक प्रयास और आपसी तालमेल के साथ किए जाते हैं, तब सफलता सुनिश्चित होती है। रक्तदान के समय चंदन तिवारी और सूरज पांडेय भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने पूरे सहयोग के साथ इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई।

### सघन जांच अभियान में बिना लाइसेंस चालक की गाड़ी जब्त

**मेदिनीनगर।** सदीक चौक कोयल पुल के पास सोमवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और दो पहिया वाहनों की जांच की गई। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से कुछ चालकों की शराब सेवन की भी जांच की गई। जांच के क्रम में एक मालवाहक पिकअप गाड़ी के चालक को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाया गया। संबंधित गाड़ी को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षात्मक रूप से रखा गया है। उक्त वाहन को जिला परिवहन कार्यालय भेजा जाएगा, जहां चालान और फाइन की कार्रवाई की जाएगी।

पेयजल समस्या पर उपायुक्त के निर्देश पर हुई समीक्षा बैठक

## चापाकल-जलमीनार मरम्मति कार्य में तेजी लाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर सोमवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पेयजल संकट और उसके निदान से संबंधित कार्यों की समाहरणालय सभागार में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले भर में चापाकल और जलमीनार की मरम्मति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने पंचायत स्तर की रिपोर्ट अब तक उपलब्ध नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि गर्मी के इस मौसम में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारी त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने तीन दिनों के भीतर सभी पंचायतों से रिपोर्ट संकलित कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि मरम्मति कार्यों में तेजी लाई जा सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर खराब पड़े चापाकलों और जलमीनारों की मरम्मति की जाए तथा प्राप्त शिकायतों और उनके निराकरण से संबंधित समुचित डेटा तैयार कर नियमित समीक्षा की जाए।

बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जेशन होरा, सहायक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### फ्रिदा कुजूर बनी महिला प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय के जिला परिषद डाक बंगला परिसर में महिला कांग्रेस की बैठक में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता देवी ने संगठन का विस्तार किया। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता देवी के पहुंचने पर महिला कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व मुखिया फ्रिदा कुजूर को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष ने प्रखंड अध्यक्ष को सम्मानित किया। उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष को जल्द प्रखंड कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, मुखिया उषा खलखो, रोजालिया पंचायत समिति सदस्य अमृता देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

डीडीसी ने पत्रकारों संग की गंभीर चर्चा, समस्याओं पर लिए सुझाव

## विकास कार्यों की दिशा तय करने में मीडिया की भूमिका को माना अहम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन ने वर्षों बाद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के प्रतिनिधियों को औपचारिक आमंत्रण देकर जिले की समस्याओं पर संवाद स्थापित किया गया।

सोमवार को समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस विचारमंथन में डीडीसी की ओर से पत्रकारों से जिले के जमीनी हालात, आमजन की प्राथमिक समस्याएं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधारों को लेकर सुझाव आमंत्रित किए गए। करीब एक घंटे तक चले संवाद में एक दर्जन से अधिक पत्रकारों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी चुनौतियों को सामने रखा। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसुनवाई की पारदर्शिता जैसे विषय प्रमुख रहे।

इस दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद पूरे मनोयोग से पत्रकारों की बातों को सुनते और उन्हें संजीदगी से नोट करते दिखे।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में पत्रकारों की सहभागिता को संस्थागत रूप दिया जाएगा, ताकि प्रशासनिक योजनाएं वास्तविक जरूरतों के अनुरूप संचालित हों और जमीनी स्तर पर उसका सकारात्मक प्रभाव दिखे। डीआरडीए निदेशक रतन सिंह की उपस्थिति में हुए इस संवाद से यह संकेत मिला कि जिला प्रशासन अब संवाद आधारित प्रशासनिक ढांचे की ओर अग्रसर है। जहां जनसंचार माध्यमों की भूमिका केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण में सहभागी बनती दिखेगी। इस पहल को पत्रकारों और जानकारों ने प्रशासनिक विमर्श में एक परिपक्व और स्वागतयोग्य शुरूआत बताया है, जिसकी निरंतरता ही इसे प्रभावी बना सकेगी।




### प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन

**खरौंधी।** बीआरसी खरौंधी कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीपीएम नवीन प्रकाश ने की। गोष्ठी में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें खेलो झारखंड, सुब्रतो कप, जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता, खेलेंगे, पढ़ेंगे और बढ़ेंगे योजना प्रमुख रूप से शामिल थे। बैठक में बताया गया कि सभी प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर से शुरू होकर प्रखंड, जिला और फिर राज्य स्तर तक आयोजित की जाएंगी। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में झारखंड ओलंपिक समिति, भारत सरकार के खेल मंत्रालय तथा मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा चयनित 12 खेलों के साथ एक बैंड प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। इसमें अंडर 14, 17, 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को प्रतिभागिता का अवसर मिलेगा। आयु की गणना 31 दिसंबर 2025 के आधार पर की जाएगी प्रतिभागियों के लिए जन्म प्रमाणपत्र के रूप में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित नामांकन पंजी, आठवीं या मैट्रिक प्रमाणपत्र मान्य होगा।

## एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी के लिए सतबरवा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का निरीक्षण

- महाविद्यालय की भूमि का भौतिक निरीक्षण किया गया है, और भविष्य में इसे एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** सतबरवा स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की स्थापना की संभावनाओं को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व झारखंड सरकार के साक्षरता विभाग के अवर सचिव अखिलेश कुमार पांडे ने किया।

निरीक्षण में पलामू जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप गुप्ता, एनसीसी के समादेशक, महाविद्यालय के प्राचार्य रणधीर कुजूर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर की स्थिति, उपलब्ध भूमि, भवनों की स्थिति, छात्रावास, शिक्षकों के आवास, शौचालय, कक्ष, विद्युत एवं जलापूर्ति की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

अवर सचिव पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय की भूमि का भौतिक निरीक्षण किया गया है, और भविष्य में इसे एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एनसीसी के समादेशक ने दो दिन पूर्व भी परिसर का दौरा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की थी।

डीईओ और डीएसई ने जानकारी दी कि सतबरवा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी, और यह संस्थान बीते सात दशकों से देश को योग्य शिक्षक प्रदान करता रहा है। यह निरीक्षण झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के पत्रांक 1543 (दिनांक 16 मई 2025) के आलोक में किया गया। पत्र के अनुसार 14 मई को विभागीय सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बुंडू, घोरमारा एवं सतबरवा स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में कार्रवाई हेतु अवर सचिव को अध्यक्ष तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं एनसीसी ग्रुप समादेशक मुख्यालय के प्रतिनिधियों को समिति में शामिल किया गया है।



### किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज के संस्थापक ने मां की पुण्यतिथि मनायी

**मेराल।** किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज के संस्थापक सह चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार साव ने मंगलवार को कॉलेज के सभागार में माता किस्समति कुवंर का पुण्यतिथि मनायी। इस नर्सिंग और फामेर्सी कॉलेज की स्थापना उनकी माता के ही नाम से किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अनिल कुमार साह ने अपने माताजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉक्टर अनिल कुमार साह ने कहा कि मेरी मां और पिताजी का सपना था कि मेराल जैसे गरीब और पिछड़े इलाकों में शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो। ताकि यहां के बच्चे लोगों को आसानी से कम खर्च में शिक्षा एवं चिकित्सा की व्यवस्था मिल सके। इसी सोच को साकार करते हुए किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी और नर्सिंग मेराल प्रखंड एवं गढ़वा के अन्य सुदूरवर्ती प्रखंडों के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा क्षेत्र में गरीब लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है।

### तपती दोपहर में फुटपाथ व्यवसायियों के लिए सहारा बनीं प्रथम महापौर



- बेलवाटिका बाजार में निजी खर्च से वितरित की छतरियां, बोलीं : जब तक चुनाव नहीं, निभाऊंगी 'नगर माता' का दायित्व

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सर्दियों में रात-बिरात अलाव जलवा कर और लोगों की कुशलक्षेम पूछकर चर्चा में रही पलामू नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एक बार फिर गर्मी में मानवीय पहल के लिए सुर्खियों में हैं। सोमवार को तपती दोपहर में जब सूरज सिर पर था, उसी समय महापौर बेलवाटिका सब्जी बाजार पहुंचीं और फुटपाथ पर बैठकर सब्जी-फल बेचने वाले व्यवसायियों को अपने निजी खर्च पर छतरियां बांटते हुए उनका हालचाल लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह छोटे व्यवसायी चिलचिलाती धूप और बरसात के मौसम में भी लगातार शहरवासियों को फल-सब्जी उपलब्ध कराते हैं। उनके लिए यह एक छोटी-सी राहत देने की कोशिश है, ताकि वे थोड़ी सहजता से अपना व्यवसाय कर सकें। प्रथम महापौर ने जानकारी दी कि उनके कार्यकाल में फुटपाथ व्यवसायियों के लिए आधुनिक सब्जी मंडी की योजना पारित की गई थी, जिसका निर्माण कार्य कांग्रेस भवन के समीप तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा, ₹जिस दिन यह मंडी पूरी होगी और हमारे छोटे व्यवसायियों के सिर पर एक स्थायी छत होगी, उस दिन मुझे सच्ची खुशी मिलेगी। वे सम्मानपूर्वक आधुनिक सुविधा युक्त परिसर में व्यवसाय कर सकेंगे, वहीं आम जनता भी स्वच्छ वातावरण में विभिन्न प्रकार की सब्जियां एक ही छत के नीचे खरीद सकेगी।

## पिच के साथ उखड़ने लगी सड़क दो माह में ही निर्माण की खुली पोल

- पांकी विधायक ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत डंडार कला से डंडार खुर्द तक पीएमजीएसवाई योजना से बनी सड़क महज दो माह में ही जर्जर होने लगी है। सड़क की पिचिंग जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। मंगलवार को पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया और गड़बड़ियों को देखकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण कार्य में घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए संवेदक पूजा कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई की मांग की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने फोन पर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि संवेदकों की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित ठेकेदार से पुनः गुणवत्ता के अनुरूप सड़क निर्माण कराया जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## स्कूल रुआर अभियान के तहत पलामू में 4143 छात्रों का नामांकन

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में स्कूल रूआर 2025 (बैक टू स्कूल) अभियान के तहत अब तक 4143 छात्रों का नामांकन किया गया है। यह अभियान 25 अप्रैल से 10 मई तक जिले भर में चलाया गया, जिसका उद्देश्य स्कूल से बाहर चल रहे बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। इस दौरान विशेष रूप से 2254 ड्रॉपआउट छात्रों को चिह्नित कर उनका दोबारा नामांकन सुनिश्चित किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंडवार लक्ष्य तय किए गए थे, जिन्हें विद्यालयों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समितियों के सहयोग से लगभग पूरा कर लिया गया है। नामांकन के साथ-साथ बच्चों के बीच रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें चित्रकला, नारा लेखन, खेलकूद आदि शामिल थे। संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं स्कूल प्रबंधन समिति ने अपने पोषक क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाते हुए ऐसे बच्चों का नामांकन कराया जो अब तक स्कूल से दूर थे। साथ ही ऐसे अभिभावकों से संपर्क कर अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

अभियान के तहत कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों का नामांकन कराया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ क्रांति कुमार चांद ने बताया कि जिले को मिले लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, हालांकि अब भी नए छात्रों का नामांकन जारी है।

उन्होंने उन अभिभावकों से अपील की है जिन्होंने अब तक अपने बच्चों का नामांकन नहीं कराया है, वे नजदीकी सरकारी विद्यालय जाकर शीघ्र नामांकन कराएं। प्रखंडवार आंकड़ों पर नजर डालें तो नौडीहा बाजार में सर्वाधिक 924 छात्रों का नामांकन हुआ है। इसके बाद छतरपुर में 759, सतबरवा में 343, चैनपुर में 329, पाटन में 161, हरिहरगंज में 173, हैदरनगर में 132, रामगढ़ और लेस्लीगंज में 133-133, मनातू में 110, हुसैनाबाद में 108, मोहम्मदगंज में 83, नवाबाजार में 84, पांडु में 140, पांकी में 67, तरहसी में 77, ऊंटारी रोड में 97, पड़वा में 50, पिपरा में 22 तथा डालटनगंज में 13 छात्रों का नामांकन हुआ है। इस तरह यह अभियान जिले में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने और ड्रॉपआउट दर को कम करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हो रहा है।

ड्रॉपआउट छात्रों को वापस स्कूल से जोड़ने में मिली सफलता, अभी भी जारी है नामांकन प्रक्रिया



## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी सुधीर कुमार बैठा को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता लड़की का मेडिकल जांच करा कर कारवाई शुरू कर दिया है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने दी।

### बीडीओ से मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सोनेहारा पंचायत के अबुआ आवास योजना के मजदूरों ने मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उक्त लोगों ने बीडीओ देवलाल करमाली से मुलाकात कर इस बाबत आवेदन दिया। पंचायत के बीडीसी लालमुनी गुप्ता के साथ बीडीओ के कार्यालय कक्ष पहुंचे मजदूरों ने लिखित रूप में आवेदन दिया। बीडीओ को दिए आवेदन में मजदूर ने लिखा है कि हम लोगों का मजदूरी मद की राशि का भुगतान नहीं किया गया। जानबूझकर हम लोगों की मजदूरी मद की राशि को लटकाने का काम किया गया है। बीडीसी लालमुनि गुप्ता ने मजदूरों की शिकायत को जायज बताया। बीडीओ ने बताया कि अबुआ आवास योजना के मजदूरों का आवेदन प्राप्त हुआ है।आवेदन के आलोक में उचित कार्रवाई की जा रही है।

### एक महीने से चापानल खराब, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**केतार।** पंचायत के केतरी गांव में पिछले एक महीने से चापानल खराब है, जिससे ग्रामीणों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन दैनिक जरूरतों के लिए पानी जुटाना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर से पानी ढ़ोकर लाना पड़ रहा है। इस कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। इतना ही नही पालतू मवेशियों को पानी पिलाने को लेकर परेशानी हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक साल तक पानी चापानल पानी दे रहा था लेकिन चापानल का बोर भर गया है । नये चापानल स्थानीय विधायक से लगवाने की गुहार लगाई है जिससे उन्हें जल संकट से राहत मिल सके। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो समस्या और गंभीर हो सकती है।इस मौके पर अजय चौधरी,धनंजय चौधरी, उद्देश्य पासवान, परिखा पासवान, कुसुम देवी, मालिक चौधरी उपस्थित थे।

### आज तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**श्री बंशीधर नगर।**बुधवार को श्री बंशीधर नगर में 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि निर्माणधीन एनएच फोर लेन सड़क स्थित जतपुरा में बिजली तार पोल हटाने का काम होगा। जिसे लेकर बुधवार सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी 11 बजे के बाद नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# गौवंश की तस्करी में शामिल पिकअप जब्त, तस्करों में मचा हड़कंप

## जब्त पशुओं को ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को निर्दयता पूर्वक पैर और गर्दन को एक दूसरे में बांध कर गो वंशीय पशु से लदे पिकअप जब्त किया है। थाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर नामजद आरोपियों को गढ़वा कारागार भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्कर एक पिकअप में गो वंशीय पशु ले जा रहे हैं। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया। और इस सूचना के आलोक में सुबह 3:15 बजे भगत सिंह चौक के पास जांच लगाया गया। एक घंटा बाद 4:15 बजे एक उजले रंग की पिकअप आती दिखाई दी। रोकने का इशारा करने पर पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने लगा। इसके बाद पुलिस द्वारा उक्त वाहन का पीछा करते हुए टेढ़की पुल के पास घेर लिया गया। पुलिस से घिरा देख वाहन चालक व सवार पिकअप खड़ा कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा भाग रहे लोगों को पकड़ लिया गया। उसके बाद सभी को थाना लाकर नाम पता पूछने पर दीपक कुमार पासवान पिता सीताराम पासवान, संतान कुमार पासवान पिता महावीर राम ग्राम सोनार खाप, वाहन मालिक अरुण कुमार पासवान पिता बसंत पासवान वाहन चालक बब्लू रविदास ग्राम सैदपुर नोगरा थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बताया। पुलिस के सख्ती से पूछने पर पशु व्यापारी का नाम गुड्डू खान के भाई मिंटू खान ग्रामथाना दाऊद नगर जिला औरंगाबाद बताया। उक्त पशुओं को संडा मेला पलामू के लिए लेकर जा रहे थे। जांच अभियान में करवाई में प्रभारी के साथ हवालदार राधेश्याम मांझी, आरक्षी सिकंदर पासवान, आरक्षी चालक लव कुमार दुबे साथ थे। जब्त पशुओं को ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये लोगों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी व उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी व शीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। नगर उंटारी के ग्राम अधौरा से आये सियाराम विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी भूमि को अभी तक अंचल अधिकारी द्वारा ऑनलाइन नहीं किया गया है, जिसकी वजह से उनको एनएच 75 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिल पाया है। शहर के वार्ड नंबर 10 से आई यशमीन परवीन ने उपायुक्त को बताया कि वह जब भी कोई काम लेकर अपने वार्ड पार्षद के पास जाने पर वह हमेशा मुझें अपशब्द बोलती है। भंडरिया से आई उर्मिला कुंवर ने बताया कि उनके पति की हत्या 2010 में उग्रवादियों द्वारा कर दी गई थी। उनके पति के जाने के बाद उनका एकलौता बेटा ही उनकी व घरवालों की देखभाल करता है। घर में और कोई पुरुष नहीं होने की वजह से उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनके घर में एक महिला 81 वर्ष की है जो बीपी व शुगर से ग्रसित है। उनकी बेटी भी हृदय रोग से ग्रसित है, जिसका इलाज वेदांता हॉस्पिटल, रांची में चल रहा है। इसी तरह जनता दरबार में 15 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसके समाधान हेतु उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों व विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।



### शिक्षक ने पहली वेतन से बच्चों के बीच मनायी खुशिया

**खरौंधी।** स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में भूगोल विषय के नवनियुक्त स्नातकोत्तर शिक्षक ओम प्रकाश यादव ने मानवता की मिसाल पेश की है। भवनाथपुर प्रखंड के मकरी गांव निवासी शिक्षक ने अपनी पहली वेतन की खुशी में विद्यालय के 500 छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षकों के बीच तरबूज बांटकर एक अनोखे अंदाज में खुशी का इजहार किया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर शिक्षक ने कहा कि राजी विद्यालय मेरी कर्मस्थली है। यदि मेरे छोटे से प्रयास से बच्चों के चेहरे पर खुशी आ जाती है, तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने शिक्षकी सराहना करते हुए कह यदि हम इन गरीब बच्चों के लिए कुछ कर पाएं, तो यह हम सभी के लिए गौरव की बात होगी।

## प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रतियोगिता कराने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में किया हुई। इसमें मुख्य रूप से खेलो झारखंड, सुब्रतो कप, जवाहर लाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता, खेलेंगे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे, सभी प्रकार के खेल प्रतियोगिता, विद्यालय स्तर से प्रखंड स्तर और प्रखंड स्तर से जिला स्तर से राज्य स्तर पर आयोजित होगा पर चर्चा की गई। खेलो झारखंड में झारखंड ओलंपिक समिति खेल मंत्रालय भारत सरकार व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खेल संघ के खेलों में से 12 खेल व एक बैंड प्रतियोगिता को इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में रखा गया है। इन 12 खेलों में अंडर 14,17, 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को प्रतिभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा। आयु 31 दिसंबर 2025 की आधार पर की जाएगी। जन्म प्रमाणपत्र के लिए नगर निगम, विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित मूल नामांकन पंजी, 8वां मैट्रिक के प्रमाण पत्र को मान्यता दी जाएगी कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जैक बोर्ड द्वारा निर्गत रजिस्ट्रेशन कार्ड, एडमिट कार्ड, अंक प्रमाणपत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगा। विद्यार्थियों को ई विद्यावाहिनी द्वारा निर्गत स्टूडेंट आईडी नंबर, पंजीयन प्रपत्र में अंकित कराना अनिवार्य होगा। मौके पर बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी एसएसए, प्रखंड साधन सेवी आउट सोर्सिंग, शारीरिक शिक्षिका आशा कुमारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी, शंभू शरण के अलावा अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## बिजली प्रवाहित नंगा तार की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गोंदा गांव में सब्जी की खेती नीलगाय से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ विद्युत प्रवाहित नंगा तार लगाया गया था, जिसकी चपेट में आने से मंगलवार की सुबह लगभग छह बजे एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक का बड़ा भाई बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार गोंदा गांव में लाइन होटल के बगल में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए विद्युत प्रवाहित नंगा तार लगाया गया था, जिसकी चपेट में झूमेलवा टोला के नंदू कुशवाहा 45 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक का बड़ा भाई लोकी महतो बाल बाल बच गए। लोकी महतो के अनुसार दोनों भाई एक साथ लाइन होटल से चाय पीकर खेत के रास्ते अपने घर जा रहे थे। खेत के रास्ते पर लगाया गया नंगा तार को देखकर लोकी झुक कर पार हो गए, परंतु छोटा भाई नंदू तार में फंस कर गिर पड़ा और तड़पने लगा। जिसे देख बड़ा भाई आस पास से एक लकड़ी लाकर तार को तोड़ दिया, परंतु तब तक देर हो गई थी। बता दे की सोमवार को हुई वर्षा से जमीन गिला था और नंदू विद्युत प्रवाहित पतला नंगा तार पर ही गिर गया, जिससे उसके शरीर में करंट लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और खेत के चारों तरफ लगाए गए पतला नंगा तार का विरोध करते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। सीओ जसवंत नायक मौके पर पहुंच परिजनों को अपने तरफ से दाह संस्कार के लिए नकद राशि दिए साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार लाभ दिए जाने की बात कही।

## विधायक ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विधायक अनंत प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड कार्यालय सह अंचल भवन का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की और कार्य प्रणाली की जानकारी ली। विधायक ने प्रखंड और अंचल कर्मियों से परिचय प्राप्त कर प्रखंड सहायक संजय सक्सेना से उपस्थिति रिपोर्ट मांगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड में कुल 23 और अंचल में 8 कर्मी कार्यरत हैं। निरीक्षण के दौरान कई कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर विधायक ने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने पदाधिकारियों पर जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार दौड़ाया जाता है। वहीं सीताराम राम ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिन लाभुकों को पेंशन स्वीकृति का प्रमाणपत्र मिला था, उन्हें अब तक पेंशन नहीं मिल रही है। प्रमुख आभा रानी और उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने भी कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का निष्पादन समय पर नहीं हो रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत की मुखिया घर में रहती हैं, जबकि उनके पति कार्यालय आकर फैसले लेते हैं। विधायक अनंत प्रताप देव ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि सरकार गरीबों के लिए योजनाएं चला रही है और उसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिकायत की जाएगी। इस दौरान बीडीओ रवींद्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, अंचल सहायक कौशलेंद्र शुक्ला, जेपीएस उमेश कुमार, वित कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, मयंक कुमार, अमर सोनी, विक्की कुमार, सचेत कुमार,मनीष कुमार मेहता, असनन्द राम,बैकुंठ यादव, विनय राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### अमरोरा में 19.92 लाख की लागत से गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास

# इमानदारी से काम कर दामन पर दाग नहीं लगने दिया : अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत अमरोरा गांव में विधायक अनंत प्रताप देव ने 19.92 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर उमवि अमरोरा परिसर में एक भव्य सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान ने की। संचालन शिया राम ने किया। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि उन्होंने हमेशा इमानदारी से काम किया है और कभी भी अपने दामन पर दाग नहीं लगने दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को रोकने का काम लगातार विरोधियों द्वारा किया जाता रहा है। आरोप लगाया कि पूर्व विधायक ने पावर प्लांट और डोमनी बराज जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स को रोकवाने का काम किया, जिससे आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाया। विधायक ने कहा कि हमने इस क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा पावर प्लांट लगाने का काम किया था, लेकिन राजनीतिक कारणों से उसे रोका गया। डोमनी बराज के रुकने से किसान आज भी सिंचाई के लिए परेशान हैं। उन्होंने भाजपा पर भी हमला करते हुए कहा कि 'मईंया सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को 2500 प्रतिमाह देने का वादा किया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना के तहत 2.30 लाख रुपये की सहायता देकर गरीबों को राहत दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 23 घंटे बिजली मिल रही है और सड़क, पानी जैसी समस्याओं को उन्होंने विधानसभा में मजबूती से उठाया है। सभा में धर्मराज पासवान, देवदत्त प्रसाद, श्याम सुंदर राम, रामचरित्र मेहता, राजेंद्र यादव, प्रदीप सिंह, संगीता देवी, शंभू चंद्रवंशी, आलिम अंसारी, सुरेंद्र गुप्ता, अजीत कुमार यादव, सचिन यादव, गिरीश कुमार यादव, विजय मेहता,चंदन कुमार, रेखा देवी, रानी देवी संवेदक नीरज सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक ने अंत में कहा कि झामुमो कार्यकर्ता जनता से किए हर वादे को पूरा करेंगे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**धुरकी।** देश के जांबाज शहीद सैनिकों के सम्मान में मंगलवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा धुरकी पेट्रोल पंप से चलकर कर्पूरी चौक से बलोक गेट होते हुए बजार मोड़ तक जाकर वापसी में कर्पूरी चौक लौट करर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल युवक व कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदे मातरम सरीखे नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा के महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना देवी,पूर्व जिला महामंत्री इन्द्रमणी जायसवाल कर रहे थे। यात्रा में संतोष जायसवाल, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार,सहादत अंसारी के साथ मंडल के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छह माह से बंद चापानल ग्रामीणों की एकजुटता से फिर चालू



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के मंझिगावा पंचायत के वार्ड संख्या 4 में छठ घाट के पास स्थित सार्वजनिक चापाकल, जो पिछले छह महीनों से खराब पड़ा था। अब ग्रामीणों की एकजुटता से फिर से चालू हो गया है। स्थानीय लोगों में राजदीप सिंह, धनुकधारी सिंह, अलीयार सिंह, बचानी सिंह, बालेश्वर यादव, इस्तहार अंसारी, अमीनुद्दीन अंसारी, लाइबुन बीबी, देवेंती देवी और सुभाषी देवी ने आपसी सहयोग से राशि जुटाई और मरम्मत कराया। वार्ड सदस्य बालेश्वर यादव ने कहा कि यह चापानल पूरे मुहल्ले के लिए जीवनरेखा है। खासकर छठ पूजा जैसे अवसरों पर इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। कई बार प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ, लेकिन ग्रामीणों की एकजुटता ने काम कर दिखाया। चापानल के छठ घाट पर होने से इसका धार्मिक महत्व भी है। समय पर हुई मरम्मत से क्षेत्रवासियों को भारी राहत मिली है। गर्मी में जब पीने के पानी की भी किल्लत थी, तब इस पहल ने सभी को राहत दी।


**कार्यालय-जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–

लोहरदगा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे है उन्हें सूचित किया जाता है कि पन्द्रह दिनों के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, हेसाग, राँची में जमा करें, अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

–:निवेदक:–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 352973 Lohardaga(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

ई-अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 17/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक–17.05.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/93/ 2024-25 | हंटरगंज | सलैया | सलैया | तीन मुहान अर्जुन कुमार यादव के घर से कुम्हार टोली होते हुए संजय भारती के घर तक PCC पथ निर्माण | 74,93,700.00 | चौहत्तर लाख तिरानबे हजार सातसौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/94/ 2024-25 | हंटरगंज | सलैया | पहाड़पुरा | हुलास यादव के घर से गंझु टोली तक PCC पथ निर्माण | 99,46,500.00 | निन्यानबे लाख छियालीस हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.05.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 352981 Rural Work Department (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना – 01/2025–26 (तृतीय आमंत्रण)

1 विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची।
2 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3 वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय :– 22.05.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से।
4 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक।
5 सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03 .10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :– 27.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक।
6 तकनीकी बीड खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 28.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न से।
7 तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा।
8 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :– ई0 अनुप कुमार हांसदाः, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा।
9 निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 :– 8084784990
10 ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 :– 8084784990

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, veh icle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in *Sub Division Lohardaga* for the year 2025-26. *(For Major - 262/Minor - 102 nos., Total – 364 nos.)* | RMDT-01 | 2,87,619.00 | 5,800.00 | 750.00 | Till 30 Sep 2025 |
| 2 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in *Sub Division Senha* for the year 2025-26. *(For Major - 454/Minor - 208 nos., Total – 662 nos.)* | RMDT-02 | 5,18,209.00 | 10,500.00 | 1,250.00 | Till 30 Sep 2025 |

PR 352977 Lohardaga(25-26)D
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**
ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या–16/RI/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक–17.05.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्रक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/82/ 2024-25 | हंटरगंज | औरू | बारा | जावादोहर पक्की सड़क से दास टोला मदन दास के घरतक PCC पथ निर्माण | 67,16,400.00 | सरसठ लाख सोलह हजार चार सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–21.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–27.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–29.05.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 352980 Rural Work Department(25-26)D

# तीन माह का राशन देने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अंतर्गत योग्य कार्डधारियों के बीच तीन महीने का राशन वितरण करने को लेकर महुआडांड़ बीडीओ सह सीओ संतोष कुमार बैठा ने प्रखंड के डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार सिन्हा, डीलर संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार, पूर्व डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, अशोक प्रसाद, श्याम कुमार गुप्ता, सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, धर्मराज कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, अकलीना बीबी, जयनारायण प्रसाद, अनुप कुमार पांडेय, सुचित कुमार, राजकिशोर प्रसाद, शौकत अली, महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, दोस्त मोहम्मद, अशोक कुमार, संजीव लकड़ा, मोख्तार अहमद, मालती देवी, कुशल किण्डो, अनिल कुमार, बद्रीनाथ प्रसाद, नोबर्ट केरकेट्टा, रामपुकार प्रसाद, प्रीतिश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, मरतियुस कुजूर, जंगबहादूर सिंह, रामप्रवेश गुप्ता, आनंद प्रसाद, अस्मिता कुजूर, बंसत प्रसाद गुप्ता, सलोमिना गिद्ध, पौलिना मिंज, मनिता लकड़ा, सीबी कुमारी, बंसत प्रसाद, रौशन बेगम, प्रमिला कुजूर, ग्लोरीया केरकेट्टा, सिलबियुस मुण्डा, मीना देवी, पवन कुमार, शकुन्तला देवी, शिवशंकर प्रसाद, चमन नगेसिया, सलेहा बीबी डीलर मौजूद थे। बैठक में सीओ संतोष कुमार बैठा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अंतर्गत योग्य कार्डधारियों के बीच राशन वितरण करने को लेकर डीलरों को कई दिशा निर्देश दिये।

**सांसदों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, घटना की जानकारी ली**

# कोयला व बालू तस्कर की गिरफ्तारी नहीं निर्दोषों को जेल भेजा जा रहा: आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिमखुर्द गांव में पुलिस की पिटाई से एक व्यक्ति की मौत के बाद भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधि मंडल में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली। परिवार ने बताया कि रात 11 बजे सदर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ सादे लिबास में घर पहुंची। पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके मेहमान दुखन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उनकी मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं और छोटे बच्चों तक को भी नहीं छोड़ा। सभी को बेरहमी से पिटाई की गई। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस की कार्रवाई को दुखद और बर्बर बताया। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने लातेहार एसपी कुमार गौरव से फोन पर बात करते हुए पूरे मामले की जानकारी दी। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जिले में कोयला व बालू की चोरी हो रही है। किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो रही है और निर्दोष लोगों को जेल भेजा जा रहा है। हेमंत सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार बनने के बाद आम लोगों पर अत्याचार बढ़ा है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। इस मामले में दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह राज्यभार में आंदोलन किया जाएगा। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई अमानवीय है। पुलिस ने जिस तरह बर्बरता पूर्वक पिटाई की है। वह गलत है। अगर इस तरह के मामला था तो थाने में बुलाकर समझौता करानी थी। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के साथ पुलिस की कार्रवाई शर्मनाक है। प्रतिनिधियों ने कहा कि वे इस मामले में राज्य के डीजीपी से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य सरोज देवी, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, अमलेश सिंह, वंशी यादव, मुकेश पांडेय, महेश सिंह, छोटू राजा, अनिल सिंह, पवन कुमार, सुनिता देवी, विशाल चंद्र साहू, गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, घनश्याम प्रसाद, पिंटू रजक,देवेंद्र राम समेत कई लोग मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन से संबधित आवेदन था। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समाधान जल्द करने का निर्देश दिया।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर टास्क फोर्स की बैठक, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक चंद्रदेव प्रसाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीएन प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है और झारखंड राज्य प्रखंडवार फाइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निमित्त प्रखंडवार फाइलेरिया बीमारी के संचरण की जांच रात्रि रक्त पट संग्रह के माध्यम से किया जाना है। रात्रि रक्त पट संग्रह अभियान ग्राम पंचायत डाड़ी में 25 मई से 27 मई तक किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर रात्रि स्लाइड कलेक्शन का कार्य किया जाएगा। इसके निमित्त बैठक में अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि यह बीमारी क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया की पहचान रात्रि में कलेक्ट किए गए रक्त के बूंद से ही परिलक्षित हो पाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकाला तिरंगा यात्रा

बारियातू। भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बारियातू मंडल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों द्वारा सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सांसद कालीचरण सिंह भा लिया। तिरंगा यात्रा के प्रखंड प्रभारी विनोद राणा जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा बारियातू हाई स्कूल से लेकर बस स्टैंड होते प्रखंड मुख्यालय व पेट्रोल पंप तक निकाली गई, जिसमें उपस्थित नागरिकों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम सरीखे नारा लगाया गया। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह, त्रिवेणी साहू, जिप सदस्य रमेश राम, संघर यादव, अरविंद सिंह, बिषनाथ सिंह, संतोष प्रसाद, बिनोद राम,जितेन्द्र सिंह,,श्रवण ऊरांव, पवन प्रसाद,किशोर राम,शजी निर्मल सिंह, लवकुश सिंह, संजीत कुमार, सुबोध कुमार, नीलु सिंह, ध्रव नीलू शर्मा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## एक नजर

### समर कैंप में बच्चों ने की जमकर मस्ती

**लातेहार।** शहर में स्कूली बच्चों का गर्मी छूट्टी शुरू होते ही जिले के विभिन्न स्कूलों में समर कैंप का आयोजन शुरू हो गया है। सोमवार को जिला मुख्यालय के लातेहार पब्लिक स्कूल में जैसे ही समर कैंप का आगाज हुआ, मानो बच्चों के चेहरे पर अलग ही खुशी, जोश और जुनून देखने को मिला। समर कैंप में जिस तरह नन्ने बच्चों के द्वारा नृत्य किया जा रहा था, इसे देख वहां मौजूद और बच्चों के अभिभावक मंत्र मुग्ध नजर आए। मौके पर कई शिक्षक बच्चों के खुशियों में शामिल हो उनके साथ कदम ताल किया, जिससे बच्चों में और भी ज्यादा खुशियां उनके चेहरे पर नजर आई। मौके पर स्कूल के सचिव मुकेश भास्कर ने कहा कि कैंप का उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों के बीच जो दूरिया हैं, उसे पाटने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बच्चे तनाव मुक्त होकर पूरे जुनून के साथ आने वाले दिनो में अपना बेस्ट दे सकें। इस कैंप में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

### ग्रीन फील्ड एकेडमी में समर कैंप का आयोजन

**चंदवा।** ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने से पूर्व अंतिम कार्यदिवस को यादगार बनाने के उद्देश्य से ग्रीनफील्ड एकेडमी में विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक समर कैंप का आयोजन किया गया। यह समर कैंप जूनियर विंग के लिए 19 व 20 मई तथा सीनियर विंग के लिए 20 मई को आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य प्राचार्या श्रीमती अन्नाकुट्टी, जूनियर विंग की प्राचार्या श्रीमती शेरोल एवं प्रबंधक श्रीमती अनुराधा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे इन गतिविधियों के माध्यम से सीखने व आनंद उठाने का भरपूर प्रयास करें।

# सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ हवन व भंडारे के साथ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया(चतरा)।** प्रखंड के कुट्टी रंगेनिया में शिव परिवार मां दुर्गा और पंच मुखी हनुमान के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ हवन और विशाल भंडारे के साथ मंगलवार को संपन्न हो गया। यज्ञ का आयोजन 14 से 20 मई तक किया गया। यज्ञाचार्य सुदर्शनाचार्य महाराज ने पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ समापन कराया। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र मे यज्ञ होता है, वहां के लोग भाग्यशाली होते हैं। यज्ञ के हवन से उठने वाले धुंआ कई विषाणु को नष्ट कर निरोगता प्रदान करता है। यज्ञ के बाद क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और निरोगता आता है। यज्ञ के समापन के बाद विभिन्न जगहों से आए कथा वाचक व पंडितों को समिति द्वारा दान-दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सात दिनों तक यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र भक्तिमय रहा। श्रद्धालु शाम से देर रात तक सारे कार्य को छोड़कर भागवत भजन में जुटे रहते थे। यज्ञ समिति द्वारा श्रद्धालुओं के भोजन, पानी और सोने का संपूर्ण व्यवस्था की गई थी।

# सक्षम एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयोगी उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** चुनाव प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए मताधिकार के उपयोग को आसान एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम ईसीआई एप्प लांच किया गया है। इसके जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांग के रूप में चिह्नित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप्प में उपलब्ध हैं। किसी भी चुनावी सेवा का अनुरोध करने के लिए पहली बार मतदाताओं को अपने राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर देने के साथ अपना इपिक आईडी कार्ड नंबर प्रदान करना होगा। एक बार जब वह ऐसा कर लेंगे तो बीएलओ अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए उनके घर जाएंगे। इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम ईसीआई एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एपल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहनों का डीटीओ ने जांच की

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने मंगलवार को ऑटो की जांच की। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सामने स्कूली बच्चों को ले जा रहे ऑटो की जांच की। इस दौरान कई ऑटो में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बैठे पाये गये। डीटीओ ने ऐसे ऑटो चालकों को हिदायत दे कर छोड़ा। कहा कि अगली बार क्षमता से अधिक बच्चे बैठे पाये गये तो जुर्माना और कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ऑटो चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। कहा कि यातायात नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान आठ मोटरसाइकिल का 17 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया। बता दें कि पिछले सोमवार को उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा कर ऑटो चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने कहा कि क्षमता से अधिक बच्चे ढ़ोने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

### स्व प्रभाकर मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 26 से

चंदवा। कमांडो क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आगामी 26 मई से स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में स्व प्रभाकर मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर जय हिंद पुस्तकालय सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र वैद्य व संचालन डॉ. शम्स रजा ने किया। बैठक में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। साथ ही आयोजन को सफल बनाने को लेकर कार्यभार का बंटवारा भी किया गया। बैठक में आयोजन के निमित कोष संग्रहण,जन भागीदारी, विधि व्यवस्था, खेल स्टेडियम प्रबंधन समेत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विनोद कुमार गुड्डू, राजेंद्र यादव, अजय वैद्य, रविराज, दीपक निषाद, आयोजन समिति के दारा सिंह, सुधाकर मुकेश सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य केंद्र में लो वोल्टेज की समस्या जीवन रक्षक दवा नष्ट होने के कगार पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** भीषण गर्मी के इस मौसम में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक गंभीर संकट का सामना कर रहा है। क्षेत्र में लगातार बिजली की लो वोल्टेज समस्या के चलते न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, बल्कि अस्पताल में संग्रहीत लाखों रुपए की जीवन रक्षक दवाएं और टीका भी खराब होने के कगार पर पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित कोल्ड स्टोरेज और रेफ्रिजरेटर पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण सही तापमान बनाए रखने में असमर्थ हो गए हैं। इससे वैक्सीनेशन, एंटीबायोटिक्स, इंसुलिन और अन्य संवेदनशील दवाओं के गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अनुमान है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो लाखों रुपये की दवाएं बर्बाद हो सकती हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि कई दिनों से बिजली की आपूर्ति अनियमित रूप से और लो वोल्टेज के साथ हो रही है। हमारे पास सीमित समय तक चलने वाला जनरेटर तो है, परंतु वह सभी यूनिट्स को कवर करने में असमर्थ है। दवाओं का भंडारण सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

### वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं को पेन डायरी देकर दी गई विदाई

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रामवि परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं को पेन डायरी देकर विदा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एचएम अनिता देवी, सहायक शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एचएम ने कहा कि आप सभी आठ बोर्ड पास कर अब नौवीं वर्ग की पढ़ाई करने के लिए उच्च विद्यालय में प्रवेश करेंगे। जिस मेहनत के साथ इस विद्यालय से पढ़े हैं। इसको आगे भी जारी रखेंगे। इसके बाद सभी उपस्थित शिक्षकों ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। अंत में विद्यालय परिवार के ओर से सभी उतीर्ण छात्र-छात्राओं को पेन डायरी देकर सम्मानित कर विदा किया गया।


## समाहरणालय, लातेहार
(जिला भू-अर्जन शाखा)

**-: आम सूचना :-**

अंचल– चन्दवा एवं अंचल– मनिका जिला– लातेहार अन्तर्गत परियोजना–राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडू से उदयपुरा सेक्शन के अन्तर्गत Design Ch.-59.00 km से Ch.-97.600 तक चार लेन सड़क निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–II) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत Design Ch.-97+515 km से Ch.-147+ 540 तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्व रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं वंशावली निर्गत हेतु राजस्व कागजात 1. आवदेन पत्र, 2. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति, 3. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 4. आपसी सहमति पत्र, एवं 5. आधार कार्ड के साथ अंचल–कार्यालय, चन्दवा एवं मनिका में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय।

इसके अतिरिक्त मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात यथा खतियान/केवाला की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, इण्डेमिनिटी बॉण्ड पेपर, बैंक पास बुक, शपथ पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत, वंशावली प्रमाण पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो एवं नोटिस की मूल प्रति के साथ आयोजित शिविर में उपस्थित होकर राजस्व कागजात जामा करना सुनिश्चित करें, ताकि जाँचोपरान्त मुआवजा भुगतान की कार्रवाई किया जा सके।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | तिथि | शिविर का स्थान | मौजा का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चन्दवा | 21.05.2025 | अंचल कार्यालय, चन्दवा | 1. सेन्हा 2. पिरदाग 3. बेरगडा 4. अमझरिया | |
| 2. | चन्दवा | 22.05.2025 | अंचल कार्यालय, चन्दवा | 1. हुटाप 2. बोरसिदाग 3. चिरो 4. टूढामू 5. रूद | |
| 3. | मनिका | 23.05.2025 | अंचल कार्यालय, मनिका | 1. दून्दु 2. नदवेला 3. जमुना 4. लाली 5. औराटांड 6. सिंजो 7. मनिका 8. एजामांड़ 9. नामूदाग | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 352972 Land Reforms (25-26)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

W.P.(PIL) No.- …../2025 Swapan Kumar Sarkar & others Vrs. Union of India & Ors के अभियुक्त Sovran Comtrade Pvt.Ltd. कम्पनी द्वारा झारखण्ड तथा अन्य राज्य के कई जिलों में जिसमें अधिकतम पलामू जिला के आमलोगों द्वारा लाखों करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति के पास कोई भी जानकारी या शिकायत हो तो आप अपने नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराये अथवा निम्न मोबाईल नम्बर पर संपर्क करें।

उ0न्या0को0 प्रभारी – 6200324606

पूलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 352970 (Police) 25-26 (D)



## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू
(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)
Phone No. 06562-224077,224033
E-mail- drdapalamu2019@gmail.com

**महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) अन्तर्गत सृजित विभिन्न पदों के रिक्त पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दावा/आपत्ति संबंधी सूचना**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 4729 दिनांक 04.06.2007, नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य नियमावली 2007, संकल्प संख्या 6440 दिनांक 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन), नियमावली, 2012 एवं संकल्प संख्या ज्ञापांक 848 दिनांक 21.03.2017 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन), नियमावली के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधियिम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु पलामू जिले में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पद पर पूर्णतया संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दिनांक 13.12.2023 से 02.01.2024 तक विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर online आवेदन प्राप्त किये गये हैं।

उक्त पदों के online प्राप्त आवेदन की स्क्रुटनी करने के उपरांत पलामू जिले के वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है। यदि आवेदक को प्रारंभिक सूची में किसी प्रकार की टंकण त्रुटि ज्ञात होती है तो आवेदक अपना दावा/आपत्ति उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू को लिखित आवेदन मनरेगा कोषांग, डी0आर0डी0एस0, पलामू में दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक दे सकते है। उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 352975 (District)25-26*D


# श्री श्री 1008श्री रूद्र ज्ञान शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा धूम धाम से संपन्न

# जनता की समस्याओं का समाधान किए बिना चैन नहीं: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा गांव में 13 मई से चल रहे नौ दिवसीय शिव परिवार महायज्ञ में सोमवार रात्री भव्य जागरण का आयोजन किया गया। वहां मुखिया मनजीत सिंह ने कलाकारों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया। भक्ति जागरण का शुभारंभ यज्ञशाला में अखंड दीप से दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम की प्रस्तुति झारखंड के मशहूर पैड प्लेयर सुदेश सिंह की टीम द्वारा दी गई। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर व भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। मंझगावा में श्री श्री 1008श्री रूद्र ज्ञान शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा धूम धाम से संपन्न हो रहा है।यज्ञ में भक्त जनों की भीड़ उमड़ रही है।यज्ञ शाला की परिक्रमा करने के लिए भक्त अहले सुबह से ही पहुंच रहे है। भक्तों की भीड़ को देख कर यज्ञ समिति ने भव्य स्वागत में जुटे हैं।कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्जवल दास भक्तों के बीच पहुंचे। उनका स्वागत मुखिया मंजीत सिंह व यज्ञ समिति अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। विधायक उज्ज्वल दास ने कहा कि जिस तरह राम जी के अनन्य भक्त हनुमान जी राम काज किए बिना मोहि कहां विश्राम।ठीक उसी प्रकार जनता जनार्दन की समस्याओं को समाधान किए बिना मुझे चैन कहा। उन्होने मयूरहंड वासी को जनता के सेवक के रूप में अपने आप को समर्पित बताया।कहा मैं आप सबों का आदेश पालक हूं।आप सबों का आदेश मेरे लिए सर्वोपरी है।यज्ञ को सफल बनाने में मुखिया मंजीत सिंह, अशोक सिंह, बहादुर सिंह, भृगु सिंह, अनिल सिंह, विजय सिंह, यशमेंदर यादव, मुकुंद यादव, रविंदर सिंह, विनय सिंह, सकलदेव सिंह, नागेंद्र सिंह, अर्जुन प्रजापति समेत कई लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या–18/RII/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक–17.05.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 6 | RWD/CHATRA/108/2024-25 | टण्डवा | बड़गांव | बड़गांव | रबुलमियाँ के घर से महतो आहर तक PCC पथ निर्माण | 3214000.00 | बत्तीस लाख चौदह हजार मात्र | 03 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–21.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–27.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–29.05.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 352983 (Rural Work Department)25-26*D

### बक्शीडीपा ढोडा टोली में तेज आंधी-तूफान से तबाह हुआ गरीब परिवार, प्रशासन से राहत की गुहार

# कच्चा मकान पीपल के पेड़ की चपेट में आकर हुआ जमींदोज, परिवार बेघर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** मंगलवार को दोपहर करीब 1:30 बजे लोहरदगा जिले में आई तेज आंधी और मूसलधार बारिश ने कई इलाकों में कहर बरपाया। सबसे गंभीर घटना बक्शीडीपा ढोडा टोली गांव से सामने आई, जहां एक विशाल पीपल का पेड़ ठिबु उरांव नामक व्यक्ति के कच्चे मकान पर गिर गया। इस हादसे में उनका पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर में रखा सारा सामान मलबे के नीचे दबकर नष्ट हो गया।

घटना के वक्त ठिबु उरांव ईंट भट्ठा में मजदूरी करने गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे घर में ही थे। अचानक आई तेज आंधी में जब पीपल का विशालकाय पेड़ घर पर गिरा तो जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे परिवार को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। संयोग से किसी की जान नहीं गई, लेकिन परिवार पूरी तरह से बेघर हो गया है।

ठिबु उरांव की पत्नी ने आंखों में आंसू लिए बताया कि यह मकान ही उनका एकमात्र सहारा था, जो अब खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि उनके पति मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पेट पालते हैं और अब बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन बितगांव के लोगों ने सहायता देने की कोशिश की है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत और पुनर्वास मुहैया कराया जाए, ताकि वे फिर से जीवन की पटरी पर लौट सकें।

# किस्को के खरचा हाई स्कूल में जान जोखिम में डालकर पढ़ते हैं बच्चे

- तीन जर्जर कमरों व बरामदे में 1 से 10वीं तक की पढ़ाई, ग्रामीणों ने की नए भवन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के दूरस्थ पहाड़ी गांव खरचा में शिक्षा की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ठकुराइन डेरा खरचा में कक्षा 1 से 10 तक की पढ़ाई होती है, लेकिन विद्यालय भवन की स्थिति इस कदर जर्जर है कि बच्चों को हर दिन जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू गांव पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया।

विद्यालय में मात्र तीन कमरे और एक बरामदा उपलब्ध है, जिनमें सभी दस कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई कराई जाती है। सभी कमरे और बरामदा जर्जर हो चुके हैं। कई जगहों से छत का प्लास्टर झड़ चुका है, छड़ें बाहर निकल आई हैं और किसी भी वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बच्चों और शिक्षकों को भय के माहौल में पढ़ाई करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र नया भवन निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के बच्चों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में शिक्षा मिल सके।

बहरहाल, यह मामला न सिर्फ एक स्कूल की दुर्दशा को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी शिक्षा की व्यवस्था आज भी कितनी उपेक्षित है।

### निरीक्षण में उजागर हुई बदहाली

निरीक्षण के दौरान मुखिया कमिल टोपनो, पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो, पूर्व मुखिया सुमित्रा उरांव, विकास नगेसिया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में बताया कि वर्षों से विद्यालय भवन की मरम्मत नहीं हुई है और अब नए भवन की सख्त जरूरत है। निरीक्षण के बाद साहू ने विद्यालय भवन की जर्जर हालत की फोटो लोहरदगा उपायुक्त को भेजी और डीएमएफटी फंड से नए कमरे बनाने की मांग की। उपायुक्त ने मामले में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही साहू ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर विद्यालय के लिए भवन निर्माण को प्राथमिकता देने की अपील की। जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी बताया कि डीएमएफटी फंड प्रभारी से वार्ता हुई है और विभागीय स्तर पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

## कीटनाशक सेवन से युवक की हुई मौत

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी अशोक कुमार पाण्डेय का पुत्र अमित कुमार पाण्डेय ने अपने घर में गलती से कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे अमित का हालत बिगड़ने लगा। अमित की स्थिति को देख परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिये लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की निगरानी में प्राथमिक उपचार किया गया। परन्तु गम्भीर स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही अमित कुमार पाण्डेय की मौत हो गई। जिसकी सूचना लोहरदगा सदर थाना पुलिस को मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौप दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सेन्हा प्रखंड में भारतीय सेना के सम्मान में भाजपाइयों ने निकाला तिरंगा यात्रा



**सेन्हा।** भाजपाइयों के नेतृत्व में सेना के सम्मान में प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ हुआ तिरंगा यात्रा जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं सहित प्रखंड के गणमान्य लोग शामिल हुए। विदित हो कि सेन्हा में प्रखंड स्तरीय भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं विहिप के सौजन्य से तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा के दौरान सेन्हा में भारतीय सेना की शौर्य पराक्रम और वीरता पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। वही शोभा यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति का सहसचिव विजय सोनी,उपाध्यक्ष केदार साहू, संरक्षक रामकिशोर शुक्ला, सदस्य नवल साहू,अवधेश साहू,विहिप के रामलगन महतो, भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, संस्थापक सदस्य रामलाल महतो,तिरंगा यात्रा में शामिल थे। वही तिरंगा यात्रा शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के प्रांगण से होकर धोबी मुहल्ला,महतो मुहल्ला,सती मंदिर सहित पूरे प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण कर पशुपालन अस्पताल के समीप प्रांगण में सम्पन्न हुआ। तिरंगा यात्रा के क्रम में भारत माता की जय,भारतीय सैनिक जिंदाबाद, वन्दे मातरम,पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद की जयघोष करते भ्रमण किया जा रहा था। तिरंगा यात्रा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के छात्र छात्राएं भी शामिल थे। भारतीय सेना की शौर्यता का गुणगान पर संपूर्ण देशवासी में खुशी की लहर है।

### नीरू शांति भगत झामुमो केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात




**लोहरदगा।** झामुमो नेत्री नीरू शांति भगत ने पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव विनोद कुमार पांडे से मुलाकात कर संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की। विनोद कुमार पांडे ने कहा कि 27 मई को केन्द्र सरकार की दोगली नीति के विरोध में राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को धारदार बनाना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सरना धर्म कोड लागू किए बिना जातीय आधार पर जनगणना करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। विनोद कुमार पांडे ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व ही माननीय हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने आदिवासी सरना धर्म कोड विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित कराके केंद्र सरकार के पास भेजा दिया गया है परंतु उसे अब तक लागू न कर जाति आधारित जनगणना कराने की बात करना केंद्र सरकार की दोगली नीति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है और यहां के आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड दिए बिना जातीय जनगणना कराना बेमानी है। इसलिए झामुमो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी और झारखंडी जनता को जगाकर उनका अधिकार दिलाने का कार्य करेगी। हमारा नारा है जब तक आदिवासी सरना धर्म कोड नहीं, तब तक जातिय जनगणना नहीं। इसके लिए सभी स्तर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का तन- मन- धन से सहयोग अपेक्षित है।

### हरमू रोड में 100 के वी का जला ट्रांसफार्मर शीघ्र बदल जाएगा : सांसद सुखदेव भगत

**लोहरदगा।** हरमू रोड के दर्जनों महिला लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर मुलाकात किया। महिलाओं ने सांसद को बताया कि कुछ दिन पहले नदिया हरमू रोड कार्तिक उरांव स्मारक के समीप स्थित 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले के तुलना में अब यहां अत्यधिक घर हो जाने के कारण बराबर ट्रांसफार्मर जल जाता है इसलिए यहां 100 के वी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग सांसद से किया। सांसद ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 100 केवी का ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। आप लोग आपने घरों की सूची उपलब्ध करा दीजिए 200 के वीका ट्रांसफार्मर भी यहां लगवा दिया जाएगा सांसद ने महिलाओं से महिला मंडल के संबंध में जानकारी लिए और उन्हें कहा कि जिन महिला मंडल को अभी तक रिवाल्विंग फंड नहीं मिला है उन्हें जल्द ही रिवाल्विंग फंड भी दिलवा देंगे। संसद में महिलाओं से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आग्रह किए। मौके पर लालमणि उरांव,सजीता कुजूर सूरजमानी उरांव रमिया उरांव शीला देवी, दीपिका देवी सुनीता देवी मीणा उरांव मंजरी उरांव रंजीता उरांव अनीता उरांव पूनम उरांव मीणा उरांव गीता उरांव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

### विकास योजनाओं की हुई बैठक

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन मे मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई. बैठक में बीपीओ, पंचायत सचिवों, जनसेवक एवं ग्राम रोजगार सेवकों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन आवास, 15वें वित्त आयोग और मनरेगा योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना की स्थिति पर चर्चा हुई. बीडीओ ने सभी पंचायतों में दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया. बीडीओ ने अधूरे अबुआ आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने की बात कही. बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लोग जोड़ें, गड्ढा खोदें अभियान के कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया.इस मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर , आवास कॉर्डिनेटर नितलेन्द्र नारायण , मनीष अग्रवाल , पंचायत सचिव महिपाल भगत , अजय भगत , रेखा कुमारी , नवप्रभात कुजूर , जेई रविशंकर कुजूर सहित जनसेवक , रोजगार सेवक उपस्थित थे।


## कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिसूचना संख्या 08/नियमावली (आर0ओ0)–01/2024 न0वि0आ0 3370 दिनांक 06.09.2024 के तहत निम्नांकित रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (R.O Water) संत्रय के संचालको को तीन नोटिस दिये जाने के उपरांत भी आर0ओ0 संयत्र का निबंधन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अबतक नहीं कराया गया है, जो निम्नवत हैं :–

| क्र0 सं0 | आर0ओ0 वाटर उपचार संयत्र के संचालक का नाम | पता |
|---|---|---|
| 01 | सुभम कुमार | थाना चौक, वार्ड सं0 08, लातेहार |
| 02 | जितेन्द्र कुमार | माको डाक बगला के पास, वार्ड सं0 03, लातेहार |
| 03 | सुलतान खान | करकट श्रम विभाग कार्यालय के पास, वार्ड सं0 01, लातेहार |
| 04 | कुन्दन कुमार जयसवाल | निम चौक, करकट वार्ड स0 01, लातेहार |
| 05 | राजेश कुमार सिंह | अम्बाकोठी वार्ड सं0 –09, लातेहार। |
| 06 | नरेश प्रसाद | मिषन हाता के पास, स्टेषन रोड़, लातेहार। |
| 07 | निशांत पाण्डेय | चंदनडीह, लातेहार। |

अतः उपरोक्त सभी आर0ओ0 वाटर उपचार संयत्र के संचालक से अनुरोध हैं कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय में पूर्ण दस्तावेज समर्पित करते हुए निबंधन कराना सूनिश्चित करेगें। निबंधन नहीं होने के परिस्थिति में विभागीय अधीसूचना सं0 3370 दिनांक 06.09.2024 में निहित आदेश के आलोक में संबंधित उपचार संयत्र को सील करते हुए जुर्माने की राशि वसूल की जायेगी। साथ ही विशेष जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 353044 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email:- nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक– 499/दिनांक– 20,05,2025

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य निदेशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328, दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले पूर्व में Urban Health and Welness Center/आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक– 04.06.2025 को नगर पंचायत हुसैनाबाद में अपराहन 03:00 बजे साक्षात्कार/Walk-In-Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक चिकत्सक जो निम्नलिखित अहर्ता रखते हों, वे अपना Bio- Data कार्यालय के ई–मेल nphussainabad@gmail.com पर दिनांक–02,06,2025 तक भेज कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| कम सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिक्तम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा। |
| 4 | मानदेय | रु0 63000/– (तिरसठ हजार रुपये मात्र) |
| 5 | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी। | |
| 8 | Walk-In-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्यदिवस झारखण्ड सरकार के द्वारा मान्य सभी कार्य दिवस | |

नोट:– विस्तृत जानकारी हेतु इस कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के सम्पर्क सूत्र– 9835206770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 353047 District (25-26)_D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)
कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।
पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114

**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नमांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु (DAESI (Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

गढ़वा जिले के बीज/उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता जो वैद्य अनुज्ञप्तिधारक है नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से भी आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 को दिनांक 30-05-2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकता है। नामांकन हेतु कुल अभ्यार्थी की संख्या 40 है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रामण–पत्र की छायाप्रति (अंक–पत्र, मूल प्रमाण–पत्र)।
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशक)।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. दो फोटोग्राफ पासपोंट साईज।
6. लाईसेंसधारी की Input Dealer को रू0 14000/- (चौदह हजार रूपया) मात्र एवं गैर–लाइसेंसधारी को रू0 28000/- (अठाईस हजार रूपये) मात्र का Demand Draft जो DIRECTOR SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र रद्द हाने या चयन न होने की स्थिति में Demand Draft वापस कर दिया जाएगा।
7. Demand Draft को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
9. लइसेंसधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अधिक जानकारी हेतु आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से सम्पर्क किया जा सकता है।
- विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलाव करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 353067 Agriculture(25-26)D

## Office of Deputy Commissioner, Latehar
**Fact Sheet**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation & Maintenance of different Capacities Off-Grid Solar Power Plants all across Latehar". |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy from https://gem.gov.in/ https://latehar.nic.in/ |
| c. | Date of Issue of RFP | 20/05 /2025 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 04/06 /2025 at 11 AM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 05/06 /2025 at 11.30 AM |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | After Finalizing Technical Proposal |
| g. | Time allowed for completion | 45 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | **INR 5,00,000/- (Rupees Five Lakh only)** in the form of a Bank Guarantee drawn in favor of "District Planning office, Latehar" drawn in any Nationalized Bank only payable at Latehar. |
| i. | Address at which the tenders are to be submitted: | Office of District Planning Office, Latehar. C/o District Planning office, Latehar, Jharkhand |
| j | Mode of submission of Hard Copy | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| k | Method of Selection | Cost-Based Selection (CBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents as per Annexure- A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluatedin the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid evaluation. **Stage 2:** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The Rate quoted by the agencies should be valid for 2 years.** |

**Note:-** The DC Office reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned inthe RFP document regularly. Proposals must be received no later than the time, and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered. The DC Office, Latehar reserves the right to cancel or change the tender without anyprior notice/information.

PR.NO.353072 Planning and Development(25-26):D

District Planning Officer, Latehar

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 08/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रभारी पदाधिकारी डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के पत्रांक 583/डी0एम0एफ0टी दिनांक 02.05.2025 के द्वारा प्रदत स्वीकृति के आलोक में नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत सफाई संयत्रों के तहत इलेक्ट्रीक वाहन एवं साईकील रिक्सा का कय किया जाना है।

**संयत्रों का विवरण**

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **ELECTRIC VEHICLE (With Twin Bin For Garbage Collection Registration and All Complete) Specification:-** Max Engine Power- 16hp@2920 RPM, Max Engine Torque- 50, Battery Type, Volt - Li lon, 48V lilon P 48V,Wheel Base(mm) -2200, Vehicle Dimensions(LXBXH)mm- 3425X1460X1755, Cargo Dimensions(LXBXH)mm - 1828X1397X278,Gross Vehicle Weight- 998 kg, Kerb Weight-492 kg, Battery Capacity- 10.24 kwh(200AH), Charging Time- 4 Hrs, Size of Front and Rear Tyre-4.5-10.8 PR, Pay Load- 506, Type of Steering- Handle Bar,Chassis Certification- ARAI,Type of Tipper-Garbage Tipper, Type of Chassis Frame- Ladder Type frame with Independent Suspension, Type of Chassis- Ladder Type, Type of Fuel - Electric Power Pack, Motor/ Engine- 3phase induction Ground Clearance- 180 mm, Type of BIS MARKED vehicle tyre- Tube Radial, Chassis Transmissions System- Direct Drivability, Suspension Rear- Rubber spring & Hydraulic, Tipper Capacity- 1.5 Cum | 01 | 1000.00 | 30000.00 | |
| 02 | **ELECTRIC VEHICLE (Registration and All Complete) Specification:-** Max Engine Power- 16hp@2920 RPM, Max Engine Torque- 50, Battery Type, Volt - Li lon, 48V lilon P 48V ,Wheel Base(mm)-2200, Vehicle Dimensions(LXBXH)mm- 3425X1460X1755, Cargo Dimensions(LXBXH)mm - 1828X1397X278, Gross Vehicle Weight - 998 kg, Kerb Weight-492 kg, Battery Capacity- 10.24 kwh(200AH), Charging Time- 4 Hrs, Size of Front and Rear Tyre-4.5-10.8 PR, Pay Load- 506, Type of Steering- Handle Bar,Chassis Certification- ARAI, Type of Chassis Frame- Ladder Type frame with Independent Suspension, Type of Chassis- Ladder Type, Type of Fuel - Electric Power Pack, Motor/ Engine- 3phase induction Ground Clearance-180 mm, Type of BIS MARKED vehicle tyre- Tube Radial, Chassis Transmissions System- Direct Drivability, Suspension Rear- Rubber spring & Hydraulic, | 01 | 1000.00 | 30000.00 | |
| 03 | **Tricycle Garbage Rickshaw (For Garbage Collection and All Complete)** Garbage Rickshaw driven on three wheels with 01 No. normal rickshaw tyre in front and 02 Nos. TVS Moped type tyre fitted with pipe rim at rear, main frame, chain, handle, heavy duty tyre & tube with rim fitted with all reputed make accessories. Garbage Dala dimension of 5'x4'x2'6" at side and 5'x4'x3' at middle should be made of GI sheet having floor sheet thickness is 16G and side wall, windows and rear gate is 20G thickness with 25x25x3 angle. Main frame angle of size 30x30x3, 25/5 and 32/3 size with internal partition. 02 Nos. open able windows at the top for collecting dry wet garbage separately having made from 20x20x3 angle. 02 Nos. open able rear gate with proper locking arrangement having dimension of 2'6"x2' with angle of 20x20x3, painted with anti rust coated paint with one part green and other part blue colour and other specification as per your requirement. | 01 | 500.00 | 5000.00 | |

इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता निचे दिये गये विवरण अनुसार कय किये जाने वाले सफाई संयत्रों इलेक्ट्रीक वाहन एवं साईकील रिक्सा से संबंधित सभी कर सहीत मूहरबन्द लिफाफे में **निविदा दिनांक 28.05.2025 के अपराहन् 2.30 बजे तक** नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते है। मुहरबन्द निविदा के लिफाफे में संबंधित फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता को सभी कर सहीत दर, पैनकार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट (विगत तीन वर्षों का), अध्यतन जी0एस0टी0 3b रिर्टन, प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र, संबंधित सफाई संयत्रों के अधिकृत विकेता का प्रमाण पत्र, विगत तीन वर्षों का ऑडीट रिर्पोट यूडीन नम्बर के साथ, फर्म के काली सूची में नही होने एवं दिये गये कागजात सही होने का शपथ पत्र, एक वर्ष के रख रखाव का स्वघोषणा पत्र, निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का डीमाण्ड ड्राफट/बैंकर चेक (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार के नाम से देय हो) एवं स्वच्छ रंगीन कैटलॉग जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित निविदा को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सुरक्षीत जमा राशि एवं अन्य कर (Tax) की कटौती की जायेगी। निविदादाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। साथ ही सफल निविदादाता के साथ न्यूनतम दर अनुसार उपरोक्त संयत्रों के आपूर्ति हेतु अगले एक वर्श के लिए RATE CONTRACT किया जायेगा। आवश्यकता पडने पर कार्यालय द्वारा RATE CONTRACT के अनुसार उपरोक्त संयत्रों का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जा सकता है। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 353043 Urban Development(25-26)#D

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने अवैध बालू उठाव करते ट्रैक्टर को किया जब्त



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेंग में अवैध रूप से बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को चैनपुर थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई ।जानकारी के अनुसार, महेंद्र कंपनी का ट्रैक्टर, जिसका नंबर सीजी 15 डीएक्स 0310 है, केड़ेंग स्थित शंख नदी से बिना किसी वैध कागजात के बालू का उठाव कर रहा था ।चैनपुर थाना प्रभारी को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़ लिया। जब्त किए गए ट्रैक्टर को चैनपुर थाना लाया गया है ।स्थानीय लोगों के अनुसार, चैनपुर प्रखंड में अवैध बालू का उठाव एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बालू माफिया लगातार नियम-कायदों को ताक पर रखकर नदी से बालू निकाल रहे हैं और इसे जरूरतमंद गरीबों को मनमाने दामों पर बेच रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है ।चैनपुर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि पुलिस आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी ताकि अवैध बालू खनन पर लगाम लगाया जा सके। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है और क्या प्रशासन इस अवैध धंधे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में सफल हो पाता है।

### ऑपरेशन सिदूंर की सफलता पर सिसई वासियों ने निकाला तिरंगा यात्रा



**सिसई (गुमला)।** जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कायराना घटना को अंजाम देने के उपरांत पाकिस्तानी इलाके में घुस कर भारतीय सेना के द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने और भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय जल, थल और वायु सैनिकों के अदम्य शौर्य,अद्भुत पराक्रम और आतंकवादियों के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राईक को लेकर प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्र भक्ति के नारे लगाए। मौके पर लक्ष्मी नारायण यादव, निरंजन सिंह, मनोहर नायक, अनिल कुमार साहु, सत्यनारायण भगत, अनिल साहु, सुखलाल साहु,छोटेलाल ताम्रकार, संजय महतो,चरवा उरांव, मनोज वर्मा,संजय वर्मा, वसंत यादव, नितेश बड़ाईक,जीतवाहन साहु, सत्यनारायण साहु,रामनिवास उरांव, यादराम साहु, जितेन्द्र साहु, सत्ते साहु, संजय भगत,अजय उरांव, नारायण साहु, सहित कई लोग मौजूद थे।

### बस और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, शोक की लहर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के समीप मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना एक यात्री बस और मोटरसाइकिल के बीच सीधी भिड़ंत के कारण हुई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है ।मिली जानकारी के अनुसार, लुपुंग नवाटोली निवासी अविनाश असुर (पिता- सिलबीरयुस असुर, उम्र 21 वर्ष) और अमित असुर (पिता- अनसेलम असुर, उम्र 27 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर से गुमला की ओर जा रहे थे। चैनपुर अनुमंडल कार्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही 'मूनलाइट' नामक यात्री बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अविनाश असुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल अमित असुर को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रहे हैं। इस हृदय विदारक घटना से पूरे चैनपुर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### पम्पापुर इंटर महाविद्यालय में नामांकन फॉर्म का वितरण शुरू

**पालकोट (गुमला )।** पालकोट स्थित पम्पापुर इंटर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-2027 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु नामांकन फॉर्म का वितरण 21 मई 2025 से प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के कार्यालय से प्रातः 10:00 बजे से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार जायसवाल ने जानकारी दी कि सीबीएसई, जेएसी और आईसीएसई बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण सभी वर्गों — एसटी, एससी, ओबीसी एवं सामान्य वर्ग — के छात्र-छात्राओं का सीधा नामांकन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। कंप्यूटर साइंस पढ़ने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी, वहीं पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सभी विषयों के विशेषज्ञ व्याख्याताओं द्वारा ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था भी की गई है। खास बात यह है कि कमजोर और नियमित रूप से उपस्थित न हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल क्लास की भी विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें पढ़ाई में और बेहतर किया जा सके। महाविद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और खेलकूद के क्षेत्र में भी छात्रों को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। छात्रों को खेल जगत में प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे क्षेत्र, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा की गई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफल कार्रवाई पर चैनपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज भारतीय सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक के नेतृत्व में प्रेमनगर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड, मेन रोड होते हुए लोंग बस स्टैंड तक गई ।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारी वीर भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई है। आतंकवाद के खिलाफ सेना द्वारा की गई यह कार्रवाई हम सभी देशवासियों के लिए गौरव का विषय है ।यात्रा में शामिल वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर बड़ाईक ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का जिस दृढ़ता से हमारी सेना ने जवाब दिया है, वह उनके अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है ।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है ।यह तिरंगा यात्रा न केवल भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने और उनका आभार व्यक्त करने के लिए निकाली गई है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। उन्होंने चैनपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया ।तिरंगा यात्रा के दौरान "भारत माता की जय" और "भारतीय सेना जिंदाबाद" के जोशीले नारे लगाए गए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया ।इस यात्रा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक, राहुल कुमार, कौशल केशरी, शिवम केशरी, शशि भूषण सिंह, रुकमणि देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।



### भाजपायों ने सैनिक के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**गुमला।** घाघरा में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई. यह तिरंगा यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी के अगुवाई में चांदनी चौक से थाना चौक होते हुए ब्लॉक चौक पहुंची पुनः ब्लॉक चौक से वापस होते हुए चांदनी चौक शाहिद देवनारायण भगत स्थल पहुंच कर समाप्त हुवा भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के सम्मान मे निकाली गई है, भारतीय सेना के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर की गई है यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

### डोम्बा मोड़ पर बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के डोम्बा मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक आकाश उरांव की मौत हो गई। मृतक घाघरा थाना क्षेत्र के गुनिया गांव का निवासी था। जब आकाश बाइक से डुड़िया स्थित अपने मामा के घर जा रहा था। रास्ते में डोम्बा के समीप मोड़ पर बाइक असंतुलित हो गई और वह तेज रफ्तार में सड़क पर गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रात में एंबुलेंस से जब आकाश को सदर अस्पताल लाया गया तो वहां डॉक्टर टोली किस्पोट्टा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे और बेटे की मौत की खबर सुनते ही फफक-फफक कर रो पड़े। परिजनों ने बताया कि आकाश का परिवार शिमला में रहकर मजदूरी करता है और वह चार दिन पहले ही अपने बीमार पिता को देखने गांव आया था। उसी क्रम में वह बघिया स्थित अपने ससुराल गया था और वहां से मामा के घर डुड़िया लौट रहा था, तभी हादसा हुआ। घटना के बाद गोल्डन ऑवर में दो युवकों ने आकाश को अस्पताल पहुंचाया।

### समर कैंप के माध्यम से बच्चों में जागी रचनात्मकता व स्वास्थ्य चेतना



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शिक्षा, रचनात्मकता और स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित एक सफल पहल के तहत गुमला जिले के विभिन्न विद्यालयों में 20 मई को समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक क्षमता और टीम भावना को न सिर्फ प्रोत्साहित किया, बल्कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को लेकर भी व्यापक जनजागरूकता का संदेश दिया। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय फसिया में समर कैंप की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत बाल गीतों और चेतना गीतों से हुई। इसके पश्चात शरीर के अंगों की जानकारी को रोचक खेलों के माध्यम से बच्चों को सिखाया गया। चित्रांकन, नृत्य, गायन और समूह चर्चा जैसी गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत फाइलेरिया उन्मूलन विषयक जानकारी भी साझा की गई, जिसमें बताया गया कि यह रोग मच्छरों के कारण फैलता है और इससे बचाव के लिए स्वच्छता, मच्छरदानी का प्रयोग और समय पर दवा लेना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत जैंरागी के समर कैंप में कुल 86 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुखिया श्रीमती रेखा मिंज, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण और पिरामल फाउंडेशन से कुंतल पाल, खेमचंद चंद्राकर व शुभम भारती शामिल हुए। यहां भी बाल गीतों, चित्रांकन और खेलों की प्रस्तुतियों के साथ फाइलेरिया के प्रति चित्रों व संवादों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया।

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुटवन में आयोजित समर कैंप में मुखिया बीना देवी ने बच्चों को अपनी बचपन की कहानियों से जोड़ा और पिरामल फाउंडेशन की टीम ने समूह गीत, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं शब्द खेल जैसी कई गतिविधियों का संचालन किया।

इन सभी आयोजनों में विद्यालय शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, पिरामल फाउंडेशन और समुदाय की संयुक्त भागीदारी देखने को मिली। इन समर कैंपों ने यह साबित किया कि सीखना केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि संवाद, रचनात्मकता और सामूहिक प्रयासों से बच्चों का समग्र विकास संभव है।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2025-26**

**Letter No:- 321** Date:-19.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Harta Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Harta, Panchyat- Fakiradih, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non- refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025, Time-4.00PM Last Date:-18.06.2025, Time:-4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:-19.06.2025, Time:- 04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer (b) E-mail of e- Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh- cemr_jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/A registered manufacturers/ Company/Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Garhwa**

PR.NO.353001 Minor Irrigation(25-26):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-03/2025-26**

**Letter No:- 320 Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Tewali Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Tewali, Panchyat- Janeva, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025, Time - 4.00 PM Last Date:- 18.06.2025, Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.2025, Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

PR 353000 (Minor Irrigation)25-26*D

### जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान सुनी गईं 50 से अधिक समस्याएं

# उपायुक्त ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 50 से अधिक नागरिकों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन और आवास से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में आदर पंचायत अंतर्गत सेरेंगदाग गांव के लोगों ने गांव में बिजली, पानी, सड़क और अस्पताल की सुविधा की मांग की। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को गांव में डॉक्टर और एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य आधारभूत सुविधाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

हरिजन मोहल्ला, टोटो के वार्ड नंबर 5 के निवासियों ने अधूरे नल जल योजना कार्य की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। तेल्या गांव, परसा पंचायत के ग्राम प्रधान ने पेयजल संकट की समस्या उठाई और डीप बोरिंग की मांग की। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में जे.सी.बी. मशीन से कार्य कराना पूर्णतः वर्जित है एवं मनरेगा मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है। गढ़वा जिला अंतर्गत सभी जे.सी.बी. मालिक को सूचित किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में अपना जे.सी.बी. मशीन का प्रयोग मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में नहीं करेंगे। यदि कोई भी जे.सी.बी. मशीन मनरेगा योजना में कार्यरत पाया जाता है तो संबधित जे.सी.बी. मशीन एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

उप विकास आयुक्त–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक गढ़वा

उपायुक्त–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR 352987 Rural Development (25-26)_D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा। (खेल शाखा)

Email id-lohardagadso@gmail.com

**सूचना**

विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 द्वारा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय/राष्टीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि मानक पुनर्निर्धारित किये गए है। तदलोक में झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता धारित करते हों उनसे नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में संबंधित जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त विभागीय संकल्प के आधार पर राज्य के अहर्त्ताधारी खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों से विहित प्रपत्र में नकद पुरस्कार राशि हेतु दिनांक 31.05.2025 तक कार्यालय जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा में विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन समर्पित करेंगें।

नोटः– इच्छुक आवेदक प्रतिभागी www.lohardaga.nic.in से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं या जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 352984 (Lohardaga) 25-26 (D)

## कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार

(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**ई०कल्याण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | प्रारंभ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र– 2024–25 के लिए पंजीकरण से छूटे हुए शैक्षणिक संस्थानों को भी पंजीकरण के लिए विशेष अवसर की समय सीमा | 17-05-2025 | 25-05-2025 |
| 2 | छूटे हुए शैक्षणिक संस्थानों का जिला एवं राज्य स्तर पर पंजीकरण सत्यापन की तिथि | 19-05-2025 | 28-05-2025 |
| 3 | शैक्षणिक सत्र–2024–25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 17-05-2025 | 30-05-2025 |
| 4 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 17-05-2025 | 25-06-2025 |
| 5 | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा | 17-05-2025 | 30-06-2025 |

नोट :– अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार (Website- ekalyan.cgg.gov.in) पर उपलब्ध है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लातेहार

PR 353025 Welfare (25-26)_D

## समादेष्टा का कार्यालय, आई०आर०बी०–03 चतरा, कैम्प–पिपरवार

**अतिअल्पकलीन निविदा आमंत्रण सूचना/2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आई0आर0बी0–03, चतरा, कैम्प, पिपरवार के विभिन्न कार्यालय/कम्पनी/पोस्ट–पिकेट एवं वाहिनी मुख्यालय हेतु उपस्कर सामान जैसे दैनिक साफ–सफाई, मेस सामग्री बिजली उपकरण, खेल–कूद एवं अन्य सामाग्रियों को क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छुक निविदा दाता मुहरबंद लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–28/05/2025 के अपराह्न 17:00 बजे तक अपना कोटेशन कार्यालय अवधि में निबंधित डाक द्वारा या हाथो–हाथ प्राप्त करा सकते हैं। विलंब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक–02/06/2025 को 11:00 बजे समादेष्टा का कार्यालय में खोली जायेगी। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी क्षण निविदा को रद्द अथवा खोलने की तिथि बढाने का अधिकार होगा। उपस्कर शाखा से संबंधित सामानों की सूची एवं विस्तृत जानकारी समादेष्टा, आई0आर0बी0–03, चतरा कैम्प–पिपरवार के सूचना पट्ट या जी0पी0 शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा में भाग लेने वाले का शर्त निम्नवत है:–**

1. उक्त मदो में वैसे आपूर्तिकर्ता निविदा दे सकते हैं जो झारखण्ड राज्य में वाणिज्यकर में निबंधित हो।
2. निविदा दाता का निविदा में GST, TIN-NO होना अनिवार्य है।
3. उपस्कर शाखा से संबंधित कार्यादेश को एक सप्ताह के अंदर कार्य निष्पादन/वा०मु० में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
4. समादेष्टा, आई0आर0बी0–03, चतरा कैम्प–पिपरवार को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताए एक या एक से अधिक सभी निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द कर सकते हैं। साथ ही झारखण्ड सरकार के द्वारा कोई भी क्रय संबंधी नीतिगत निर्णय या अनुरोध होने पर उसके अनुसार ही कार्यवाही की जाएगी।
5. निविदा खोलते समय निविदा देने वाले एजेंसी उपस्थित रहेंगे।
6. निविदा धारकों को सुरक्षित टिकाउ एवं गारंटीड सामानों की आपूर्ति करना होगा।
7. सामग्रियों की संख्या निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
8. किसी परिस्थिति में निविदा उपलब्ध नहीं होने पर निर्धारित समय अन्तर्गत कार्य में असमर्थता होने पर निविदा में अनुमोदित दर पर किसी भी फॉर्म द्वारा कार्य करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

नोटः–विस्तृत जानकारी के लिए समादेष्टा कार्यालय आई.आर.बी.–03 चतरा, कैम्प पिपरवार में सम्पर्क किया जा सकता है।

समादेष्टा
आई०आर०बी०–03 चतरा,
कैम्प–पिपरवार

PR 353034 (Home)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेमचंद हमेशा मानते थे कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार मिलने चाहिए। उनका उद्देश्य था कि समाज में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिल सके, खासकर गरीब, दलित और शोषित वर्ग को। **- मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

# एहसान का बदला आतंक से चुकाता बांग्लादेश

1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। उस समय बांग्लादेश के मुक्ति योद्धाओं ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शरण ली और वहीं से पाकिस्तान के खिलाफ अपना स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। स्वाभाविक रूप से, बांग्लादेश के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के लोगों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने कठिन समय में उनकी मदद की। लेकिन समय के साथ स्थिति उलटी होती चली गई, और आज पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से उत्पन्न कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मेजर जनरल एएलएम फजलुर रहमान ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि 'अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया, तो बांग्लादेश को भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा कर लेना चाहिए।' यह बयान तब आया, जब 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 हिंदुओं की मौत हो गई और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। फजलुर रहमान पूर्व में बांग्लादेश राइफल्स (अब बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के प्रमुख रह चुके हैं और दिसंबर, 2024 में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा 2009 के बांग्लादेश राइफल्स विद्रोह की जांच के लिए गठित 'राष्ट्रीय स्वतंत्र आयोग' के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। उनके इस बयान पर बांग्लादेश सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि ये उनके निजी विचार हैं और सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि बांग्लादेश 'संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' के सिद्धांतों का पालन करता है। यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश की ओर से पूर्वोत्तर भारत को लेकर असंवेदनशील और विस्तारवादी संकेत मिले हों। बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व दुनिया में सबसे अधिक है और संसाधन सीमित हैं। ऐसे में अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि बांग्लादेश अवैध प्रवास को अपनी 'अनाधिकारिक नीति' की तरह इस्तेमाल कर भारत के पूर्वोत्तर में जनसांख्यिकीय बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 1947 के विभाजन के बाद और फिर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लाखों हिंदू शरणार्थी भारत आए। समय के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रवासी भी अवैध रूप से भारत में घुसे, जो आर्थिक कारणों से भारत आ रहे थे। बांग्लादेश ने कभी इस अवैध घुसपैठ को स्वीकार नहीं किया, बल्कि जब भी भारत सीमा पर बाड़बंदी करता है या सुरक्षा कड़ी करता है, तो बांग्लादेश हमेशा विरोध करता है। बांग्लादेश की कुछ सरकारों ने भारत विरोधी तत्वों और पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को समर्थन दिया है। सैन्य शासन और बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के दौर में यह नीति ज्यादा स्पष्ट थी। खालिदा जिया ने तो पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' तक कह दिया था। परंतु 2009 में शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद इस नीति में बदलाव आया और उन्होंने भारत के साथ मिलकर उग्रवाद को कुचलने का कार्य किया, जिससे पूर्वोत्तर भारत में शांति बहाल हुई। भारत के साथ शेख हसीना की सहयोगी नीति और आतंकी तत्वों के खिलाफ कठोर रवैए को बांग्लादेश के कट्टरपंथी और भारत विरोधी ताकतों ने कभी स्वीकार नहीं किया।

*स्वाभाविक रूप से, बांग्लादेश के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के लोगों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने कठिन समय में उनकी मदद की।*


# देवत्व की चाह है प्रेम में हो गुनाह

रास्ता भटकी नदियों ने ही नए शहरों की खोज की है। उसी प्रकार जिनके हिस्से प्रेम नहीं आया, उन्होंने ही दुनिया को प्रेम, करुणा और संवेदना का उत्कृष्ट संदेश दिया। इसलिए कहा गया है कि जहां रिक्तता है, वहीं पूर्णता है। शून्य होना ही संपूर्ण होना है। प्रेम में देह और आत्मा दोनों की जरूरत है अन्यथा व्यक्ति देव होते हुए नरक का राह पर चल पड़े। देह होने से जीवन को संतोष होता है, एक आशा एवं विश्वास मिलता है, और आत्मा उस प्यार की आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से पूर्णता को प्राप्त हो जाता है। प्यार चाहे इकतरफा, दुतरफा हो। यह सफल हो या असफल। इस मन रूपी समुद्र के हलचल को शांत करने के लिए प्रेम का गुनाह आवश्यक है। ऐसे में ही सवाल उठता है कि क्या पुरुष और नारी के संबंध का एक ही रास्ता है प्रणय, विवाह और तृप्ति। क्या हमारा प्रेम का पथ विश्वास और त्याग के मधुर सुवास में गतिमान नहीं हो सकता है।

यशराज की एक फिल्म थी, "दिल तो पागल है"। इसमें हीरोइन जब अपने प्रेम को छोड़ कर जाना चाहती है, तब हीरो पूछता है- जाने के पहले एक बात बता दो। क्या तुमने कभी भी, एक दिन के लिए या एक पल के लिए प्यार किया ? हिरोइन के पास इस सवाल का जवाब नहीं होता है। कदाचित प्रेम का कोई हद नहीं होता, यह बेहद होता है। धर्मवीर भारती का कालजयी उपन्यास "गुनाहों का देवता" में उसकी मुख्य पात्र सुधा कहती है- तुम सुधा का चंदर तो कहते हो, फिर क्यों खुद से दुर कर देते हों ? काश तुम समझ पाते कि खुले आकाश में इधर-उधर भटकने के बाद तूफानों से लड़ने के बाद मैं कितना आतुर हो उठी हूं। बंधन के लिए, किसी सशक्त डाल पर बने हुए सुखद एवं सुकोमल नीड़ में बसेरा बनाने के लिए। यह अद्भुत उपन्यास है जो यह सिखाता है कि जीवन के हर मोड़ पर हमें अपने दिल और दिमाग के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। प्रेम के इस जाल में फंसे पात्रों के बीच के संघर्ष को समझना और महसूस करना बहुत ही दिलचस्प है।

किसी भी आदमी को पूरा जीवन कहां मिलता है जीने को कभी ? जीवन के कुछ खास पल को ही हम जी पाते हैं। जिंदगी बस दिन-रात के दरम्यान बस हैरत से देखती ही रह जाती है, और समय निकल जाता है। लेकिन प्रेम का रसायन समय के सभी चैहदी के पार चला जाता है। यूनानी दार्शनिक एम्पाक्लेडीज कहता है- जब प्रेम का प्रभाव अपने चरम उत्कर्ष पर होता है, तब अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी एक-दूसरे में पूर्णतः विलीन हो जाते हैं। चंदर और सुधा का प्रेम भी कुछ ऐसा ही है। एक-दूसरे में विलीन। वैसे भी जब प्रेम अपने उत्कर्ष पर होता है, तो देह, एक स्थूल मन बन जाता है और मन सूक्ष्म देह। मनुष्य अपने अस्तित्वबोध में पूरी तरह बहने लगता है। कदाचित इसी कारण कहा जाता है कि इस अस्तित्व को धारण करने वाला सर्वोत्तम रसायन प्रेम है।

धर्मवीर भारती ने "गुनाहों का देवता" के बारे में ऐसा लिखा था कि मेरे लिए इस उपन्यास का लेखन




वैसे ही है जैसे पीड़ा के कष्टों में पूर्ण आस्था से प्रार्थना करना...। इस उपन्यास में मुख्य रूप से सुधा और चंद्र के जीवन के बारे में बताया गया है, और ज्यादातर चंद्र के दर्शन से आगे बढ़ते हैं। धर्मवीर भारती का यह उपन्यास अप्रतिम है। यह जीवन की उनकी अपार समझ का ही प्रभाव है कि कई बार पाठक कब पवित्रता और देवत्व का बाण टूटेगा...। कब चंद्र या सुधा का पतन होगा ? और वे आम इंसानों की तरह एक-दूसरे के समक्ष आत्म-समर्पण कर देंगे। कदाचित संसार भी यही चाहता है लेकिन भारतीय सभ्यता में कृष्ण-राधा, मीरा-श्याम का प्रेमकथा भी है। भवभूति की रामकथा है। सीता का वनगमन भवभूति का अच्छा नहीं लगता है, तो उन्होंन एक महाग्रंथ की ही रचना कर दी। उत्तररामचरित। इसमें वह माता सीता को वन से पुनः बाहर लाकर प्रभु श्रीराम से मिलते है। कदाचित धर्मवीर भारती भी पतनशील भारतीय समाज के चरित्र से वाकिफ थे। इसलिए वह पाठक को इंतजार करने का बस अवसर देते है कि कब हमारे पुण्यों का देवता गुनाहों के देवता में बदलेगा। उपन्यास के माध्यम से भारतीजी दोनों की पवित्रता की ओर इशारा करते हैं, हालाँकि शारीरिक प्रेम की आवश्यकता की तुलना में वे भावात्मक प्रेम की पवित्रता के प्रति अपना दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से प्रकट भी करते हैं।

कहानी की शुरुआत इलाहाबाद के सिविल लाइंस में हमें चंद्रकुमार कपूर (जो अर्थशास्त्र में शोध कर रहे हैं) से होती है, जो अल्फ्रेड पार्क में टहल रहे हैं। उनके संरक्षक एक डॉ. शुक्ला हैं, जो चंदर के कॉलेज में वरिष्ठ प्रोफेसर थे। वे लोग श्री शुक्ला की बेटी सुधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वह उसे पुस्तकालय की सदस्यता दिलाने में मदद कर सके। अन्य पात्र भी हैं- एक ठाकुर साहब, एक सहपाठी जो स्पष्ट रूप से खुशमिजाज और मजबूत व्यक्ति है। और दूसरा, रवींद्र बिसारिया, जो पहले एमए का छात्र है और पहले कवि है। फिर सुधा आती है, जो एक चुलबुली और खुशमिजाज लड़की है। जब डॉ. शुक्ला (सुधा और चंदर के बीच के प्यार से अनजान) सुधा की शादी करवाने का फैसला करते हैं, तो सुधा यह देखकर चैंक जाती है कि चंदर उस आदमी यानी कैलाश से शादी करने पर जोर दे रहा है जिसे उसके पिता इस तरह सुधा की शादी कैलाश से हो जाती है और चंदर एक पागल यात्रा पर निकल पड़ता है।

भारतीय चिंतन में प्रेम एक अबाद्ध बंधन है, जहां पुरुष हो या स्त्री, वह पूर्णतः तृप्त भी होती है और मुक्त भी। कई बार अकेलापन ही उसकी पूर्णता बन जाती है। गुनाहों का देवता में चदर का पात्र हर पल मानो कहना चाहता है- क्या बांधेगा संसार मुझे। मेरी चाहत की आबद्धता का कोई छोर नहीं है। यह पूर्णता में विलीन होने का भाव है। वहीं सुधा के लिए प्रेम ज्ञान का हिस्सा नहीं है। यह उसका अस्तित्व है। जितना सहज चदर प्रेम को लेता है, उतना सुधा नहीं ले पाती। वह सदैव कहना चाहती है कि आज मै तुम्हें ढूंढ़ रही है। तुम्हें, तुम्हारे लिए नहीं, अपने लिए। अपने इस अस्तित्व को संपूर्ण बनाने के लिए। चदर और सुधा के माध्यम से उपन्यास में आकाश और धरती के अनन्य प्रेम भाव को अभिव्यक्त किया गया है। कभी लगता है कि भारतीय साहित्य का यह उपन्यास अंग्रेजी में या किसी विदेशी लेखक द्वारा लिखा गया होता तो क्या होता ! क्या इसे शेक्सपीयर, हर्मन हेंस, फ्रांज काफ्का और चार्ल्स डिकेंस के क्लासिक्स की तरह विश्व साहित्य में स्थान पाती !

वास्तव में जीवन एक खेल है। इस खेल का अर्थ हार या जीत नहीं है। उसी प्रकार प्रेम भी कोई पाने या नहीं पाने का काम नहीं है। इसलिए की जो प्रेम में उलझा है, वह भी ढूंढ़ रहा है। जो नहीं उलझा है, वह किनारे पर खड़ा है और ढूंढ़ रहा है। तो आखिर हम क्या चाहते है ? अगर अकेला रहना ही प्रेम की तार्किक परिणति है तो मनुष्य क्यूं दूसरे की खोज में भटकता फिरता है। और जब प्रेम में होता है तो खुद नहीं, दूसरा क्यों महत्वपूर्ण हो जाता है ? चंदर और सुधा के माध्यम से यही प्यार की सार्थक परिभाषा है। यह प्यार के साथ शाश्वत की यात्रा है। प्रेम में होना, और प्रेम न न होना। जीवन का एक ही क्षण में वृत्त है और उसी क्षण में वह स्थिति वर्ग भी होता है। वर्ग में प्रेम की अनंत भुजाएं और दिशाएं बंद हो जाती है तो वृत्त में समना दूरी पर सभी दिशाएं मिल जाती है। इसलिए कभी-कभी लगता है कि रूसो जब कहता है कि- मैन इज बॉर्न फ्री, बट एवरी व्हेयर ही इज इन चेनस यानी मनुष्य जन्म के समय पूरी तरह से स्वतंत्र होता है, उसके बाद वह चारों ओर से बंधनों में जकड़ जाता है। जीवन एक सरहद है। इसमें देह हो मन का अगल रूप, रस और स्वाद है। न किसी को बदला जा सकता है, न ही किसी को बांधा जा सकता है। सब पवित्र है, सब स्वतंत्र है। नदी की बहती धारा की तरह। अब धारा को रोक कर जीवन को स्वरूप देना है या धारा के साथ जीवन को बहा ले जाना है। यह हमारी खोज पर निर्भर करता है।

**(यह आलेख प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती की कालजयी कालजयी रचना "गुनाहों का देवता" पर चिंतन है।)**

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

## "असफलता : सफल होने की ओर पहला कदम"

आज का युग प्रतिस्पर्धा और परिणामों से भरा हुआ है। हम सभी चाहते हैं कि हमें हर प्रयास में सफलता मिले। पर क्या कभी सोचा है कि सफलता तक पहुंचने का पहला कदम असफलता ही होती है? दुर्भाग्यवश, समाज में असफलता को आज भी नाकामी, शर्मिंदगी और नकारेपन से जोड़ा जाता है। यही सोच लोगों को कोशिश करने से रोकती है। हम असफलता से इतना डरते क्यों हैं? शायद इसलिए कि हमें बचपन से सिखाया गया है कि असफल होना गलत है। लेकिन अगर हम असफल नहीं होंगे, तो कैसे जान पाएंगे कि हमारी दिशा सही है या गलत? हर गलती एक अनुभव देती है और हर अनुभव आगे की राह आसान बनाता है। इतिहास उठाकर देखें तो दुनिया के हर महान व्यक्ति की सफलता के पीछे असफलताओं की एक लंबी कहानी है। थॉमस अल्वा एडीसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 से भी अधिक बार असफल प्रयोग किए। उन्होंने खुद कहा था – "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने बस 1000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" अब्राहम लिंकन को कई बार चुनावों में हार का सामना करना पडा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अमेरिका के सबसे प्रेरणादायक राष्ट्रपति बने। आज के समय में भी देखें तो हर बड़ा बिजनेस आइकन पहले किसी न किसी असफल योजना का हिस्सा रहा है। जैक मा (अलीबाबा) को 30 से अधिक नौकरियों से निकाला गया, वॉल्ट डिज़्नी को एक बार कहा गया कि उनमें कल्पना की कमी है, जे.के. रोलिंग को हैरी पॉटर को छापने के लिए कई प्रकाशकों ने मना किया। समस्या तब खड़ी होती है जब कोई युवा कुछ नया करने की कोशिश करता है, और समाज उसे असफल होते ही ताने देने लगता है – "तुमसे नहीं होगा", "समझदारी से कोई नौकरी कर लो"। यह सोच ही गलत है। किसी ने अगर बिजनेस शुरू किया, और वो सफल नहीं हुआ, तो हमें उसे निरुत्साहित करने की जगह यह कहना चाहिए – "तुमने हिम्मत की, अब और बेहतर करके दिखाओ।" असफलता को हमें सेलिब्रेट करना सीखना चाहिए, क्योंकि इसका मतलब है – हमने कोशिश की। जिसने कभी कोशिश ही नहीं की, वो जीवन में कुछ बड़ा नहीं कर सकता। सिर्फ एक एग्जाम में दो बार फेल हो जाना, यह तय नहीं करता कि वो इंसान किसी और क्षेत्र में कमाल नहीं कर सकता। जरूरी है कि हम अपनी ताकत और रूचि पहचानें और समय रहते राह बदलने से न डरें।

(veenavlogs@gmail.com)

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता

# तुर्कीए की दगाबाजी और भारत का चूको मत चौहान

पहलगाम में हुए आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व पटल पर भारत विरोधी तुर्की के उस चेहरे को बेनकाब करके रख दिया है जिसे हम सदियों से एक अहसानफरामोश राष्ट्र के तौर पर जानते रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकी घटना की पूरे विश्व ने भर्त्सना की। यहाँ तक कि पाकिस्तान समर्थक चीन व अजरबैजान ने भी अपनी कुटनैतिक पटल पर ऐसे किसी भर्त्सना से परहेज नहीं किया परन्तु भारत पर ड्रोन हमला करने के लिए तुर्की के द्वारा न केवल पाकिस्तान को भरपूर संख्या में डोन उपलब्ध कराये गए बल्कि एक कदम आगे बढ़कर अपने ऑपेटरों से उनका संचालन तक कराया गया। यह सही है कि भारत और तुर्की के बीच के संबंध कभी अच्छे नहीं रहे हैं। इतिहास की थोड़ी बहुत जानकारी रखने वालों को यह बखूबी पता है कि पाशविक प्रवृत्ति और क्रूरता के लिए कुख्यात तुर्की एक आक्रांता देश रहा है। यह वही भूखंड है जहाँ के लुटेरे मोहम्मद गौरी को भारतीय शासक पृथ्वीराज ने लगातार ग्यारह बार हराया और हर बार उसे जीवनदान देने की उदारता भी दिखाई परन्तु मौका मिलते ही इस लुटेरे ने छल कपट के बल पर क्षमाशील पृथ्वीराज की हत्या कर दी। पृथ्वीराज चौहान की की इस हत्या के आठ सौ इकतीस वर्षों के बाद साल 2023 में जब भूकंप के कारण तुर्की में त्राहिमाम मची हुई थी तब भारत ने उसे अरबों रुपए का सहयोग किया और सबसे पहले हमने ही उसकी मदद की। तुर्की में आए इस भूकंप के दौरान लगभग 44000 लोग काल के गाल में समा गए थे। संकट की इस घड़ी में जहाँ पाकिस्तान रस्म अदायगी में मशगूल था वहीं हमने खुला दिल दिखाते हुए 126 मिलीयन अमेरिकी डॉलर की उन्हें मदद दी। इसके अतिरिक्त भूकंप से तहस नहस हुए इस देश की इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करते हुए हमने सिर्फ वर्ष 2024 में साढ़े तीन लाख भारतीय टूरिस्टों के साथ उनका भरपूर सहयोग किया। सहयोग व नमकहरामीपन की यह सूची काफी लंबी है और तुर्की का यही चरित्र आज भी बना हुआ है क्योंकि एहसानफरामोशी इस देश के जीन में है। यदि ऐसा नहीं होता तो हैंड इरसेल नाम




की एक टर्किश महिला सेलेब्रिटी भारत से भरपूर रकम कमाती है और भारत पाक यूद्ध के दौरान भारत विरोधी नारे लगाते नजर आने लगती है। इसे बसुधैव कुटुम्बकम के भारतीय संदर्भ में देखें तो हैरानी इस बात पर होती है कि जिसके लिए सबसे पहले मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का काम किया गया वह अपने पूर्वज मोहम्मद गोरी को छोड़ने को तैयार ही नहीं है। यदि ऐसा नहीं है तो फिर मुहम्मद गोरी की राह पर चलने वाला तुर्की कैसे महज दो साल के अंदर भारत के इस एहसान को भूलकर बैठ सकता है? बहरहाल आतंक के पोषक पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन करते हुए सैन्य सहायता के साथ पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर सामने आने वाले तुर्की के इस चरित्र के कारण भारत में उसके खिलाफ गुस्सा चरम पर है। यह गुस्सा उस तुर्की के खिलाफ है जो 1.32 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ विश्व की सत्रहवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसी तरह यह ओईसीडी और जी-20 का सदस्य होने के साथ साथ आधिकारिक विकास सहायता समूह का एक अहम सदस्य भी है। तुर्की को ऐसी मजबूती देने में भारत का योगदान 2.84 से लेकर 3.78 बिलियन डॉलर तक के आयात का रहा है। इनमें से भारत मुख्यतः खनिज ईंधन, ऑटो पार्ट्स, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और कपास का उसे निर्यात करता है और बदले में उससे खनिज तेल, सोना, संगमरमर, सेव, सब्जी, सीमेंट, रसायन आदि का आयात करता है। इसके अतिरिक्त पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग आदि के माध्यम से भी भारत के द्वारा तुर्की के अर्थतंत्र में बड़ा योगदान किया जाता रहा है। इन तथ्यों के अतिरिक्त मोहम्मद गोरी के इस वंशज के पास ऐसा वर्ल्ड क्लास ड्रोन है जिसने रुस युक्रेन युद्ध में रूस की सेना के छक्के छुड़ा कर रख दिया है परन्तु पाकिस्तान परस्ती के गुमान में इसे शायद पृथ्वीराज चौहान के विरासत संभाल रहे भारतभूमि के शौर्य का स्मरण नहीं रहा। यदि ऐसा कुछ होता तो आज न उसके ड्रोन "आकाश" के ग्रास बन पाते, न भारतीय व्यापारियों व ट्रैवल एजेंसियों के ट्रेड स्ट्राइक का मार झेलना पड़ता और न शैक्षणिक व बौद्धिक समझौते के स्थगन की बेबसी ही सामने होती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात




**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हवा, तेज, पानी, गगन, धरती, सब अध्याय।
संविधान है जिंदगी, यह संतों की राय।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आध्यात्मिकता से संबंध बनते हैं सर्वश्रेष्ठ

अगर आपका व्यवहार आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत है, तो आप अकेले रहे या आप अपने परिवार या मित्रों के साथ रहे, आप का सभी से संबंध सर्वश्रेष्ठ संबंध ही कहलायेगा। याद रखिये आप के द्वारा ही परिवार, परिवार के बाद समुदाय, कई समुदाय मिलकर एक राष्ट्र और कई राष्ट्र मिलकर संयुक्त राष्ट्र का रूप धारण कर लेते हैं। इसमें सभी का एक दूसरे से गहरा लगाव होता है। बिना गहरा लगाव के हम एक पल भी आगे बढ़ नहीं सकते। उक्त बातें योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी श्रेयानन्द ने योगदा भक्तों के बीच में कही। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि आजकल अब अच्छे मित्र नहीं मिलते। इसका मूल कारण लोगों में बढ़ती स्वार्थपरकता है। जिसके कारण अब मित्रता कही टिक नहीं पाती। उन्होंने कहा कि अच्छी मित्रता के लिए स्वार्थपरकता को त्यागने में ही हमारी भलाई है। स्वार्थपरकता की जगह विचारशीलता को स्थान दें। एक दूसरे से प्रेम करना सीखें। दूसरों के खुशियों में ही अपनी खुशियां देखने का भाव रखें। मेरा कोई दुश्मन नहीं, मैं सभी का मित्र हूं, मैं सभी के साथ खुश रह सकूं। इस प्रकार के भाव को अपने मन में स्थान दें। तो हम पायेंगे कि हमारा दूसरों के साथ आध्यात्मिक व्यवहार होता चला जायेगा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक संबंध या मित्रता परिमाणात्मक नहीं, बल्कि गुणात्मक है। हम अपने अंदर गुणात्मक सुधार लायें। केवल दूसरे से अच्छाई की अपेक्षा रखना और अपने में सुधार नहीं लाने की प्रवृत्ति ठीक नहीं होती। बहुत लोग ऐसे होते हैं, जिनके पास पावर और धन-संपदा प्रचुर मात्रा में होती हैं। जिनकी वजह से उनके पास मित्रों की संख्या भी अधिक होती हैं। लेकिन जैसे ही पावर और धन-संपदा का अभाव होता है। लोग उनसे दूरियां बना लेते हैं। ऐसे पावर और धन-संपदा से युक्त लोगों को पता भी नहीं होता कि सच्चा मित्र कैसा होता है? स्वामी श्रेयानन्द ने कहा कि एक अध्यात्मिक मित्र हमेशा स्वार्थपरकता की भावना से दूर होगा। वो हमेशा दूसरों को आदर करना चाहेगा। दूसरे की अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए उसकी दिल से प्रशंसा भी करेगा। ये तीन गुण बता देते है कि सामनेवाला व्यक्ति आध्यात्मिक मित्र है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उसका जीवन/व्यवहार छलप्रपंच रहित, निष्कपट व सत्य से युक्त होगा। वो अपने कार्यों को निष्ठापूर्वक करने की कोशिश करेगा। स्वामी श्रेयानन्द ने कहा कि गुरु जी हमेशा कहा करते थे कि हर व्यक्ति को किसी की भी आलोचना, निन्दा, बुराई आदि करने से बचना चाहिए, क्योंकि जो भी व्यक्ति ऐसा करता है, वो न तो खुद और न ही अपने परिवार या संस्थान का भला करनेवाला होता है। वो अपनी आलोचनाओं से ही अपने आध्यात्मिकता को नष्ट कर डालता है। इसलिए व्यक्ति को नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि न तो ये उसके लिए अच्छा है और न उनके मित्रों के लिए। उन्होंने कहा कि जब भी आपको कष्ट, अंधकार या नकारात्मक विचार मन में आये। तो उसके शमन करने का उपाय ढूंढे। शमन का सबसे बढ़िया उपाय है कि हमारे साथ गुरुजी हैं, तो फिर किस बात का भय। हम अपने अंदर नकारात्मक विचार क्यों लाए? जो होगा, सो अच्छा ही होगा। साथ ही अगर आपका कोई मित्र कोई अच्छा काम करता है या कोई उपलब्धि प्राप्त करता है, तो उसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा करना भी सीखिये, ये आदत आपकी लोकप्रियता और प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# हनुमान मंदिर में भक्तों की लंबी कतार 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंजा प्रयागराज

- उत्तर भारत में विशेष रूप से मनाया जाता है, खासकर प्रयागराज में
- ब्रह्म मुहूर्त से ही भारी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे


**प्रयागराज(आईएएनएस)**

ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। यह दिन भगवान हनुमान जी को समर्पित होता है और भक्त इस दिन विशेष पूजा-पाठ, व्रत और भक्ति करते हैं। खासकर उत्तर भारत में यह दिन बहुत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार के दिन प्रयागराज के प्रसिद्ध बंधवा हनुमान मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर कोई बजरंगबली के दर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय-जय हनुमान' के जयकारे गूंज रहे थे। भक्तों में तुलसी की माला, फूल, सिंदूर और लड्डुओं का भोग चढ़ाने के लिए होड़ लगी रही। मंदिर के अंदर और बाहर श्रद्धालु हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते नजर आए। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु इस दिन सच्चे मन से बजरंगबली की उपासना करता है और उपवास रखता है, उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।मंदिर में आए भक्त विवेक कुमार ने कहा, "आज के दिन का खास महत्व है। कहा जाता है कि आज के दिन यहां के दर्शन करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहां लेटे हुए हनुमान जी की मूर्ति है, जिसके दर्शन करने से उनकी कृपा हमारे ऊपर बरसती है। वहीं, भक्त शोभनाथ शर्मा ने कहा, "आज के दिन का विशेष महत्व होता है।

## ज्योति मल्होत्रा पर अब तक का सबसे बड़ा खुलासा!

# दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर की चैट किए डिलीट

फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया फोन-लैपटॉप



**नई दिल्ली। एजेंसी**

हरियाणा की रहने वाली यूट्यूबर और ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी जासूसी जांच में नए विवरण सामने आए हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मल्होत्रा ने पाकिस्तान उच्चायोग के पूर्व अधिकारी दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी चैट हिस्ट्री डिलीट कर दी है, जिससे महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने के प्रयास के बारे में गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं। दानिश नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कर्मचारी था। उसे जासूसी के आरोपों में अवांछित व्यक्ति घोषित किए जाने के बाद 13 मई को भारत से निष्कासित कर दिया गया था। दानिश ने पाकिस्तान उच्चायोग में अपनी बैठक के दौरान मल्होत्रा को कई पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मिलवाया था। पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस के बारे में चर्चा करते समय दानिश ने अपनी पत्नी को भी ज्योति से मिलवाया। सूत्रों के अनुसार, ज्योति मल्होत्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित चैट लॉग डिलीट कर दिए और अपने मोबाइल डिवाइस से अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य हटा दिए। उसने दानिश के साथ दो प्रमुख घटनाओं के दौरान ये चैट डिलीट कर दीः ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा और हिसार में उसके गृहनगर में हुई ब्लैकआउट। चैट में ज्योति ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विवरण साझा किया और दानिश को हिसार में ब्लैकआउट के समय के बारे में जानकारी दी, साथ ही ब्लैकआउट के दौरान प्रशासनिक गतिविधियों, जिसमें सायरन और अधिकारियों के आधिकारिक संदेश शामिल हैं, के बारे में भी बताया।सूत्रों ने कहा कि उसके डिवाइस की डिजिटल सफाई सबूतों को नष्ट करने और अधिकारियों को गुमराह करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास प्रतीत होता है। नतीजतन, मल्होत्रा के दो मोबाइल फोन और लैपटॉप को हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करने के लिए फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, मल्होत्रा की गिरफ्तारी से एक बड़े आईएसआई नेटवर्क से जुड़ी गहरी साजिश का पता चल रहा है।

## भारत में रहकर पाकिस्तानी आईएसआई के लिए काम कर रहे थे जासूस

1. **गजाला और यामीन मोहम्मद :** ज्योति मल्होत्रा के साथ, पुलिस ने 32 वर्षीय विधवा गजाला और पंजाब के मलेरकोटला से यामीन को गिरफ्तार किया।
2. **ज्योति मल्होत्रा :** हिसार की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को "एक संपत्ति के रूप में विकसित किया जा रहा था", पुलिस ने रविवार को कहा।
3. **देवेंदर सिंह :** पंजाब के पटियाला में खालसा कॉलेज के 25 वर्षीय राजनीति विज्ञान के छात्र देवेंदर सिंह को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के कैथल में गिरफ्तार किया गया।
4. **अरमान :** नूह का 26 वर्षीय व्यक्ति, जिसकी पहचान अरमान के रूप में हुई, एक और संदिग्ध जासूस था, भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों को साझा करने के आरोप में पकड़ा गया था।
5. **तारिफ :** तारीफ कथित जासूसी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया नूह का दूसरा व्यक्ति था। पूछताछ के दौरान तारिफ ने खुलासा किया कि वह पाकिस्तान दूतावास के दो व्यक्तियों के संपर्क में था।
6. **नौमान इलाही :** 15 मई को हरियाणा के पानीपत में एक और संदिग्ध जासूस, 24 वर्षीय व्यक्ति को आईएसआई से जुड़े एक पाकिस्तानी एजेंट को गिरफ्तार किया गया।
7. **मोहम्मद मुर्तजा अली :** पुलिस ने पंजाब के जालंधर में मोहम्मद मुर्तजा अली को आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।
8. **शहजाद :** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शहजाद नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर आईएसआई के लिए जासूसी करने में शामिल था।
9. **सुखप्रीत सिंह :** पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर में सुखप्रीत सिंह समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है, पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी लीक करने का आरोप है।
10. **करणबीर सिंह :** इसी ऑपरेशन में गुरदासपुर में पकड़े गए दो संदिग्धों में से एक करणबीर सिंह आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में था और उसने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भेजी थी।

## मुस्लिम युवती ने नाम बदलकर हिंदू युवक से की शादी, पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम महिला ने अपनी पहचान छुपाकर एक हिंदू युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाया और विवाह रचाया है। पीड़ित युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, वहीं महिला ने भी थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि शेखर सिलावट नामक युवक ने अशोका गार्डन थाने में सोमवार को एक आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि उस पर शादी का जबरदस्ती दबाव बनाया गया है।

# पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बटाला में आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बटाला पुलिस ने छह आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जो आईएसआई के निर्देश पर काम कर रहे थे। ये आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हुए थे और इनका मास्टरमाइंड मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान था। बटाला पुलिस ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। पुलिस के एक्स हैंडल के मुताबिक, गिरफ्तार आतंकियों की



पहचान जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ साजन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से एक 30 बोर पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि ये आतंकी बटाला में एक शराब की दुकान पर ग्रेनेड हमला करने की कोशिश कर चुके थे। गिरफ्तार आतंकियों को पुर्तगाल स्थित मनिंदर बिल्ला और बीकेआई मास्टरमाइंड मन्नू अगवान से सीधे निर्देश मिल रहे थे। मन्नू अगवान ने हाल ही में अमेरिका में हैप्पी पासियन की गिरफ्तारी के बाद ऑपरेशनल चार्ज संभाला था। गिरफ्तार आतंकियों में से एक जतिन कुमार पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसने पुलिस पर गोलियां चलाईं और जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# भारत-नेपाल सीमा से दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**किशनगंज (आईएएनएस)**



बिहार के किशनगंज जिले के सुखानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक महिला सहित दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। दोनों नेपाल जाने की फिराक में थे। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और सुखानी थाना को गुप्त सूचना मिली कि दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक, जिसमें एक महिला भी है, वे दोनों सीमा स्तंभ संख्या-119/01 होकर भारत से नेपाल जाने की कोशिश में हैं। बताया गया कि उक्त सूचना के आधार पर सुखानी थाना पुलिस एवं एसएसबी ने टीम बनाकर सीमा के समीप निगरानी बढ़ा दी। इसी क्रम में एक पुरुष एवं एक महिला को संदिग्ध अवस्था में कादोगांव की ओर से सीमा की तरफ जाते देखा गया। इसी क्रम में जब दोनों को पुलिस ने रुकने को कहा तो दोनों भागने लगे। इसके बाद पुलिस बल के सहयोग से दोनों को पकड़ा गया।

पुलिस के मुताबिक, दोनों ने पूछताछ में अपना नाम शफीकुल इस्लाम (32) और परी खातून (25) बताया। जब दोनों से भारत में रहने से संबंधित कोई वैध कागजात की मांग की गई, तो उन्होंने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए।

# आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

## नाना पटोले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा पत्र

# प्रोटोकॉल न मानने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र में मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई के दौरे को लेकर प्रोटोकॉल का पालन न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आगे लिखा, "न्यायमूर्ति भूषण गवई डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के अनुयायी हैं, इस कारण उनके साथ यह व्यवहार जानबूझकर किया गया ऐसा संदेह संपूर्ण महाराष्ट्र में व्यक्त किया जा रहा है।

संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के सम्मान के लिए एक निर्धारित प्रोटोकॉल होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रोटोकॉल की अवहेलना की है। पटोले ने अंत में विनम्र अपील की। कहा- यह अपमान केवल



भूषण गवई का नहीं, बल्कि महात्मा ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहू महाराज और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का भी है। इस अपमान के लिए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसी आपसे विनम्र प्रार्थना करता हूं। आपकी कार्रवाई से भविष्य में कोई भी सरकार और अधिकारी किसी संवैधानिक पद पर बैठे शख्स का अपमान करने का साहस नहीं करेंगे, ऐसी अपेक्षा करता हूं।

## राहुल के बयान पर भड़के मुख्तार, कहा

# लापता विमानों की बात करने वाले सेना पर सवाल उठा रहे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 'भारत के विमानों के लापता होने' को लेकर सवाल उठाया। एक्सपर्ट्स ने उनके प्रश्न पर हैरानी जताई तो भाजपा नेता उनकी समझ पर अफसोस कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मुख्तार अब्बास नकवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे अब हमारी सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सवाल उठा रहे हैं।

भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "कुछ लोग पाकिस्तान के पाखंडी प्रोपेगेंडा के प्रॉक्सी प्रमोटर्स



की भूमिका निभा रहे हैं, जो ठीक नहीं है। यह वही लोग हैं, जो कभी देश के संविधान पर, तो कभी संसद पर, तो कभी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करते हैं। अब वे सेना और हमारी सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। वे बुरी स्थिति में हैं। अब जो प्रतिनिधिमंडल विदेश जा रहा है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2025-26**
**Letter No:- 319Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of MarchwarSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Marchwar, Panchyat-Narhi, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,04,47,900=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,05,000=00only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025, Time - 4.00 PM<br>Last Date:- 18.06.2025, Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.2025, Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:- Estimated Cost may Decrease or Increase
➢Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢**Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

PR 352995 (Minor Irrigation)25-26*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**
**e-Procurement Tender Notice**

**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26**
**Letter No:- 318Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of AdhouraSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat-Kushdand, Block-Nagar Untari, Distirct-Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,53,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 02.06.2025 ,Time -04.00PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 1806.2025, Time:-04.00PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-02 .06.2025,Time -4.00 PM<br>LastDate:- 18.06.202 5,Time :-4 .00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.202 5,Time: -04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | ExecutiveEngineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr -jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:- Estimated Cost may Decrease or Increase
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 352992 Minor Irrigation (25-26)D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2025-26**

**भवन निर्माण मद**

1. कार्य का नाम :– (राशि रूपये में)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खरौंधी | ग्राम–करिवाडीह में पंचायत भवन, करिवाडीह का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 9 माह | ZP/GARHWA/01/2025-26/GR-01 |
| 2 | भवनाथपुर | ग्राम–पंडरिया में पंचायत भवन, पंडरिया का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 9 माह | ZP/GARHWA/01/2025-26/GR -02 |

| | |
|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–23.05.2025 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 23.05.2025 से दिनांक–31.05.2025 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय–02.06.2025 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 5 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8789191801 |
| 6 | ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। |
| 8 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। |
| 9 | निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। |
| 10 | भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। |
| 11 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। |
| | विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। |

PR 353069 (Urban Development)25-26*D

जिला अभियंता जिला परिषद्, गढ़वा

## तुर्किए, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से एक जगह होगी बैठक

# यूक्रेन और रूस के बीच होगी सीधी वार्ता

**वाशिंगटन/मॉस्को/कीव (हि.स.)**

### शांति वार्ता से पहले ट्रंप की वैश्विक नेताओं से चर्चा, वेटिकन बना संभावित मेजबान



ट्रंप ने पुतिन से बातचीत करने से पहले जेलेंस्की, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति, इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और फिनिश राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से बातचीत की। ट्रंप ने कहा कि वेटिकन भी वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है।जेलेंस्की ने सोमवार को ट्रंप से दो बार बात की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोमवार शाम प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अगले दौर की वार्ता के लिए स्थान तय c नहीं हुआ है। मगर यह वार्ता तुर्किये, स्विट्ज़रलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप का लक्ष्य इस संघर्ष को समाप्त होते देखना है।

वर्षों से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने के वैश्विक प्रयास कुछ हद तक कामयाब होते दिख रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कल चली दो घंटे की टेलीफोनिक बातचीत काफी हद तक सफल रही। पुतिन को ट्रंप काफी हद तक समझाने में सफल रहे। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की बातचीत शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद तक ट्रंप के संपर्क में रहे। जेलेंस्की का कहना है कि युद्ध विराम पर अगले दौर की वार्ता तुर्किये, स्विट्ज़रलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर हो सकती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति पुतिन कल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं। लेकिन उन्होंने व्यापक रियायतों की अपनी मांग दोहराई है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि दो घंटे तक चली कॉल बहुत अच्छी रही। अब रूस और यूक्रेन तुरंत युद्ध समाप्त करने की दिशा में बातचीत शुरू करेंगे। ट्रंप ने बताया कि पुतिन से वार्ता के बाद उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं से भी बात की है। हालांकि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दिन की शुरुआत में पुतिन की स्थिति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन के पास युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई रणनीति है। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के लिए सोची तट पर स्थित एक संगीत विद्यालय को चुना। ट्रंप ने अपने ओवल ऑफिस से बातचीत की। पुतिन ने अपनी टिप्पणियों में स्पष्ट किया कि वह हिंसा को समाप्त करने की अपनी अधिकतम मांगों से पीछे नहीं हट रहे हैं। पुतिन ने भी ट्रंप से हुई बातचीत को सार्थक बताया। ट्रंप ने कहा कि पुतिन शांति में रुचि रखते हैं।

ट्रंप ने पुतिन से बातचीत शुरू करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि उन्हें और पुतिन को संघर्ष के समाधान पर चर्चा करने के लिए जल्द ही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है। इससे पहले ट्रंप ने रविवार शाम यूरोपीय नेताओं से मॉस्को पर युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने के तरीकों के बारे में बात की थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि रूस यदि इसे गंभीरता से नहीं लेता तो नए प्रतिबंध लगाने चाहिए।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती

# जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता : सीजेआई

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। सीजेआई गवई व जस्टिस एजी मसीह की पीठ वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जो बीते माह कानून बन गया। इससे पहले कोर्ट ने तीन मुद्दे तय किए थे – उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद व राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र ने तब आश्वासन दिया था कि वह मामले का हल होने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगा। शीर्ष अदालत में जब सुनवाई शुरू हुई तो केन्द्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक हैं। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए।याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल व अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर आपत्ति जताई। सिंघवी ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। अब हम तीन मुद्दों तक सीमित रहने के लिए नहीं कह सकते। सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा कि बेंच ने पहले तीन मुद्दे उठाए थे स्टे के लिए। हमने इन तीनों पर जवाब दाखिल किया था, लेकिन अब लिखित दलीलों में और भी मुद्दे शामिल हो गए हैं। सिर्फ तीन मुद्दों तक सुनवाई सीमित हो। कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया, सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि शुरुआत में तीन बिंदु तय किए गए। हमने तीन पर जवाब दिए, लेकिन पक्षकारों ने इन तीन मुद्दों से भी अलग मुद्दों का जिक्र किया है।कोर्ट सिर्फ तीन हो मुद्दों पर फोकस रखे। कपिल सिब्बल ने विरोध करते हुए कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे। मंदिरों की तरह मस्जिदों में 2000-3000 करोड़ चंदे में नहीं आते। सिब्बल ने कहा कि पिछले अधिनियम में पंजीकरण की आवश्यकता थी और क्योंकि आपने पंजीकरण नहीं कराया- इसे वक्फ नहीं माना जाएगा।कई 100, 200 और 500 साल पहले बनाए गए थे। जब सीजेआई ने पूछा कि क्या पंजीकरण की आवश्यकता है? इस पर सिब्बल ने कहा कि यह था, लेकिन पंजीकरण न कराने पर कोई परिणाम नहीं था। सीजेआई ने कहा कि हम इसे रिकॉर्ड पर ले रहे हैं। 2013 के दौरान वक्फ बाय यूजर के लिए पंजीकरण आवश्यक नहीं था? क्या यह स्वीकार्य था? सिब्बल ने कहा कि हां, यह स्थापित प्रथा है। वक्फ बाय यूजर को पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है।कपिल सिब्बल ने कहा कि 1954 के बाद वक्फ कानून में जितने भी संशोधन हुए, उनमें वक्फ प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य था। कोर्ट ने पूछा- क्या वक्फ बाय यूजर में भी पंजीकरण अनिवार्य था। सिब्बल ने हां में जवाब दिया। अदालत ने कहा- तो आप कह रहे 1954 से पहले उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ का पंजीकरण आवश्यक नहीं था और 1954 के बाद यह आवश्यक हो गया। वक्फ बाय यूजर को लेकर सिब्बल ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा आता है लेकिन मस्जिदों में नहीं। यही वक्फ बाय यूजर है। बाबरी मस्जिद भी ऐसी ही थी। 1923 से लेकर 1954 तक अलग अलग प्रावधान हुए, लेकिन बुनियादी सिद्धांत यही रहे।कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ को दान दी गयी निजी संपत्तियों को केवल इसलिए छीना जा रहा है क्योंकि कोई विवाद है। इस कानून को वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए डिजाइन किया गया है। सिब्बल के तर्क पर अदालत ने कहा कि दरगाहों में तो चढ़ावा होता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि मैं मस्जिदों की बात कर रहा हूं। दरगाह अलग है।सिब्बल ने कहा कि एक बार वक्फ हो गया तो हमेशा के लिए हो गया। सरकार उसमें आर्थिक मदद नहीं दे सकती। मस्जिदों में चढ़ावा नहीं होता, वक्फ संस्थाएं दान से चलती हैं। सिब्बल ने कहा कि कलेक्टर जांच करेंगे। जांच की कोई समय सीमा नहीं है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी। सीजेआई ने पूछा कि क्या इससे धर्म का पालन करने पर रोक लग जाती है? इसके जवाब में सिब्बल ने कहा कि यह प्रावधान अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। संशोधन से वक्फ को सरकार ने अपने पास से लिया है। इसके बाद यदि कोई अनुसूचित जनजाति मुस्लिम है और वक्फ बनाना चाहता है, तो ऐसी संपत्ति वक्फ नहीं है और यह सीधे तौर पर अधिग्रहण है और अनुच्छेद 25 के तहत अधिकार छीन लिया जाता है।सिब्बल ने कहा कि मैं सरकार को क्यों दिखाऊं कि मैं एक मुसलमान हूं। इसका फैसला कौन करेगा और मैं 5 साल तक क्यों इंतजार करूं। यह अनुच्छेद 14, 25 और 26 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अब वक्फ बाय यूजर को हटा दिया गया है। इसे कभी नहीं हटाया जा सकता। यह ईश्वर को समर्पित है, यह कभी खत्म नहीं हो सकता। अब यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि केवल वही वक्फ बाय यूजर बचेगा जो रजिस्टर्ड है। कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि खजुराहो में एक मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, फिर भी लोग वहां जाकर पूजा-प्रार्थना कर सकते हैं। सिब्बल ने कहा कि नया कानून कहता है कि अगर कोई संपत्ति एएसआई संरक्षित है तो यह वक्फ नहीं हो सकती। सिब्बल ने कहा कि एक अन्य प्रावधान लाया गया है जिसमें वक्फ करने वाले का नाम और पता, वक्फ करने का तरीका और वक्फ की तारीख मांगी गई है, लोगों के पास यह कैसे होगा? 200 साल पहले बनाए गए वक्फ मौजूद हैं और अगर वे यह नहीं देते हैं तो मुतवल्ली को 6 महीने के लिए जेल जाना पड़ेगा।



● **वक्फ के सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे, मंदिरों की तरह मस्जिदों में 2000-3000 करोड़ चंदे में नहीं आते- कपिल सिब्बल**

## कोई रिसीव करने तक नहीं आया

# चीन में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम की जबरदस्त बेइज्जती!



**चीन।** चीन में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री की बेइज्जती हुई है। इशाक डार के लिए प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। डार को चीन का कोई मंत्री रिसीव करने नहीं आया। चीन के सरकारी ऑफीसर ने इशाक डार को रिसीव किया। आपको बता दें कि पाकिस्तान के डिप्टी प्राइममिनिस्टर इशाक डार चीन के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके देश के आतंकी शिविरों को निशाना बनाए जाने के बाद बीजिंग आने वाले पहले प्रमुख पाकिस्तानी अधिकारी हैं। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में 26 लोगों की जान जाने के जवाब में किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि चीन और पाकिस्तान सदाबहार रणनीतिक सहयोगी साझेदार हैं... डार की यह आगामी यात्रा पाकिस्तान सरकार द्वारा चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास को दी जाने वाली उच्च महत्ता को दर्शाती है।

## कोविड-19 की वापसी?

# सिंगापुर और हांगकांग में कोरोना के बढ़े मामले

**नई दिल्ली ।** मामलों में वृद्धि का कारण कमजोर होती प्रतिरक्षा और उभरते वायरस उत्परिवर्तन, विशेष रूप से जेएन.1 स्ट्रेन और उसके उप-वंश को माना जा रहा है। भारत में 12 मई से अब तक 164 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे देश में सक्रिय कोविड 19 मामलों की कुल संख्या 257 हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में वर्तमान में सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं। एशिया में एक बार फिर से कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। कोरोना वायरस की दस्तक फिर से हो गई है। सिंगापुर और हांगकांग में कोविड 19 के मामलों में इजाफा हुआ है। भारत में इससे लोगों में डर पैदा हो गया है। कोरोना वायरस ने वर्ष 2020-21 में पूरे भारत और दुनिया भर में तबाही मचाई थी। इसकी कई खौफनाक यादें लोगों के मन में है। वहीं अब भारत के केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मुंबई में भी केईएम अस्पताल में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है।

# पतन शुरू हो गया है, सोना, चांदी व बिटक्वाइन से खुद को बचाएं : रॉबर्ट कियोसाकी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रिच डैड पुअर डैड के बेस्टसेलिंग लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने दुनिया को संभावित वैश्विक वित्तीय संकट के बारे में कहा कि हर संकट इसलिए बड़ा हो जाता है क्योंकि उसकी मूल समस्याएं कभी हल नहीं होती हैं। कियोसाकी ने वित्तीय इतिहास के बड़े मौकों की ओर इशारा किया – 1998 में वॉल स्ट्रीट द्वारा हेज फंड एलटीसीएम का बेलआउट, 2008 में केंद्रीय बैंकों द्वारा वॉल स्ट्रीट का बेलआउट – और सवाल किया कि आगे क्या होगा। "2025 में, मेरे लंबे समय के मित्र जिम रिकार्ड्स पूछ रहे हैं: केंद्रीय बैंकों को कौन बचाने जा रहा है?" उन्होंने लिखा है। कियोसाकी के अनुसार, इन बढ़ती समस्याओं की शुरुआत 1971 में हुई, जब राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अमेरिकी डॉलर को गोल्ड स्टैंडर्ड से हटा दिया। उन्होंने रिकार्ड्स के विचार को दोहराया कि अगला संकट 1.6 ट्रिलियन डॉलर के स्टूडेंट लोन डेट मार्केट के पतन से शुरू हो सकता है। कियोसाकी ने अपनी पुरानी सलाह दोहराते हुए कहा कि पारंपरिक बचत अब सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि खुद को बचाने का सबसे अच्छा तरीका "नकली फिएट मनी को बचाना नहीं है।" उन्होंने लिखा, "जैसा कि मैंने 25 साल पहले कहा था, रिच डैड पुअर डैड में, अमीर पैसे के लिए काम नहीं करते हैं और बचत करने वाले हारे हुए होते हैं। सरकारी बचाव का इंतजार करने के बजाय, कियोसाकी ने लोगों को मामलों को अपने हाथों में लेने की सलाह दी।

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "आप असली सोना, चांदी और बिटकॉइन बचाकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित करें। कोई ईटीएफएस नहीं।" उन्होंने कड़ी चेतावनी के साथ अपनी बात खत्म करते हुए लिखा,"जिस क्रैश के बारे में मैंने 2012 में रिच डैड की भविष्यवाणी में चेतावनी दी थी, वह शुरू हो गई है कृपया ध्यान रखें। अपने आप को सुरक्षित रखें।



● **अगला संकट 1.6 ट्रिलियन डॉलर के स्टूडेंट लोन डेट मार्केट के पतन से शुरू हो सकता है**

## इज़राइल का बड़ा कदम

# नेतन्याहू के इस कदम से हमास को मिलेगा ऑक्सीजन



**इजरायल।** दो महीने तक खाने पानी के सामान की सप्लाई बंद रहने के बाद आखिरकार गाजा के लोगों के लिए एक राहत की खबर आई। इजरायल ने फिलहाल गाजा में खाद्य सामग्री यानी फूड सप्लाई की इजाजत दे दी है। 2 मार्च से इजरायल ने गाजा में खाने पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। इजरायल की तरफ से गाजा में लगातार हमले जारी हैं। दावा किया जा रहा है कि ये हमले हमास के ठिकानों पर किए जा रहे हैं। इजरायल की तरफ से ऐलान किया गया है कि तकरीबन दो महीने की नाकाबंदी के बाद वो गाजा में सीमित मात्रा में मानवीय सहायता की इजाजत देगा। खाद्य सुरक्षा को लेकर दुनियाभर के विशेषज्ञों की तरफ से अकाल की चेतावनी दिए जाने के बाद इजरायल ने ये फैसला लिया है।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी मामला

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एसआईटी का गठन

**भोपाल (आईएएनएस)**



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी मामले में एसआईटी गठित कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एमपी सीआईडी ने एसआईटी का गठन किया है, जिसमें आईजी प्रमोद शर्मा, डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती, डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह को शामिल किया गया है। सीआईडी ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। इस आदेश में कहा गया, "माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक डायरी नंबर- 27093/2025 (कुंवर विजय शाह विरुद्ध उच्च न्यायालय, म.प्र. एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 19.05.2025 के पालन में जिला इंदौर (ग्रामीण) के थाना मानपुर के अपराध क्रमांक 188/25 धारा 152, 196 (1) (बी), 197 (1) (सी) भारतीय न्याय संहिता 2023 की विवेचना हेतु निम्नानुसार विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाता है। प्रमोद वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन, सागर। कल्याण चक्रवर्ती, उप पुलिस महानिरीक्षक, विशेष सशस्त्र बल, पुलिस मुख्यालय, भोपाल। वाहिनी सिंह, पुलिस अधीक्षक, जिला डिण्डोरी। उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति संलग्न है। यह सुनिश्चित करें कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अक्षरशः समय-सीमा में पालन किया जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह के मामले में जांच करने के लिए एसआईटी गठन करने का आदेश दिया था। कुछ दिनों पहले मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर की विवादित टिप्पणी की थी।

## कहानी फिल्म जगत की

# स्वतंत्र फिल्मों को चाहिए सरकार और समाज का साथ

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि स्वतंत्र फिल्में और निर्देशक भारत को प्रसिद्धि दिलाते हैं लेकिन जब फिल्म महोत्सव से इनकी घर वापसी होती है तो यहां उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता है। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि स्वतंत्र फिल्में और निर्देशक भारत को प्रसिद्धि दिलाते हैं लेकिन जब फिल्म महोत्सव से इनकी घर वापसी होती है तो यहां उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता है। 'इंडी' फिल्म या स्वतंत्र फिल्म एक फीचर फिल्म या लघु फिल्म है जिसका निर्माण प्रमुख फिल्म स्टूडियो प्रणाली के बाहर किया जाता है और इनका वितरण स्वतंत्र मनोरंजन कंपनियों द्वारा किया जाता है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि अनुराग कश्यप, पायल कपाड़िया और नीरज घेवान की फिल्मों ने बॉलीवुड की बड़ी परियोजनाओं की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में जगह बनाने में अधिक योगदान दिया है। सिद्दीकी के अनुसार, स्वतंत्र फिल्म निर्माता भारत के गली-मोहल्लों और कोनों के पात्रों को चित्रित करते हैं और सिर्फ प्रवासी समुदाय तक सीमित नहीं रहते। सिद्दीकी ने साक्षात्कार में कहा, ''यदि ऐसी (स्वतंत्र) फिल्मों को समर्थन मिले तो बहुत कुछ हो सकता है।






## भाजपा ने लिया बहिष्कार का निर्णय, बाबूलाल ने कहा

# आदिवासी विरोधी सरकार की टीएसी बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं

**बोले नेता प्रतिपक्ष**

- पिछले पांच वर्षों से राज्य में आदिवासी समाज लगातार पीड़ित हो रहा है
- आदिवासी समाज की अस्मिता की रक्षा के लिए संकल्पित है भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार की ओर से आहूत ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बैठक में भाजपा सदस्यों के नहीं जाने की घोषणा की है। मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी है। पिछले पांच वर्षों से झारखंड में लगातार आदिवासी समाज पीड़ित हो रहा है। लिहाजा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली टीएसी की बैठक का भाजपा बहिष्कार करती है।

मरांडी ने कहा कि पिछले साढ़े पांच सालों के दौरान झारखंड में आदिवासी समाज के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों के हक और अधिकार का अतिक्रमण कर रहे हैं, खनन माफिया जल, जंगल और जमीन का दोहन कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने कभी इसका संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा कि हालात तो इतने बदतर हो चुके हैं कि आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजा दिया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब सरकार ही आदिवासियों के उत्पीड़न को प्रोत्साहित और पुरस्कृत कर रही है, तो ऐसी स्थिति में टीएसी की बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा, आदिवासी समाज की अस्मिता और उनके अस्तित्व की रक्षा के लिए संकल्पित है। सड़क से लेकर सदन तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## शराब घोटाले में सीबीआई जांच से बचने के लिए एसीबी की कार्रवाई : बाबूलाल

- बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राज्य सरकार को पत्र लिखकर किया था आगाह
- एसीबी की कार्रवाई पर नहीं है भरोसा, सरकार सीबीआइ जांच की करे अनुशंसा



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते रहे हैं कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है। सरकार को हमने यह घोटाला जो आज सामने आ रहा है, के बारे में 19 अप्रैल 2022 को ही पत्र लिखकर घोटाले से पहले ही बता दिया था कि क्या होने वाला है। हम ने तो छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के पहले ही बता दिया था कि छत्तीसगढ़ के माफियाओं के साथ मिलकर किन-किन लोगों को काम में लिया जाएगा। मरांडी ने कहा, लेकिन सरकार ने मेरी बातों को न सिर्फ बिल्कुल अनसुना कर दिया, बल्कि मजे से घोटाला किया और घोटाला होने दिया। कहा कि आज उसी मामले में छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है। मामला ईडी और सीबीआई तक पहुंच गया है। तो यहां एसीबी जो जांच कर रही है, उस जांच और कार्रवाई पर कोई भरोसा कैसे करेगा? लगता है कि छत्तीसगढ़ में जारी सीबीआई जांच के भय से अब बड़ी मछलियों को बचाने के लिए कुछ लोगों को बली का बकरा बनाया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा, मुख्यमंत्री जी, अगर आप सच में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं और आपमें हिम्मत है, तो इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दें।

**गुजर गए महीने, किसानों को नहीं मिली फसल की कीमत : मरांडी**

मरांडी ने कहा है कि झारखंड के हजारों किसान अब भी अपने धान की कीमत का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी किसानों को उनके फसल की कीमत नहीं मिली है। चुनाव से पहले सरकार ने प्रति क्विंटल 3100 में धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन अब वह भी जुमला साबित हुआ है। हेमंत सरकार ने अन्नदाताओं के साथ धोखा किया है। मरांडी ने कहा कि भुगतान में विलंब के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। सीएम से कहा कि जब आप बांग्लादेशी घुसपैठियों को मंईयां योजना की राशि देने के लिए संसाधन जुटा सकते हैं, तो फिर अपने ही राज्य के किसानों के भुगतान में क्या बाधा है?

## दिल्ली में झारखंड के चुनाव अधिकारियों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



- दूसरे दिन प्रतिभागियों को दिल्ली भ्रमण एवं लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस कराया गया

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में झारखंड के चुनाव अधिकारियों के लिए आयोजित दो-दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागियों को दिल्ली भ्रमण एवं लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस कराया गया। 19 एवं 20 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन से जुड़े अन्य झारखंड के 402 विभिन्न स्टेकहोल्डर ने भाग लिया। ज्ञात हो कि इस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षक, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) एवं बूथ जागरूकता समूह/ बूथ स्तरीय स्वयंसेवक (बीएलवी) भाग ले रहे हैं।

दिल्ली भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, संसद भवन आदि प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। वहीं, प्रशिक्षण संस्थान में लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस भी कराए गए। इसमें सभी प्रतिभागियों को ईवीएम पर वोटिंग, लाइन मैनेजमेंट आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के क्रम में बूथ लेवल अधिकारियों, वालेंटियर, बैग मेंबर्स सहित सभी प्रतिभागी उत्साहित दिखे।

## बड़ी मछली को बचाने अफसर बने बलि का बकरा : आजसू पार्टी

**रांची।** आजसू पार्टी ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह की झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि विनय चौबे तथा गजेंद्र सिंह को 'बलि का बकरा' बनाया गया है, ताकि शराब घोटाले के समंदर की 'बड़ी मछली' को बचाया जा सके। आजसू पार्टी ने मांग की है कि शराब घोटाले की सीबीआई जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि 2019 से 2022 के बीच अवैध शराब कारोबार और नीतिगत बदलावों के जरिए सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया गया था। छत्तीसगढ़ और झारखंड में एक संगठित सिंडिकेट के साथ मिलकर शराब नीति में बदलाव कर अवैध शराब कारोबार को बढ़ावा दिया गया। आजसू नेताओं ने सवाल किया है कि क्या इस घोटाले के राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का संरक्षण हासिल नहीं था?

## संजय सेठ ने लिमा में किया भारत मंडप का उद्घाटन

**मलेशिया के लांगकावी में हो रहा है एलआईएमए 25 का आयोजन**

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को मलेशिया के लांगकावी में 20 से 24 मई, 2025 तक आयोजित लांगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (एलआईएमए 25) में भारत मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप भारत की मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित होती स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं को दर्शाता है। इस मंडप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), बीईएमएल, आईओएल, जीआईएल, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और एमआईएल सहित प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के साथ-साथ कई प्रमुख निजी रक्षा कंपनियों ने भाग लिया है।

उद्घाटन समारोह में मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी तथा एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ डीके सुनील, एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया, एवीएसएम, वीएम सहित कई गण्यमान्य अतिथि और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लिमा 2025 में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बन चुका है। यह उपलब्धि भारत सरकार की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) को लेकर की जा रही प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हो रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंडपों का दौरा किया और विश्वभर की निजी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इन बातचीतों से भारत की रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने, रक्षा निर्यात को प्रोत्साहित करने और रक्षा प्रौद्योगिकी में नवाचार तथा सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## सरना धर्म कोड पर कांग्रेस-झामुमो बहा रहे घड़ियाली आंसू : प्रतुल

- कहा, कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए सरकार ने 2014 में सरना कोड को रिजेक्ट किया था

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) घड़ियाली आंसू बहाकर आंदोलन का नाटक कर रही है। प्रतुल ने कहा, कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए की सरकार में तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को पत्रांक संख्या 16012 /19/2013 /(पीसी एंड वी) के जरिए सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुए इसे खारिज कर दिया था। आदिवासी कल्याण मंत्री किशोर चंद्र देव ने यह भी कहा था की ऐसी मांग को मानने से दूसरे धर्म से भी सैकड़ों मांग आ सकती हैं। इसीलिए इस मांग का विरोध है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा तो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से एक्सपोज हो गई। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जब वह केंद्र में सत्ता में थी, तो इन्होंने इसे खारिज किया था। आज केंद्र में सत्ता से बाहर है, तो इस पर आंदोलन करने की बात कर रहे हैं। जनता इनकी सारी चालबाजियों को समझती है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। वर्ष 2014 के अपने सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करने वाले कुकृत्य को भूलकर फिर से एक बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम इन दोनों दलों को सरना आदिवासी समाज से अपने 2014 के कुकृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने चाहिए। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस 50 वर्षों से ज्यादा समय तक देश में शासन की। झामुमो भी लंबे समय तक इनकी पिछलग्गू बनी रही। परंतु, उन्होंने आदिवासी के हितों में कोई कार्य नहीं किया। उलटे ही आदिवासी कल्याण मंत्री ने आधिकारिक रूप से सरना धर्म कोड को लिखित रूप से खारिज भी किया। अब झामुमो और कांग्रेस किस मुंह से आंदोलन की बात कर रहे है, ये समझ से परे है। प्रेस वार्ता में रांची महानगर के मंत्री अजीत भगत, एसटी मोर्चा के महानगर महामंत्री अशोक मुंडा एवं महिला मोर्चा की मीडिया सह प्रभारी सोनी हेंब्रम भी उपस्थित थीं।

**सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता का सवाल**

## भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर झामुमो पर लगाए गए आरोपों को लेकर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुद्दे को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का सवाल है, जिसे लेकर झामुमो गंभीर रहा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया और उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने न तो 2014 से पहले और न ही बाद में कभी ईमानदारी से सरना धर्म कोड के समर्थन में कोई पहल की। उल्टे उनकी सरकारों ने वनाधिकार कानून और स्थानीय नीति जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर आदिवासियों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग कोई नयी नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी सामाजिक मांग है, जिसे भाजपा अब राजनीति का मुद्दा बना रही है। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार ने इतने वर्षों में इस कोड को लागू क्यों नहीं किया। केंद्र में 10 साल से ज्यादा समय तक सत्ता में रहते हुए भी भाजपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी है। भाजपा के बयान को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि जो पार्टी आदिवासियों की ज़मीन छीनने के लिए कॉर्पोरेटों को सौंपना चाहती है, वह आज घड़ियाली आंसू बहा रही है।

झामुमो महासचिव ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सरना धर्म कोड को लेकर गंभीर है और इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बना रही है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि क्या वह संसद में इस कोड के समर्थन में प्रस्ताव लाएगी या फिर सिर्फ जनभावनाओं को भड़काने का काम करेगी। जनता अब भाजपा की चालों को समझ चुकी है और आगामी चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

### अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी भाजपा करेगी सभी जिलों में गोष्ठी : विकास प्रीतम

**रांची।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती को भाजपा पूरे धूमधाम से मनाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने दी। उन्होंने कहा कि 21 से 31 मई तक सभी जिलों में गोष्ठी के अलावा अन्य कार्यक्रम जैसे शोभा यात्रा,संध्या आरती, चित्रांकन और क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 मई को प्रदेश के तीन जिला ...रांची ग्रामीण, जमशेदपुर ,और गिरिडीह में गोष्ठी आयोजित है। जमशेदपुर की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्णिमा दास, रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विकास प्रीतम और गिरिडीह की गोष्ठी को सांसद मनीष जायसवाल और नीरा यादव संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य जिलों के कार्यक्रम में डॉ रविंद्र कुमार राय, संजय सेठ, विधायक गण भी शामिल होंगे।

## भाजपा ने टीएसी बैठक में बहिष्कार का लिया निर्णय : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची / पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने आदिवासी परामर्शदातृ समिति (टीएसी) की आगामी बैठक को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि भाजपा ने टीएसी की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। चंपई सोरेन ने कहा कि टीएसी का गठन राज्यपाल के संरक्षण में करने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस लोकतांत्रिक परंपरा को तोड़कर एक अनुचित मिसाल पेश की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह संस्था आदिवासियों के हित में काम करने के लिए बनी है, तो फिर इसकी बैठकों के कोई ठोस परिणाम क्यों नहीं दिखते? पूर्व मुख्यमंत्री ने समिति की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि टीएसी में सरकार का बहुमत होते हुए भी पिछले कई वर्षों से पंचायतों (पेश) और अन्य आदिवासी मामलों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने इसे सरकार के "ढुलमुल रवैये" का परिणाम बताया। चंपई सोरेन ने यह भी बताया कि मंगलवार को होने वाली टीएसी बैठक में आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें और बार खोलने का लाइसेंस देने का प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उनके सामाजिक जीवन की शुरुआत नशा विरोधी आंदोलन से हुई थी, और वे ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं हो सकते जहां झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने वाले फैसले लिए जा रहे हों।

### आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की आदत : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से बुलाई गई टाईबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बैठक का भाजपा की ओर से बहिष्कार करना यह बताता है कि संविधान परंपरा और आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की पुरानी आदत है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो भाजपा पत्थलगड़ी आंदोलन के दौरान निर्दोष आदिवासियों पर देशद्रोह का मुकदमा करती है। वही भाजपा सरकार पर आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाकर टीएसी का बैठक का बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में लैंडबैंक के नाम पर आदिवासियों की जमीन कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की साजिश रचनेवाली भाजपा ने सीएनटी और एसपीटी एक्ट में भी संशोधन करने का प्रस्ताव लाई थी।

# मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

- रांची के शौर्य सभागार में गृह सचिव ने किया उद्घाटन
- प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई तक आयोजित किया जाएगा

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्य सरकार राज्य में निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर गंभीर है । इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निदेश दिए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने और जागरूकता प्रसारित करने के निमित मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई से 23 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन गृह, आपदा एवं प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने किया। मंगलवार को दक्षिणी छोटानगपुर के मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन को विभिन्न विभागों / कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए प्रमंडलवार एक-एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 मई से 23 मई 2025 आयोजित किया जा रहा है। इसमें 20 मई को दक्षिणी छोटानागपुर, 21 मई को उत्तरी छोटानागपुर, 22 मई को संथाल परगना और 23 मई को कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन ड्रग और मादक पदार्थ के सेवन से लोगों को कैसे रोका जाय, संभावित उपचार क्या हैं, मादक द्रव्यों के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी प्रभाव और कानून संबंधी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

## पेज एक के शेष

### शिक्षा की गुणवत्ता...

आज यह विश्वविद्यालय पूरे राज्य की शोभा बढ़ा रहा है। यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का काम यह विश्वविद्यालय बखूबी निभा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलन की उपज है। इसी वजह से यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। इस राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में अपने शहीदों और आंदोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा हम निभाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। धनबाद का बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय भी इसी का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई शहर-गांव, टोला- मोहल्ला और गली शहीदों के नाम से जाने जाते हैं। यहां के चौक-चौराहों पर हमारे शहीदों, आंदोलनकारियों की लगी प्रतिमा यह बताने के लिए काफी है कि इस राज्य के निर्माण में उनका कितना अहम योगदान रहा है। हम अपने शहीदों एवं आंदोलनकारियों के सम्मान की खातिर उनके कार्यों को स्थापित करने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक अरूप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक उमाकांत रजक, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक शत्रुघ्नमहतो, विधायक जयराम महतो, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी समेत कई अन्य गण्यमान्य लोगों सहित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरके सिंह और जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### झारखंड की सामाजिक...

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नवाचार और शोध पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसी शोध परियोजनाएं प्रोत्साहित करनी चाहिए, जो सामाजिक सरोकार से जुड़ी हों और देश की प्रगति में सहायक बनें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए कि यह अन्य राज्य के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनें। उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे प्रभावी प्लेसमेंट सेल बनाएं, उद्योगों से साझेदारी बढ़ाएँ और ऐसे प्रेरक वातावरण का निर्माण करें जिसमें गुरु-शिष्य संबंध और प्रगाढ़ हो तथा नवाचार को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और चरित्र निर्माण का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, छात्रों और राज्य सरकार से आह्वान किया कि वे मिलकर झारखंड को एक सशक्त व आदर्श एजुकेशन हब में स्थापित करें।

### सामने से टकराईं दो...

बताया गया कि दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे गंभीर चोट लगने पर एक की जान चली गई। यदि हेलमेट पहना होता, तो जान बच सकती थी। घटना की सूचना मिलने पर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विनय चौबे और गजेंद्र...

पूर्व में ईडी ने पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब सभी अधिकारियों के आईफोन सहित अन्य दस्तावेजों को भी ईडी ने जब्त किया था। झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह सहित अन्य के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही ईडी ने गत वर्ष अपने यहां ईसीआईआर दर्ज किया था। उक्त केस रांची के अरगोड़ा निवासी विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। उनका आरोप था कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर और उनके सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर साजिश पूर्वक झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया। झारखंड में देसी और विदेशी शराब का ठेका सिंडिकेट के लोगों को दिलवाकर धोखाधड़ी की और झारखंड सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इस सिंडिकेट में झारखंड में बेहिसाब नकली होलोग्राम लगी देसी शराब की बिक्री कर तथा विदेशी शराब की सप्लाई का काम दिलवाकर उन कंपनियों से करोड़ों रुपये का कमीशन लिया। इन्हीं आरोपों के आधार पर एसीबी झारखंड ने भी समानांतर जांच शुरू की थी।

**विनय चौबे ने पद का दुरुपयोग कर 38 करोड़ का पहुंचाया नुकसान :** एसीबी : रांची। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाले के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी (9/25) में अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग कर सरकार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया है।

प्राथमिकी में कहा गया है कि इन अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्लेसमेंट एजेंसियों के चयन में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। आपराधिक साजिश रच कर व जालसाजी कर प्लेसमेंट एजेंसी को अनैतिक लाभ पहुंचाया, जिससे सरकार को लगभग 38 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। एसीबी के अनुसार, जांच के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अनुमति मिलने के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471, 409, 407, 109, (बीएनएस की धारा 61(2), 318, 336, 340, 316, 45) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7(सी)/12, 13 (2) सह पठित धारा 13(1)(ए) के तहत आरोपी बनाया गया है।

## आईपीएल फाइनल अब अहमदाबाद में, प्लेऑफ वेन्यू में बदलाव

**आईपीएल 2025 प्लेऑफ का शेड्यूल**

**क्वालफायर 1 :** 29 मई, मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़
**एलिमिनेटर :** 30 मई, मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़
**क्वालफायर 2 :** 1 जून, अहमदाबाद
**फाइनल:** 3 जून, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

**मुंबई । एजेंसी**

इंडयिन प्रीमयिर लीग 2025 के फाइनल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। IPL फाइनल अब ताजा शेड्यूल के मुताबकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 3 जून को होगा। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कई बैठकों के दौरान यह निर्णय लिया गया। यह भी समझा जाता है कि अहमदबाद 1 जून को क्वालफायर 2 की भी मेजबानी करेगा। हालांकि, प्लेऑफ के पहले दो मैच यानी क्वालफायर 1 और एलिमिनेटर - क्रमशः 29 मई और 30 मई को मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़ में खेले जा सकते हैं। इन स्थानों को चुनने में बीसीसीआई के लिए प्राथमिक विचार मौसम की स्थिति थी, क्योंकि देश में धीरे-धीरे बारिश का मौसम शुरू हो रहा है। पहले के शेड्यूल के मुताबकि आईपीएल 2025 का फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। ध्यान रहे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनानती के कारण बाद बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 1 हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया था।



**धोनी के टी20 में 350 छक्के पूरे**

# चेन्नई ने राजस्थान को दिया 188 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 62वां मुकाबला आज चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में टॉस जीतकर राजस्थान ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाला मुकाबला भले ही प्लेऑफ की दौड़ में कोई मायने न रखता हो, लेकिन दोनों टीमें इस मैच को अपनी तैयारी के लिहाज से काफी अहम मानेंगी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान के सामने 188 रनों का लक्ष्य रखा है।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दूसरे ही ओवर में कॉन्वे को युद्धवीर ने अपना शिकार बनाया. इसके बाद इसी ओवर में उन्होंने उर्विल पटेल को भी अपना शिकार बना लिया. लेकिन इसके बाद आयुष म्हात्रे ने खतरनाक अंदाज में बैटिंग की. म्हात्रे ने 20 गेंद में 43 रनों की पारी खेली. लेकिन छठे ओवर में उनका विकेट गिर गया. इसके बाद अगले ही ओवर में अश्विन भी चलते बने. अश्विन ने 13 रन बनाए. इसके बाद रविंद्र जडेजा से बड़ी पारी की उम्मीद थी. लेकिन जडेजा भी युद्धवीर का शिकार हो गए. जडेजा ने केवल एक रन बनाए. इसके बाद ब्रेविस और शिवम दुबे ने पारी को संभालने की कोशिश की. 10 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 103-5 था. दोनों के बीच 59 रनों की साझेदारी 14वें ओवर में टूटी जब ब्रेविस 42 रन बनाकर मधवाल का शिकार बने. इसके बाद धोनी और शिवम दुबे में अच्छी साझेदारी हुई. इसी बीच धोनी ने 350 टी20 छक्के भी पूरे किए. दुबे का विकेट 20वें ओवर में गिरा. दुबे ने 39 रन बनाए. जबकि धोनी ने 16 रनों की पारी खेली लेकिन वो भी आखिरी ओवर में आउट हो गए. इसकी बदौलत चेन्नई ने राजस्थान के सामने 188 रनों का लक्ष्य दिया है। ये मैच राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल 2025 का आखिरी मुकाबला होगा. इस सीजन में रॉयल्स के पास जश्न मनाने जैसा कुछ नहीं रहा, सिवाय इसके कि उन्होंने वैभव सूर्यवंशी जैसे असाधारण युवा खिलाड़ी को खोजा, जिसने अपने चौंकाने वाले प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा।

टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या रही नीलामी में खराब गेंदबाज़ों का चयन और मिडिल ऑर्डर का निराशाजनक प्रदर्शन. पॉइंट्स टेबल में 10 में से 9वें स्थान पर रहना बताता है कि उनका गेंदबाज़ी प्रदर्शन औसत से भी नीचे रहा और बल्लेबाज़ी में वे शीर्ष क्रम पर ही निर्भर रहे। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह सीजन काफी चुनौतीपूर्ण रहा है. अनुभवी खिलाड़ियों पर अधिक भरोसा अब पुरानी रणनीति बन चुकी है, और यह टीम के प्रदर्शन को नुकसान पहुंचा रही है।



- कॉन्वे और उर्विल पटेल दूसरे ओवर में युद्धवीर के शिकार
- राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर रहे

## टेस्ट क्रिकेट के लिए विराट-रोहित की जरूरतः योगराज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, को देश के लाल गेंद वाले क्रिकेट को बचाने के लिए अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी, जहां भारत को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। 67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि कोहली के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी और साल हैं। योगराज ने मंगलवार को 'आईएएनएस' से कहा, "रोहित शर्मा और विराट कोहली को भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए। यह समय अपने बारे में सोचने का नहीं है। यह समय देश, प्रशंसकों और खेल के प्रति लोगों की गहरी भावनाओं के बारे में है। विराट में अभी कम से कम दस साल का क्रिकेट बाकी है।



### 5 मिनट में दूर हो सकती हैं ऋषभ पंत की बल्लेबाजी की खामियां : योगराज

ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन के बाद, मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाने के कारण, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच योगराज सिंह ने उनकी तकनीक में कुछ खामियां देखी हैं। योगराज ने कहा कि इन खामियों को दूर करने में केवल पांच मिनट लगेंगे और इससे लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान फिर से लय में आ जाएंगे और फिर से बड़े स्कोर बना पाएंगे। 67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि थोड़े से सुधार के साथ, पंत 'कुछ ही समय में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ जाएंगे'। योगराज सिंह ने मंगलवार को 'आईएएनएस' को दिए साक्षात्कार में कहा, "ऋषभ पंत की समस्या को केवल पांच मिनट में ठीक किया जा सकता है। उनका सिर स्थिर नहीं है और उनका बायां कंधा बहुत अधिक खुल रहा है। थोड़े से ध्यान केंद्रित सुधार के साथ, वह कुछ ही समय में अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में वापस आ जाएंगे।

## कोहली, पांडे, अग्रवाल भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से हैं : आरसीबी के फील्डिंग कोच

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, और उनके फील्डिंग कोच रिचर्ड हेल्सॉल का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में जीत और हार के बीच का अंतर फील्डिंग है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। आरसीबी कैंप में 'स्टिक' के नाम से मशहूर हेल्सॉल ने कहा, "फील्डिंग खेल का वह क्षेत्र है जिसके बारे में शायद सबसे कम बात की जाती है। लेकिन अब टी20 क्रिकेट में छिपने की बहुत कम जगहें हैं।

आप उस डर या घबराहट के पल को कम करने की कोशिश कर रहे हैं जब गेंद आपकी ओर आ रही हो और अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हों। यह क्षमता केवल केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से आती है।

जिन बेहतरीन फील्डर्स के साथ उन्होंने काम किया है, उनमें हेल्सॉल ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और पॉल कोलिंगवुड का नाम लिया है, और भारत से विराट कोहली, मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों का नाम लिया है।




- हर खिलाड़ी की अपनी अलग-अलग ताकत होती है।
- **लेकिन उनकी फील्डिंग सबसे ज्यादा आनंददायक होती है।**
- यही चीज मैं चाहता हूं - ऊर्जा, उत्साह और फुर्ती मैदान पर।

## हर्षल पटेल ने आईपीएल में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया

**मलिंगा और बुमराह को छोड़ा पीछे**

**लखनऊ । एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सोमवार को एकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एकमात्र विकेट लेकर 150 आईपीएल विकेट पूरे किए। हैदराबाद के ज्यादातर गेंदबाजों की तरह हर्षल भी महंगे साबित हुए। फिर भी वह कैश-रिच लीग के इतिहास में सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे। हर्षल को खेल का अपना एकमात्र विकेट लेने के लिए 16वें ओवर तक इंतजार करना पड़ा। चौथी गेंद पर उन्होंने गति से रहित एक निर्दोष यॉर्कर को अंजाम देकर एडेन मार्करम को बोल्ड किया और 61 (38) के स्कोर पर क्रीज पर उनकी शानदार बल्लेबाजी का अंत किया।



## एमआई ने अस्थायी विकल्प के रूप में बेयरस्टो ग्लीसन और असलंका को किया साइन

**मुंबई (आईएएनएस)**

मुंबई इंडियंस (एमआई) ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी विकल्प के तौर पर अपनी टीम से जोड़ा है। आईपीएल के एक बयान के अनुसार, बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये में साइन किया गया है, वहीं तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में टीम से जोड़ा गया है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार अगर मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करती है तो ये रिप्लेसमेंट खिलाड़ी वहीं से टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। इस समय एमआई और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) प्लेऑफ की आखिरी जगह के लिए मुकाबला कर रहे हैं और दोनों के बीच बुधवार को अहम भिड़ंत होगी। यह मैच आईपीएल के 17 मई को फिर से शुरू होने के बाद एमआई का पहला मुकाबला होगा, जो भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते स्थगित हुआ था।



### आईपीएल के अधिकारिक बयान के अनुसार...

- बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये में साइन किया गया है।
- **तेज गेंदबाज ग्लीसन को 1 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है।**
- श्रीलंकाई बल्लेबाज़ असलंका को 75 लाख रुपये में साइन किया गया है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# सीसीआई की स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा, "इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ, पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके। उन्होंने कहा, "इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है।"



> *इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।"*

वित्त मंत्री ने कहा, "भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैं: पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना।

आज की परस्पर जुड़ी हुई और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में, विनियामक मंजूरी में देरी से अनिश्चितता पैदा हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के इच्छित मूल्य में कमी आ सकती है। वित्त मंत्री सीतारमण ने जोर देते हुए कहा, "यह आवश्यक है कि रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, कठोर निगरानी बनाए रखते हुए, ऐसे संयोजनों के लिए तेज और निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी प्रदान करें, जो प्रतिस्पर्धा को कोई नुकसान न पहुंचाएं। पारंपरिक चुनौतियों के अलावा, हाल के वर्षों में नई चुनौतियों का उदय हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकें बाजार की शक्ति, पारदर्शिता, डेटा एक्सेस, एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों और प्रतिस्पर्धी नुकसान के दायरे को लेकर सवाल उठाती हैं।

वित्त मंत्री ने कहा, "इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

## फिनटेक फर्म मोबिक्विक का नुकसान चौथी तिमाही में बढ़कर 56 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** फिनटेक कंपनी मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 56.03 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड घाटा दर्ज किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी को महज 67 लाख रुपए का मामूली नुकसान हुआ था। वित्त वर्ष 25 की दिसंबर तिमाही में कंपनी को 55.2 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 25 में कंपनी को 121.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इससे पहले मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 24 में 14 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। मोबिक्विक की ऑपरेशंस से आय चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 1.43 प्रतिशत बढ़कर 267.78 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 264.98 करोड़ रुपए थी। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में आय में 0.6 प्रतिशत की कमी आई है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 872 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,186.44 और निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,683.90 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 922 अंक या 1.62 प्रतिशत गिरकर 56,182.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 166.65 अंक या 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,483 पर था। शेयर बाजार के गिरने की वजह कमजोर वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार के फ्यूचर्स के साथ ज्यादातर एशियाई बाजार लाल निशान में थे। सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी और फार्मा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), मारुति सुजुकी, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टेक महिंद्रा और टाइटन टॉप लूजर्स थे। बीएसई बेंचमार्क में केवल टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। बाजार में गिरावट की एक और वजह जापान सरकार के बॉन्ड यील्ड में तेजी आना है।



## भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। हालिया भारत-पाक संघर्ष में दोनों ही देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया, जिसके चलते भारतीयों की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया दी जा रही है। वीजा प्रॉसेसिंग प्लेटफॉर्म एटलिस से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, केवल 36 घंटों के भीतर, वीजा आवेदन प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ने वाले यूजर्स की संख्या में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एटलिस के संस्थापक और सीईओ मोहक नाहटा ने कहा, "प्रतिक्रिया तीव्र और व्यवहारिक थी। लोगों को कुछ गंतव्यों से बचने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं थी। वे सहज ज्ञान, जानकारी और विकल्पों तक पहुंच के आधार पर आगे बढ़े।




## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चर्चा सफल रही : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ उनकी बातचीत सफल रही। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बातचीत अच्छी रही। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। विकास और जनसांख्यिकी के आउटलुक को देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने आकर्षक अवसर पेश करता है।



## 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की होगी भारत की डिजिटल इकोनॉमीः डीआईपीए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) ने मंगलवार को कहा कि अर्बन वायरलेस टेलीडेंसिटी पहले से ही 131.45 प्रतिशत है और जीडीपी में टेलीकम्युनिकेशन 6.5 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहा है। इसी के साथ, भारत एक ऐसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां कनेक्टिविटी अपनी पारंपरिक सीमाओं को पार कर गई है। 'डिजिटल इकोनॉमी' के 2025 के अंत तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। डीआईपीए के महानिदेशक मनोज कुमार सिंह ने कहा, "हम परिवेशी बुद्धिमत्ता (एंबिएंट इंटेलिजेंस) के जन्म के साक्षी हैं, जहां कनेक्टिविटी दैनिक जीवन के हर पहलू को सशक्त बनाने वाली अदृश्य शक्ति बन गई है। भारत का टेलीकम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर अब केवल लोगों को जोड़ने के लिए नहीं बल्कि, समाज के अलग-अलग पहलुओं को आपस में जोड़ने और संचालित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

